राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 बोपन्ना-इबडेन की जोड़ी...

छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़... 12

वर्ष : 11 | अंक : 249 | पटना, रविवार, 21 जनवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 14°C

न्यूनतम तापमान 09°C

बाजार

सोना 64,225

चांदी 78,700

सेंसेक्स 71,683

निफ्टी 21,622

संक्षिप्त खबरें

एमएलसी नीरज कुमार की माता के श्राद्ध कर्म में शामिल हुये सीएम

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को पूर्व मंत्री एवं विधान पार्षद तथा जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार के पटना जिले के मोकामा के मोलदियार टोला स्थित आवास पर जाकर उनकी माता स्व सुधा सिन्हा के श्राद्धकर्म में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने स्व सुधा सिन्हा के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री संजय कुमार झा, जदयू सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

तमिलनाडु में सड़क दुर्घटना में चार की मौत, सात घायल

चेन्नई। तमिलनाडु के तंजावुर जिले में शनिवार तड़के एक सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई और सात घायल हो गए। यह घटना तंजावुर जिले के सेतुबावचारितम के पास ईस्ट कोस्ट रोड पर हुई, जब एक तेज रफ्तार कार पुलिया से टकरा गई, जिससे चलते यह दुर्घटना हुई। पुलिस के अनुसार, एसयूवी के ड्राइवर ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और सेतुबावचथिरम पुलिस स्टेशन की सीमा में ईस्ट कोस्ट रोड पर मनोरा किले के पास पुलिया के पैरापेट से टकरा गई। हादसे में गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का पांचवां दिन : शर्कराधिवास-फलाधिवास शुरू

प्रात : किरण

अयोध्या/एजेंसी। श्री रामजन्मभूमि स्थित श्रीराम प्रतिष्ठा कार्य के अन्तर्गत शनिवार को नित्य पूजन, हवन, पारायण आदि कार्य की वैदिक आचार्यों ने पूजा शुरू करा दी गई है। प्रातः पूजा में प्रातः शर्कराधिवास, फलाधिवास, प्रासाद का 81 कलशों में स्थित विविध औषधियुक्त जल से स्नपन किया जा रहा है। प्रासाद का अधिवासन, पिण्डिका अधिवासन, पुष्पाधिवास भी हो रहा है। अनुष्ठान समापन पर सायंकालिक पूजन एवं आरती होगी। नवीन मंदिर सहित पूरे परिसर को फूलों से सजाया जा रहा है। श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की मानें तो अनुष्ठान में अब तक नवीन मंदिर के ईशान कोण पर बने यज्ञ मंडप और नवीन राम मंदिर में शुक्रवार को अरणि से प्रकट अग्नि



की नवकुण्डों में स्थापना हो चुकी हैं। अब उसमें सपरिवार रामजी की स्थापना एवं पूजा शुरू हैं। मण्डप में राजा श्रीरामभद्र की रचना अत्यंत आकर्षक बनी है। बता दें कि शुक्रवार को हवन का कार्य भव्यता से हुआ था। फिलहला, अभी समारोह स्थल पर अनुष्ठान में शामिल आचार्य, प्रमुख पंडित के साथ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय, अनुष्ठान के यजमान एवं ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्रा, विहिप संरक्षक दिनेश, शरद शर्मा के साथ ट्रस्ट से जुड़े लोग उपस्थित हैं। श्रीराम लला के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में तिरुमाला देवस्थानम ट्रस्ट की ओर से एक लाख (तीन टन) महाप्रसाद (लड्डू) वितरित किए जाएंगे। रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की असीम प्रसन्नता का परिचायक दशरथ दीप शुक्रवार को दिन ढलते ही प्रज्ज्वलित हो गया। तपस्वी छावनी के तुलसीबारी स्थित परिसर में स्थापित इस दीप की परिधि तीन सौ फीट है। इसमें 21 हजार लीटर तेल के साथ सवा क्विंटल रुई की बाती का प्रयोग हुआ है।

पीएम ने की श्रीरंगम मंदिर में की पूजा-अर्चना

तिरुचिरापल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को श्रीरंगम में रामायण से जुड़े प्राचीन मंदिर श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की और विद्वानों से कंब रामायण का पाठ सुना। प्रधानमंत्री मोदी तमिलनाडु के इस प्राचीन मंदिर में आनेवाले पहले प्रधानमंत्री है। उन्होंने इस दौरान पारंपरिक परिधान धोती और शॉल पहना था। उन्होंने हाथ जोड़कर भगवान विष्णु के मंदिर में पूजा-अर्चना की। उनके आगमन पर पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनका औपचारिक पूर्ण कुंभ स्वागत किया गया। यह रामायण से जुड़ा दक्षिण भारत का तीसरा मंदिर है जिसमें इस सप्ताह प्रधानमंत्री ने सोमवार को अयोध्या के राम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले दर्शन और पूजन किया।

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश ने 22 सदस्यीय टीम का किया गठन

टीम में एक सलाहकार, एक उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष, 11 महासचिव, 6 सचिव और एक प्रवक्ता शामिल

- सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह का बढ़ा कद, बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नीतीश कुमार ने शनिवार को नई कमेटी का गठन किया है। नीतीश कुमार ने खुद सहित सिर्फ 22 लोगों की टीम बनायी है, जिसमें एक सलाहकार, एक उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष, 11 महासचिव, 6 सचिव और एक प्रवक्ता शामिल हैं। नीतीश कुमार के निर्देश पर जदयू के राष्ट्रीय महासचिव अफाक अहमद खान ने नये पदाधिकारियों की सूची जारी की है। नीतीश कुमार ने पहला फेरबदल पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर किया है। ललन सिंह के समय मंगनी लाल मंडल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए गये थे। नीतीश ने उन्हें हटाकर पार्टी

के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया है। केसी त्यागी को राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता के साथ-साथ नीतीश कुमार का राजनीतिक सलाहकार बनाया गया है। त्यागी पहले से इसी पद पर थे। **राजीव रंजन फिर बने राष्ट्रीय प्रवक्ता :** पूर्व विधायक राजीव रंजन को पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। इसके साथ सांसद आलोक कुमार सुमन को फिर से राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनाया गया है। नीतीश कुमार ने सचिव पद पर 6 नेताओं को जगह दी है। पहले 7 राष्ट्रीय सचिव हुआ करते थे। नीतीश की नई कमेटी में विद्यासागर निषाद, राजीव रंजन प्रसाद, अनूप पटेल, दयानंद राय, संजय कुमार और एम निसार को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। **नई टीम में नहीं मिली जगह :** राष्ट्रीय महासचिव हर्षवर्धन सिंह को नई कमेटी में जगह नहीं मिली है। इसके अलावा सांसद गिरधारी यादव, संतोष कुमार कुशवाहा, चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, पूर्व सांसद दसई चौधरी, गुलाम रसूल बलियावी, आरपी मंडल, विजय कुमार मांझी, रामकुमार शर्मा, यूपी के पूर्व विधायक धनंजय सिंह, कमर आलम को नई कमेटी में जगह नहीं दी गई है।

मंत्री संजय झा सहित 11 को राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी

नीतीश कुमार ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिवों की संख्या आधी कर दी है। ललन सिंह के समय पार्टी के 22 राष्ट्रीय महासचिव थे। नीतीश ने 11 महासचिव बनाए हैं। पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मंगनी लाल मंडल को महासचिव बना दिया गया है। बिहार सरकार के मंत्री संजय कुमार झा को भी राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है। राज्यसभा के सांसद रामनाथ ठाकुर को महासचिव बनाया गया है। इनके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी, विधान पार्षद आफाक आलम खान, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, पूर्व मंत्री रामसेवक सिंह, राज्यसभा की पूर्व सांसद और राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष का कहकशां परवीन, विधान पार्षद कपिल हरिशचंद्र पाटिल, राज सिंह मान और पूर्व विधायक सुनील कुमार उर्फ इंजीनियर सुनील को भी राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है।

नीतीश कैबिनेट में बड़ा फेरबदल, तीन मंत्रियों के विभाग बदले

आलोक मेहता होंगे शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर को मिला गन्ना विभाग

ललित यादव को भूमि राजस्व विभाग का अतिरिक्त प्रभार

प्रात : किरण

पटना। नीतीश कैबिनेट में शनिवार को बड़ा बदलाव किया गया है। राजद कोटे को 3 मंत्रियों के विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। अपने विवादास्पद बयानों की वजह से अक्सर चर्चा में रहने वाले शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर को उक्त विभाग से हटा दिया गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आलोक मेहता को शिक्षा विभाग का नया मंत्री बनाया गया है। वहीं, प्रो चंद्रशेखर को गन्ना विभाग का जिम्मा दिया गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का अतिरिक्त प्रभार लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री ललित यादव को दिया गया है। रात नौ बजे के बाद मुख्य सचिव के हस्ताक्षर से शनिवार को इस आशय की अधिसूचना जारी की गयी। चंद्रशेखर को शिक्षा विभाग से विदा किए जाने को ले शुक्रवार को ही उस समय सहमति बन गयी थी। इसे शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के साथ शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर की अनबन भी माना जा रहा। इससे पहले शिक्षा मंत्री के रूप में चंद्रशेखर अपने विवादास्पद बयानों की वजह से लगातार चर्चा में रहें। उन्होंने रामायण पर टिप्पणी की। इस पर काफी सियासत व हंगामा हुआ। इस वजह से जदयू और राजद के रिश्ते पर भी विपक्ष द्वारा सवाल उठाया जाने लगा था। यह माना जा रहा था कि चंद्रशेखर को हटाया जा सकता है। मधेपुरा जिला के रहने वाले चंद्रशेखर पूर्व के महागठबंधन सरकार में आपदा प्रबंधन मंत्री थे।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हमला सुनियोजित साजिश : कांग्रेस

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि असम के लखीमपुर में भारत जोड़ो न्याय यात्रा से जुड़े वाहनों में तोड़फोड़ की गई और उसके पोस्टरों को फाड़ा गया, जिसके लिए भारतीय जनता पार्टी तथा प्रदेश की उसकी सरकार जिम्मेदार है। मुख्य विपक्षी दल ने घटना से संबंधित कुछ वीडियो जारी करते हुए यह दावा भी किया कि यह हमला सरकार के सहयोग से किया गया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस

ने भारत के लोगों को संविधान द्वारा दिए गए हर अधिकार और न्याय को कुचलने और ध्वस्त करने का प्रयास किया है। वह (भाजपा) लोकतंत्र का हरण करके उनकी आवाज दबाना चाहती है।

झारखंड के सीएम सोरेन से ईडी ने शुरू की पूछताछ

प्रात : किरण

रांची। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से यहां उनके आधिकारिक आवास पर शनिवार दोपहर पूछताछ शुरू की। एक अधिकारी ने बताया कि भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती के कारण पूरा इलाका किले में तब्दील हो गया है। सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। वह इससे पहले, ईडी द्वारा सात बार समन जारी किये जाने पर पूछताछ के लिए एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। ईडी द्वारा आठवीं बार उन्हें समन जारी

किये जाने पर आखिरकार उन्होंने अपनी सहमति दे दी। अधिकारी ने बताया कि जांच एजेंसी के अधिकारी दोपहर करीब एक बजे सोरेन के आवास पर पहुंचे। मौके पर बड़ी संख्या में तैनात सुरक्षा कर्मी मुख्यमंत्री आवास के आसपास गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए हैं। राशन वितरण से संबंधित करोड़ों रुपये के कथित घोटाले के सिलसिले में पश्चिम बंगाल में ईडी अधिकारियों पर हुए हालिया हमले के मद्देनजर यह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इस बीच, झामुमो ने सोरेन के आवास पर पार्टी के विधायकों की एक बैठक बुलाई। पार्टी महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रीयो भट्टाचार्य ने कहा, ईडी मुख्यमंत्री से पूछताछ कर रही है। हम भी अपनी बैठक कर रहे हैं आगे की रणनीति, पूछताछ के नतीजे के आधार पर बनाई जाएगी। जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी ने सोरेन से ईडी की पूछताछ शुरू होने से पहले कहा कि मुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं से धैर्य रखने को कहा है।

देश अगले तीन साल में नक्सलवाद की समस्या से हो जाएगा मुक्तः शाह

प्रात : किरण

तेजपुर/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि देश अगले तीन साल में नक्सलवाद की समस्या से मुक्त हो जाएगा। शाह ने यहां सलोनीबारी में सशस्त्र सीमा बल के 60वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में से एक एसएसबी संस्कृति, इतिहास, भौगोलिक स्थिति और भाषा को बारीकी से एकीकृत करने और सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को देश के

बाकी हिस्सों के करीब लाने में एक अद्वितीय भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अगले तीन साल में देश नक्सली समस्या से 100 फीसदी मुक्त हो जाएगा।

गन्ने के मूल्य में 20 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी, पहले से अधिक मिलेगा दाम

प्रात : किरण

- सूबे के किसानों के लिए खुशी की खबर
- गन्ना उत्पादन के प्रति किसानों का बढ़ेगा आकर्षणः मंत्री

पटना। बिहार के गन्ना किसानों के लिए खुशी की खबर है। राज्य सरकार ने किसानों के हित में ईख के दाम बढ़ाने का फैसला लिया है। गन्ना उद्योग विभाग आलोक कुमार मेहता ने शनिवार को उक्त घोषणा की है। मंत्री ने कहा है कि पेराई वर्ष 2023-24 के लिए किसानों के हित में ईख मूल्य बढ़ाने की घोषणा की गई है। पेराई वर्ष 2023-24 के प्रारंभ से हीं यह दर लागू होगी। ईख मूल्य बढ़ने से गन्ना के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि होगी इससे लगभग 3 लाख गन्ना किसान लाभान्वित होगें और गन्ना कृषकों के परिवार को लगभग 2500 रुपए का ईख मूल्य का भुगतान हो सकेगा। विभिन्न प्रभेदों का दर निम्न प्रकार निर्धारित किया गया है। उत्तम प्रभेद में 20 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। उत्तम प्रभेद किस्म के ईख का मूल्य अब 335 से बढ़कर 355 होगा। वही समान्य प्रभेद में भी 20 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। इस प्रभेद के ईख के मूल्य अब 315 से बढ़कर 335 रुपए प्रति क्विंटल हो जाएंगे।

शोभायात्रा शोभायात्रा, भजन-कीर्तन व जय श्री राम के उद्घोष से भक्तिमय हुई राजधानी

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर उत्सव सा माहौल

रामाधार प्रसाद

पटना। अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में उत्सव सा माहौल है। शोभायात्रा, भजन-कीर्तन व जय श्री राम के उद्घोष से राजधानी का वातारवरण भक्तिमय बना हुआ है। चारों ओर भक्ति की बयार बह रही है। पूरा प्रदेश अभी से ही राममय हो गया है। घरों से लेकर मंदिरों, मठों में पूजा पाठ, शोभायात्रा और दीपोत्सव की तैयारी अंतिम चरण में है। धार्मिक व सामाजिक संगठनों द्वारा दो दिन पहले यानी शनिवार से ही शोभा यात्रा निकाली जा रही है। शोभा यात्रा को लेकर लोगों का जोश देखते ही बन रहा है। जगह-जगह पर बड़ी संख्या में लोगों ने शोभा यात्रा का जोरदार स्वागत किया। भक्ति गीतों व भजन से पूरा महौल भक्तिमय हो चुका है। श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट के सदस्यों ने प्रभात फेरी सुबह साढ़े आठ बजें नागा बाबा ठाकुरवाड़ी कदमकुआं से निकाली जो चूड़ी मार्केट से होते हुए बाकरगंज भिखमदास ठाकुरवाड़ी पहुंची, वहां पर भगवान राम, सीता,

लक्ष्मण एवं हनुमान जी की आरती उतारी गई और माल्यार्पण किया गया, उसके बाद दरियापुर बहमस्थानी मंदिर द्वारा भी आरती एवम् माल्यार्पण किया गया तदोपरान्त मछुआ टोली, आर्यकुमार रोड, दिनकर गोलंबर से होते हुए नाला रोड, कांग्रेस मैदान होते हुए लगभग 11 बजें नागा बाबा ठाकुरवाड़ी पहुंची। सम्पूर्ण मार्ग में जगह जगह पर महिलाओं एवं अन्य लोगों द्वारा अभिनंदन किया गया जिसमे मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा भी अभिनंदन किया गया। धार्मिक, सामाजिक और अन्य संगठनों के साथ प्रदेशवासी भी इस दिन को खास बनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। एक अनुमान के मुताबिक, उस दिन करोड़ों दीए राजधानी में जलाए जाएंगे। कई संगठनों ने दीए को लेकर अग्रिम बुकिंग करा ली है। प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर को ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनाने के लिए राजधानी पटना में श्री रामनवमी शोभायात्रा अभिनंदन समिति ने भव्य तैयारी की है, जिसके अंतर्गत 51 हजार दीपों से पटना के डाकबंगला चौराहे को जगमग किया जाएगा, इसके साथ ही लगभग सवा लाख दीप पटना के 50 से भी ज्यादा पूजा समितियों और व्यापारिक संगठनों के बीच बांटे जा रहे हैं। एक दिन पहले यानी रविवार से चौबीस घंटे का अष्टजाम और प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत भजन पूजन और हवन का आयोजन भी डाकबंगला पर चौराहे पर किया जाएगा। सूबे में में श्री रामचरित मानस, सुंदर काण्ड, विनय पत्रिका सहित राम के जीवन से संबंधित पुस्तकों की बिक्री बढ़ गई है। धार्मिक पुस्तक के विक्रेताओं का कहना है कि श्री रामचरित मानस लोग सबसे अधिक खरीद रहे हैं।

नागा बाबा ठाकुरबाड़ी में जलाए जाएंगे ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह दीप : रविवार को नागा बाबा ठाकुरबाड़ी, कदमकुआं के प्रांगण में 24 घंटे का अखंड रामधुन कीर्तन का भी आयोजन किया जाएगा जो 22 जनवरी को दिन में 12 बजें तक चलेगा । 22 जनवरी को नागा बाबा ठाकुरवाड़ी कदमकुआं, मंदिर परिसर में ही विशाल रंगोली का भी निर्माण किया जाएगा जिस पर11हजार 1 सौ 11 दीपों को जलाकर दीपोत्सव के साथ ही साथ रावण दहन के तर्ज पर रंगारंग आतिशबाजी का भी प्रदर्शन होगा।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह का राजधानी के 51 मंदिरों में होगा सीधा प्रसारण :

प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर श्री श्री महाशिवरात्रि महोत्सव शोभायात्रा अभिनंदन समिति के तत्वावधान में राजधानी के 201 मंदिरों में भजन-कीर्तन और दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शोभा यात्रा, अष्टयाम, हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, भंडारा और प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की जाएगी। मुख्य आयोजन खाजपुरा स्थित शिव मंदिर में होगा।

201 मंदिरों में भजन-कीर्तन व दीपोत्सव का आयोजन

पाटलिपुत्रा स्थित महामृत्युंजय पाटनेश्वर महादेव मंदिर में भी जोरदार तैयारी की जा रही है। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। प्राण प्रतिष्ठा के दिना मंदिर प्रांगण में पूजा पाठ के अलावा भजन, पूजन व हवन सहित दीपोत्सव की तैयारी है। नेपालीनगर के मनसा पूरण हनुमान मंदिर से राजवंशीनगर हनुमान मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा समारोह का 51 मंदिरों में टीवी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। राम मंदिर की नींव की पहली ईंट रखने वाले मा. कामेश्वर चौपाल अयोध्या से सीधे जुड़ेंगे। 101 मंदिरों पर भजन-कीर्तन (दोपहर 1 बजे से) और 25 मंदिरों पर अष्टयाम का आयोजन। 30 मंदिरों पर भंडारा का आयोजन और 50 मंदिरों पर भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। दीपोत्सव का मुख्य आयोजन शाम 6 बजे खाजपुरा स्थित शिव मंदिर में होगा। राम मंदिर के 500 साल के संघर्ष पर आधारित गीत संग्रह का विमोचन किया जाएगा। शाम में दीपोत्सव के दौरान सभी 201 मंदिरों में कम से कम 500 दीये जलाए जाएंगे। समिति के सदस्यों की ओर से 101 मंदिरों में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा। वर्चुअल जूम ऐप का लिंक साझा किया जाएगा ताकि सभी लोग एक साथ एक समय जुड़ सकें।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

संक्षिप्त खबरें

मोतियाबिंद ऑपरेशन को जांच शिविर आज

पटना सिटी (प्राकि)। राधेश्याम परिवार पटना सिटी के द्वारा श्री बालाजी नेत्रालय के चिकित्सक डॉ शशि मोहनका के नेतृत्व में मोतियाबिंद सह नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। संस्थापिका शोभा गुप्ता, चक्रेश अग्रवाल एवं पंकज लोयलका ने बताया कि रविवार को सुबह 10 बजे से चौक के मिरचाई गली स्थित राधेश्याम परिवार सेवा संस्थान के क्लीनिक में किया जा रहा है। यह शिविर स्व श्रीमती जतन देवी कोठारी की पुण्य स्मृति में आयोजित है। मोतियाबिंद से पीड़ित मरीज, जो इस शिविर में इलाज कराने को इच्छुक हैं, वे आकर लाभ उठा सकते हैं।

कर्पूरी ठाकुर जयंती मे मिलर हाई स्कूल में चलने के लिए आह्वान किया गया

दानापुर। नगर क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार को सगुना मोर स्थित भाजपा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने ओबीसी मोर्चा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम २४ जनवरी को पटना ग्रामीण के जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी और मोर्चा के सभी अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण को पटना स्थित पटना मिलकर हाई स्कूल के मैदान में पटना जिला ग्रामीण की ओर से सभी कार्यकर्तागण दल बल के साथ ११ बजे तक हजारों की संख्या में कार्यकर्ता कपूर्री ठाकुर के जंयती समारोह में चलने का आह्वान किया। जन नायक कपूर्री ठाकुर की जंयती समारोह में ओबीसी मोर्चा के तत्वावधान में धुमधाम से मनाया जाएगा। जिला प्रवक्ता शंकर सिंह व भाजपा नेता भाई सनोज यादव ने कहा कि जन नायक कपूर्री ठाकुर शोषित पीड़ित एवं बंचितो और गरीबों के सच्चे हिमायती थे कपूर्री ठाकुर की विचारों को भाजपा जन जन एवं गांव-गांव तक नया युवा पीढ़ी को जंयती समारोह में उनके कीर्ती को जानने का मौका मिलेगा। प्रेसवार्ता में जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, जिला मंत्री रवीश कुमार पटेल, गुड्डू सिंह , मुक्ति यादव , उपेंद्र सिंह उपस्थित थे।

अशोक राजपथ पर किया गया फ्लैग मार्च

पटना सिटी। अयोध्या में श्री राम मंदिर के भव्य निर्माण और उसमें श्री रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। इसे लेकर पटना सिटी के शहरी क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों सहित करीब हर मंदिर में कोई न कोई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया गया है। उस दिन शोभायात्रा निकाले जाने की भी घोषणा विभिन्न संस्थाओं के द्वारा की गई है। इसे लेकर पुलिस प्रशासन भी सतर्क है। खुफिया विभाग से मिले इनपुट के आधार पर पटना सिटी के कुछ थाना क्षेत्र को संवेदनशील भी माना गया है और वैसे स्थान पर पुलिस बल की तैनाती भी की गई है। इसे लेकर शांतिप्रिय और प्रबुद्ध लोगों में सुरक्षा की भावना जागृत करने और शरारती व असामाजिक तत्वों को संदेश देने के लिए शनिवार की शाम फ्लैग मार्च निकाला गया। सिटी एसडीओ गुंजन सिंह एवं एएसपी सरथ आरएस के नेतृत्व में सुल्तानगंज, आलमगंज, खाजेकलां, चौक के थानाध्यक्ष क्रमशः नागमणि, अभिजीत कुमार, राहुल कुमार ठाकुर, अनिरुद्ध कुमार के साथ रैफ, एसएसबी के पदाधिकारियों व जवानों ने फ्लैग मार्च किया। यह फ्लैग मार्च सुल्तानगंज थाना से शुरू होकर अशोक राजपथ के आलमगंज, खाजेकलां, चौक थाना क्षेत्र से होता मालसलामी थाना क्षेत्र की ओर बढ़ा। इस संबंध में सिटी एएसपी सरथ आरएस ने कहा कि विधि-व्यवस्था और लोगों में व्याप्त शंका और आशंका को दूर करने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया है। यह रूटीन एक्सरसाइज है। सभी संवेदनशील स्थानों में पैदल मार्च किया गया है। अनुमंडल में रैपिड एक्शन फोर्स, एसएसबी और लाइन से भी पुलिस बल मिला है। संवेदनशील स्थानों पर इनकी तैनाती भी की गई है। यह पूछे जाने पर कि 22 जनवरी को विभिन्न संस्थाओं के द्वारा शोभायात्रा जुलूस निकाले जाने की भी घोषणा की गई है। इस पर एसपी ने कहा कि उनके और एसडीओ कार्यालय में भी आवेदन आया है। उस पर विचार किया जा रहा है। रूट का निर्धारण और समय का भी ध्यान रखा जाएगा। इसके बाद ही कोई आदेश निर्गत किया जाएगा।

357वें प्रकाश पर्व पर सहयोग करने वालों का तख्तश्री आभार जता

● सीएम, सीएस, पुलिस प्रशासन के अधिकारी पदाधिकारियों को किया सम्मानित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के द्वारा सरवन सुदानी गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का 357 में प्रकाश पर 16 संपन्न हुआ। इस पूरे आयोजन में सुबह के मुखिया नीतीश कुमार, मुख्य सचिव, डीजीपी, गृह सचिव, पर्यटन, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से लेकर पदाधिकारी, कर्मचारी, पेसू, नगर निगम, अग्निशमन, पीएचईडी, परिवहन विभाग, रेल प्रशासन, मीडिया आदि का बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मुख्य सचिव का विशेष तौर पर आभार प्रकट किया गया, जिनके निदेर्शानुसार बिहार का पुलिस प्रशासन प्रकाश पर्व की तयारियों और विधिवत वयवस्था में तख्तश्री कमेटी को सहयोग करता रहा। प्रकाश पर्व में सहयोग करने वाले उन सभी सरकारी एवं गैर सरकारी लोगों को सम्मानिन्त किया गया, जिनके सहयोग के चलते प्रकाश पर्व समागम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह एवं उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह के द्वारा सभी को सम्मान प्रदान किया गया। तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने बताया कि पिछले वर्ष कमेटी ने एक अहम फैसला लेते हुए उन सभी लोगों को सम्मानिन्त किया गया था, जिनके सहयोग के चलते कार्यक्रम सफल बनाए जा सके थे। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस साल भी बिहार सरकार के टूरिजम, ट्रांसपोर्ट, अग्निशमन, बिजली, विभाग, नगर निगम, हाउस कीपिंग, बीएसएनएल, रेल पुलिस एवं स्टाफ, लंगर, रिहाइश का प्रबन्ध देखने वाली संस्थाओं के मुखी, मीडिया कर्मी, तख्त साहिब का कार्यालय स्टाफ सहित जिन संप्रदायों और संस्थाओं के द्वारा लंगर सेवा चलाई गई, उन संस्थाओं को भी सम्मान दिया गया। उन्होंने कहा कि इससे सेवा करने के लिए और प्रोत्साहन मिलता है और उम्मीद की जाती है कि अगली बार और बढ़-चढ़ कर सेवा कार्य किए जाएंगे।

महासचिव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि तख्तश्री पटना साहिब कमेटी के द्वारा 15 से 17 जनवरी तक कार्यक्रम किए गए थे, मगर बिहार सरकार के प्रशासनिक अधिकारी अनेक दिन पूर्व से ही तैयारियों में तख्त साहिब कमेटी को सहयोग करने में जुट गए थे। देश के अलग-अलग राज्यों से आकर संगत ने वालंटियर के तौर पर सेवा में सहयोग दिया। पुलिस प्रशासन ने भी अपनी जिम्मेवारी को बखूबी निभाया, जिसके चलते कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। वहीं मीडिया के लोगों ने तख्त साहिब में चल रहे समागमों का जिस तरह से प्रचार किया, उससे दूरदराज बैठे लोगों को भी समागमों की जानकारी समय पर मिलती रही। इसलिए सभी का तख्त साहिब कमेटी ने सम्मान किया। इसके साथ ही तख्त साहिब के अधीक्षक दलजीत सिंह, मैनेजर हरप्रीत सिंह, दिलीप सिंह पटेल, सहायक मैनेजर पपिंदर सिंह, लेखापाल देवेंद्र सिंह सहित अन्य स्टाफ को भी सम्मानिन्त किया गया। स्थानीय स्तर पर चौक थाना के थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार, तत्कालीन थानाध्यक्ष गौरीशंकर गुप्ता, दीदारगंज के थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह, पटना साहिब स्टेशन के स्टेशन मास्टर उपेंद्र कुमार, नितीन व्यास, सिटी फायर स्टेशन के फायर आफिसर गयानंद सिंह, नगर निगम, बीएसएनएल, पटना सिटी विद्युत कार्य प्रमंडल के कार्यपाल अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता आदि को सम्मानित किया गया। हालांकि आलमगंज, खाजेकलां, मालसलामी, बाइपास, पटना साहिब जीआरपी के थानाध्यक्ष नहीं आ पाए। विभिन्न प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व पोर्टल से जुड़े मीडिया कर्मियों को भी सरोपा, अंगवस्त्र व पिन्नी प्रसाद प्रदान किया गया।

कल हनुमान चालीसा पाठ, कीर्तन, सोहर, दीपोत्सव के साथ सजेगा रामदरबार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अयोध्या में श्रीराम के बाल स्वरूप के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पटना में 200 से अधिक मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ, दीपोत्सव, सोहर, भजन-कीर्तन, प्राण-प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण सहित सजीव राम दरबार भी सजेगा। दीपों द्वारा जय श्री राम भी लिखा जाएगा। अजेय रामदूत फाउंडेशन द्वारा हनुमान चालीसा पाठ, सोहर, कीर्तन, प्रसाद एवं भावार्थ हनुमान चालीसा का वितरण भी श्रद्धालुगण के बीच होगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं भाजपा आयुष विभाग के प्रदेश संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि हनुमान चालीसा पाठ के लिए सभी मंदिरों में भावार्थ हनुमान चालीसा का वितरण किया जा चुका है। कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए मन्दिरों में बैनर द्वारा एवं टोलियां जनमानस को सूचना दे रही हैं। तीन स्थान पर सजीव श्री राम दरबार भी सजेगा। अगमकुआं स्थित श्री शीतला माता मंदिर को 5100 दीपों से सजाया जाएगा। जल्ला हनुमान मंदिर से बच्चे श्री राम, सीता व लक्ष्मण का स्वरूप धारण कर रामदूत के टोली संग विभिन्न मंदिरों में जाएंगे। मुख्य रूप से समिति के सदस्य डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अरुण कुमार मेहता, विकास मौड़ीवाल, विशाल गुप्ता, अमित कुमार, रामजी मेहता, दिलीप गुप्ता, राजेश प्रताप, शैलेन्द्र सिंह, मनोज कुमार, अभय मिश्रा, जितेन्द्र कुमार विभिन्न समूहों में प्रचार प्रसार में योगदान दे रहे हैं।

भ्रष्ट लोग अपनी करनी का फल भुगतते ही है: प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि राजद प्रमुख लालू प्रसाद को अपनी करनी का फल अभी और भुगतना है। लैंड फॉर जॉब मामले में जांच एजेंसियां उन्हें छोड़ने वाली नहीं है। श्री मिश्र ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि ईडी ने लैंड फॉर जॉब मामले में लालू और तेजस्वी को तीसरी बार समन जारी किया है। लालू यादव को 29 जनवरी को पेश होने के लिए कहा है, वहीं तेजस्वी यादव को 30 जनवरी को बुलाया गया है। लालू और तेजस्वी यादव को पटना के बैंक रोड स्थित ईडी कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। अपनी व्यस्तता का बहाना बना कर ईडी के सामने पेश नहीं होने की लालू की चाल इस बार कारगर नहीं होने वाली है। श्री मिश्र ने कहा कि लालू जैसे भ्रष्ट लोग अपने तो करनी का फल भुगतते ही हैं, उनके परिवार को भी भुगतना पड़ता है। लालू के किये अपराध की सजा पाने के लिए उनके परिवार के लोग भी अभिशप्त हैं।

प्रभु श्री रामलला को भव्य मंदिर में स्थापित होने का इंतजार हुआ पूरा : सम्राट

पटना, प्रात :किरण संवाददाता

कदमकुआं स्थित श्री राम जानकी मंदिर ठाकुरबाड़ी से पटना महावीर मंदिर तक शोभायात्रा शनिवार को निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम की शुरूआत श्री राम जानकी मंदिर ठाकुरबाड़ी से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने श्री राम मंदिर की प्रतिकृति को आरती कर रथ को रवाना किया।

उन्होंने अयोध्या में श्री राम मंदिर की चर्चा करते हुए कहा कि 500 सालों से भगवान राम को भी ऐसे भागीरथ का इंतजार था, जो उन्हें मंदिर बना कर स्थापित करे। इसके लिए हिंदुओं और सनातनियों ने लंबी लड़ाई लड़ी। अब भगवान श्री राम 22 जनवरी को भव्य मंदिर में स्थापित होंगे। पटना साहिब विस क्षेत्र के विधायक नंदकिशोर यादव ने कहा कि देश राममय के रंग में रंग चुका है। बांकीपुर विस क्षेत्र के विधायक नितिन नवीन ने कहा कि जिस प्रकार अयोध्या में श्री राम पधार रहे हैं और जिस तरह से पूरा देश राम के रंगों में रंगा हुआ है, तो पटना की धरती भी इससे अछूता नहीं रहेगी। पटना में लगातार तीन दिनों तक श्री रामनवमी कमेटी के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किया जा रहा है। ठाकुरबारी से होते हुए रथयात्रा एग्जीबिशन रोड से डाकबंगला चौराहा होते हुए पटना हनुमान मंदिर पर रुकी। वहां पर भी आरती का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद डाकबंगला चौराहा के समीप आकर सभी पूजा कमेटियों को दीप वितरण किया गया। यह जानकारी श्रीश्री रामनवमी शोभा यात्रा अभिनंदन समिति के सरदार जगजीवन सिंह ने दी।

मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल शालीमार बाग ने शुरू की ओपीडी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शालीमार बाग (नई दिल्ली) ने आज पटना में अपनी कार्डियक सर्जरी और यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट ओपीडी शुरू की है. इस ओपीडी की शुरूआत शहर के *डॉ. एन.के बैद्या क्लीनिक के साथ पार्टनरशिप में की गई है. इस ओपीडी के जरिए मैक्स हॉस्पिटल शालीमार बाग ने मरीज की सेवा के लिए एक और कदम उठाया है, जिसकी मदद से यहां के मरीजों को बेहतर इलाज के लिए अन्य शहरों की तरफ नहीं भागना पड़ेगा। इस मौके पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शालीमार बाग में कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) के प्रिंसिपल कंसल्टेंट डॉक्टर दिनेश चंद्रा और मैक्स हॉस्पिटल शालीमार बाग में यूरोलॉजी व किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी के डायरेक्टर डॉक्टर वहीदुज्जमां मौजूद रहे. इनके अलावा डॉ. एन.के बैद्या क्लीनिक के डॉक्टर गौरव बैद्या भी यहां मौजूद रहे। मैक्स अस्पताल शालीमार बाग के दोनों विशेषज्ञ डॉक्टर दिनेश चंद्रा और डॉक्टर वहीदुज्जमां महीने के हर महीने के आखिरी रविवार को ओपीडी में बैठेंगे. ये ओपीडी पटना के राजेंद्र नगर में ई-53, रोड नंबर-12 स्थित डॉ. एन.के. बैद्या क्लीनिक में चलेगी और महीने के आखिरी रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मरीज यहां आकर डॉक्टर को दिखा सकेंगे. इस ओपीडी के शुरू होने से पटना व आसपास के लोगों को अपने घर के नजदीक ही परामर्श के लिए देश के बेहतरीन कार्डियक सर्जन और यूरोलॉजी व किडनी ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ मिल जाएंगे और उन्हें किसी अन्य शहर की तरफ नहीं जाना पड़ेगा.

ओपीडी लॉन्च के मौके पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शालीमार बाग में कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) के प्रिंसिपल कंसल्टेंट डॉक्टर दिनेश चंद्रा ने कहा, ह्यह्नसंतुलित डाइट, फिजिकल एक्टिविटी, रेगुलर एक्सरसाइज, स्मोकिंग से दूरी, कोलेस्ट्रॉल और शुगर को कंट्रोल करने जैसे लाइफस्टाइल के बदलाव बेहद जरूरी हैं. वैल्वुलर हार्ट परेशानियों के लिए कैथेटर आधारित मित्रा क्लिप का इलाज काफी बेहतर है. ये नॉन सर्जिकल विकल्प है जिसकी मदद से हार्ट वाल्व का लीकेज ठीक कर दिया जाता है और इस तरह वाल्व बदलने की जरूरत नहीं पड़ती. इस तरह की समस्याओं से दिल का साइज बढ़ने का खतरा रहता है, सांस उखड़ने लगता है और आखिरकार हार्ट फेल होने का रिस्क रहता है. ये ओपीडी पटना के लोगों के लिए काफी मददगार रहेगी क्योंकि मरीज बिना किसी परेशानी के यहां आकर प्राथमिक परामर्श और फॉलोअप ले सकेंगे. हार्ट की सर्जरी में बढ़ते वक्त के साथ काफी बदलाव हो रहे हैं, अब मिनिमली इनवेसिव प्रक्रियाएं की जा रही हैं जिनमें कम वक्त लगता है, सर्जरी के बाद दर्द नहीं रहता है. हार्ट फेल के गंभीर मामलों में ईसीएमओ और एलवीएडी जैसे ट्रीटमेंट विकल्पों ने मरीजों को नई उम्मीद दी है।मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शालीमार बाग अनुभवी डॉक्टरों की टीम और अन्य मेडिकल स्टाफ के साथ-साथ बेहतर सुविधाएं मुहैया करता है।

दिव्यांग जोड़ों का सामूहिक विवाह समाज के लिए संदेश: राज्यपाल

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी। वैष्णो स्वावलंबन एवं विकलांग अधिकार मंच द्वारा मंगलवार को संपतचक स्थित परंपरा रिजॉर्ट एंड बैंक्वेट हॉल में अनोखा विवाह-6 के तहत नौ दिव्यांग जोड़े का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। सभी कन्याओं का मेहंदी कार्यक्रम की रस्म अदायगी गीत-संगीत के साथ हुई। बैंड-बाजा की धुन पर नाचते-थिरकते सभी नौ दिव्यांग जोड़े बारात निकला। द्वार पूजा के बाद विवाह मंडप में पुरोहित आचार्य चंद्रभूषण मिश्रा एवं आचार्य बृजभूषण द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अग्नि के सात फेरे लगवाए। इस सामूहिक विवाह में दिव्यांग जोड़े में महावीर-उषा, राजन-निशा, मुकेश-अंजली, सिनोद-रुपा, सुनील-खुशबू, धनंजय-कृंता, राकेश-बबीता, पंकज-ज्योति और दीपू-गौरी ने अग्नि के समक्ष जन्म-जन्मांतर तक साथ निभाने के संकल्प के साथ परिणय सूत्र में बंधे। आयोजक कुमारी वैष्णवी ने कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं, बल्कि अवसर और सम्मान मिले, तो किसी के सहारे की जरूरत नहीं। इस नेक कार्य में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का आशीर्वाद नई ऊर्जा का संचार करती है, वहीं उनकी सुपुत्री सुश्री स्वाति कोविंद ने अनोखा विवाह में अपना सहयोग और योगदान देकर सभी नवदंपतियों को कृतार्थ करती रही हैं। इस अवसर पर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि इस कार्यक्रम की सफलता और कुमारी वैष्णवी के अथक प्रयास और समाजसेवी व उद्यमी नितीन कुमार रिंकू की जितनी प्रसंशा की जाए, वह कम है। यह अनोखा विवाह स्वच्छ समाज निर्माण के लिए उदाहरण है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने घोषणा भी की कि सभी नौ नवदंपतियों को राजभवन से 25-25 हजार की राशि उनके खाते में उपहारस्वरूप दिया जाएगा।

किसान मोर्चा ने चलाया जनजागरण अभियान

पटना सिटी (प्राकि)। संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से लगातार जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। वार्ड संख्या 61 के मुतुर्जीगंज, कसबा, प्रतापपुर, रानीपुर, वार्ड 62 के बेगमपुर और उसके समीपवर्ती क्षेत्रों में चलाया गया। अभियान का नेतृत्व अखिल भारतीय किसान महासभा के बिहार इकाई के उपाध्यक्ष शंभूनाथ मेहता, जल्ला किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष मनोहर लाल, उपाध्यक्ष सुरेश प्रसाद, माले सिटी के सचिव अनय मेहता, राजेश सिंह कुशवाहा आदि ने किया। आयोजन में चंद्रभूषण शर्मा, आत्मा राम, सुबोध कुमार, देवेंद्र प्रसाद, सूरज कुमार, नंद कुमार आदि शामिल थे। अभियान में शामिल लोगों ने गरीबों के लिए खाद्य सुरक्षा, किसानों की कर्ज माफी, बिजली बिल की वापसी, कृषि मंडी की बहाली, जल्ला से जलजमाव दूर करने और एमएसपी की कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों को उठाया।

मोबाइल लेकर निकला पांच साल का बच्चा प्लास्टिक में पैक मिला

● गायब होने के आठ दिन तक पुलिस नहीं खोज पाई

प्रात : किरण/संवाददाता

फतुहा। पांच साल के मासूम की लाश मिली है। वह 11 जनवरी को मोबाइल लेकर खेलने निकला था। इसके बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन वह नहीं मिला। नौ दिन बाद उसकी लाश मिली, वह भी प्लास्टिक में लपेटी हुई। घटना के बाद घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में सनसनी का माहौल बन गया। पुलिस ने बच्चे का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। परिजनों ने फतुहा थाने पर लापरवाही के कारण हत्या होने का आरोप लगाया और हंगामा करने लगे। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने बच्चे की सही समय पर खोजबीन नहीं की। अगर पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेती तो शायद आर्यन की जान बच सकती थी। बताया जा रहा है कि फतुहा थाना क्षेत्र के फजलीचक निवासी आर्यन कुमार (5 वर्ष) आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने जाता था।

जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में हुआ सम्मान समारोह

प्रात : किरण/संवाददाता

पटना- जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को पटना स्थित दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी/ चिकित्सक/ कर्मियों को सम्मानित किया गया. आयोजित समारोह में जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह, उप विकास आयुक्त तनय सुलतानिया, सिविल सर्जन डॉ. श्रवण कुमार, डीपीएम विवेक कुमार सिंह सहित जिला स्वास्थ्य समिति के पदाधिकारी, चिकित्सक एवं कर्मी मौजूद रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्यकर्मी विपरीत एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में भी अपने कार्यों को बेहतर तरीके से संपादित कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि कोविड-19 के समय अथवा छट पूजा में स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया है और यह सम्मान उनकी सेवा भावना का सम्मान है. इससे प्रेरित होकर अन्य सभी स्वास्थ्यकर्मी अपने कार्यों को और बेहतर तरीके से संपादित करेंगे. उप विकास आयुक्त तनय सुलतानिया ने कहा कि किसी भी विकसित राज्य एवं देश की प्रगति का मानक वहां के निवासियों का हेल्थ इंडिकेटर होता है. एक स्वस्थ एवं प्रगतिशील समाज के निर्माण के लिए वहां के निवासियों का स्वस्थ होना आवश्यक है। इनको किया गया सम्मानितः संगीता देवी-आशा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, फुलवारीशरीफ, सविता कुमारी-ममता, अनुमंडलीय अस्पताल, दानापुर, नीलम कुमारी-ए.एन.एम, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, अलावलपुर, फतुहा, कुमारी विभा-जी.एन.एम, गुरु गोविन्द सिंह सदर अस्पताल, पटना सिटी, आनंद कुमार भारती-एसटीएस, एलएनजेपी अस्पताल, राजवंशीनगर, चंद्रशेखर कुमार-एसटीएलएस, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बख्तियारपुर, निशि अनल-प्रयोगशाला प्रवेद्यिकी, गुरु गोविन्द सिंह सदर अस्पताल, पटना सिटी, मनीष कुमार-केटीएस, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नौबतपुर, प्रीति जोशी, जिला समन्वयक, एनटीईपी, जिला यक्ष्मा कार्यालय, अगमकुआँ, अर्चना कुमारी, सीएचओ, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, पोटही, पुनपुन, सुधा कुमारी-ए.एन. एम, टेलीकंसल्टेशन, स्वास्थ्य केंद्र, अगवानपुर, बाढ़, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, दुल्हिन बाजार के डॉ. कौशल किशोर मिश्रा एवं डॉ. मोहम्मद कामरान, 102 एम्बुलेंस चालक अमित कुमार, 102 एम्बुलेंस के ईएमटी मुन्ना कुमार, संजीव कुमार सिंह-सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, पीएसआई इंडिया की मेनेजर, प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन ज्योति कुमारी सहित अन्य सहयोगी संस्थानों के प्रतिनिधि, शशि कुमार- डाटा ऑपरेटर, गुरु गोविन्द सिंह सदर अस्पताल, पटना सिटी, डॉ. एस.एस.राय-परिवार नियोजन कार्यक्रम, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, दनियावां, डॉ. दीपा सिंह- शिशु रोग विशेषग्य, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, फुलवारीशरीफ, डॉ, निभा मोहन-स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषग्य, अनुमंडलीय अस्पताल, दानापुर, डॉ. गौतम कुमार-नेत्र रोग विशेषग्य, गुरु गोविन्द सिंह सदर अस्पताल, पटना सिटी, डॉ. एस. के .सत्यपाल-चिकित्सा पदाधिकारी, अनुमंडलीय अस्पताल, बाढ़, डॉ. अमरजीत चौधरी- चिकित्सा पदाधिकारी, सम्पतचक, डॉ, श्वेता प्रियदर्शी-चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सरारी गुमटी, दानापुर, डॉ. विभु साकेत-चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पटना सदर, डॉ. कामिनी सिंह- चिकित्सा पदाधिकारी, सिविल सर्जन कार्यालय, पटना, डॉ. शिवेंद्र कुमार सिन्हा-प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जयप्रभा अस्पताल, कंकड़बाग, बबीता कुमारी-जिला कार्यक्रम समन्वयक, जिला कार्यान्वयन इकाई, आयुष्मान भारत, पटना, प्रेम कुमार-आरोग्य मित्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पुनपुन, आयुष्मान भारत, पटना, सोनू कुमार-डाटा एंट्री ऑपरेटर, गर्दनीबाग अस्पताल, पटना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, फुलवारीशरीफ से ए.एन.एम निशा कुमारी एवं सुषमा कुमारी तथा कायाकल्प के अंतर्गत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, संदलपुर-विजेता एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गर्दनीबाग 6-सी को उपविजेता का पुरस्कार दिया गया।

विधायक अरुण व पार्षद सतीश ने मंदिर में चलाया सफाई अभियान

● श्री राम प्रतिमा के प्राण-प्रतिष्ठा पर कल होगा अनेक आयोजन

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व शनिवार को मुसल्लहपुर बाजार समिति स्थित दुर्गा मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता सह विधायक अरुण कुमार सिन्हा के नेतृत्व चलाया गया। साथ ही लोगों को राम मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वार्ड पार्षद सतीश कुमार गुप्ता, अनिल सिंह, मनोज चौहान, अवनीश कुमार राजू, नरेश सिंह, आलोक कुमार आदि उपस्थित रहे। सुल्तानगंज थाना क्षेत्र से निकाले जाने वाले शोभा शयात्रा बाबा भूतेश्वर नाथ मंदिर , साईं मंदिर, रानी घाट स्थान से निकाली जाएगी। अध्यक्ष शंकर वर्मा ने बताया कि 22 जनवरी को अपराह्न दो बजे बैंड बाजा, घोड़ा झांकी के साथ महिला कीर्तन मंडली रहेगी। भारत माता पूजा समिति, नीमतल, देवी स्थान, घघा घाट के अध्यक्ष विकाश कुमार एवं दीपक कुमार ने बताया कि मंदिर से शोभायात्रा अपराह्न दो बजे मंदिर परिसर से निकाली जाएगी। गंगा सेवा दल समन्वय समिति की ओर से कंगन घाट पर दीपोत्सव का कार्यक्रम होगा। इसका उद्घाटन अयोध्या के संत नागा बाबा उर्फ तेलपानी बाबा करेंगे। अध्यक्ष डॉ राजीव गंगौल की अध्यक्षता व सचिव पंडित राजेश शुक्ला टिल्लू के संचालन में हुई बैठक में आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज अठधरा, पूर्व डीएसपी विजय कुमार यादव आदि उपस्थित थे। भद्र घाट पर मां गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार की देखरेख में और खाजेकलां घाट पर भी मां गंगा सेवा समिति की ओर से आयोजन किया गया है।

नव मतदाता सम्मेलन आज

पटना सिटी (प्राकि)। भाजपा युवा मोर्चा के अगमकुआं मंडल की बैठक मोगलपुरा स्थित गौरी उत्सव हॉल में हुई। बैठक मंडल अध्यक्ष मुरारी महतो की अध्यक्षता में हुई। इसमें महानगर युवा मोर्चा अध्यक्ष मयंक जयसवाल, मंडल अध्यक्ष अजय पंडित, महानगर मंत्री स्मिता रानी, महानगर मीडिया प्रभारी अश्विनी राज यादव, राजू मेहता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में मूल रूप से रविवार को आयोजित नव मतदाता सम्मेलन को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री आकाश केसरी ने किया। बैठक में संजय शर्मा, राजू गुप्ता, अनुराग कुमार, धीरज कुमार, नितिन कुमार, राजेश चौधरी, बबलू चौहान, अंकित कुमार, प्रकाश चौधरी, चंदन पंडित, हरि पंडित, राजेश चौधरी, अभिषेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

मंगल तालाब व कंगन घाट का सौंदर्यीकरण करने को तैयार बाबा भूरीवाले

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शहर का हृदय स्थल मंगल तालाब यानी गांधी सरोवर है। इसकी देखरेख के लिए मंगल तालाब विकास समिति बनी है। इसके अध्यक्ष पहले डीएमऔरअब एडीएम स्तर के अधिकारी व सचिव सिटी एसडीओ हैं। सदस्यों में स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव से लेकर अन्य विभाग के अभियंता व पदाधिकारी शामिल हैं। मगर मंगल तालाब की स्थिति बेहद दयनीय बनी है। जगह-जगह से रेलिंग टूटा है। जौगिंग ट्रैक की हालत खस्ता है। रोड में गड्ढे हैं और नाला दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। ऐसे में मंगल तालाब के चारों ओर सुबह में सैर करने के लिए निकले कारसेवा वाले संत बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले खासा दुखी हुए। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि वह इसका सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार करना चाहते हैं। उनकी कोशिश होगी कि यदि प्रशासन, नगर विकास विभाग और पटना नगर निगम लिखित में अनुमति दे, तो इसके जीर्णोद्धार का काम वे कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान उन्होंने देखा कि तालाब को जिस तरीके से लोहे के ग्रिल से घेरेबंदी की गई है, वह जगह-जगह टूटा हुआ है। किनारे में गंदगी भी दिखाई दी। जलकुंभीनुमा हरा-हरा पानी में दिख रहा है। जौगिंग ट्रैक की हालत खस्ता है। रोड की हालत भी बहुत बुरी बनी हुई है। ऐसे में सुबह-शाम यहां स्वास्थ्य लाभ के लिए पहुंचने वाले लोगों एवं इस रास्ते से गुजरने वालों को भी खासा परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रशासन और नगर निगम के अधिकारी उन्हें लिखित में अनुमति दें, तो वे मंगल तालाब के चारों ओर रेलिंग को दुरुस्त करने के साथ ही उसका रंग-रोगन कर देंगे। साथ ही किनारे में रहे जौगिंग ट्रैक को भी सुधार देंगे। इसके अलावा बैठने के लिए जगह-जगह बेंच भी बना देंगे।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, रविवार, 21 जनवरी, 2024

जदयू मुख्यालय में वैश्य समाज के 600 से अधिक लोगों ने ली पार्टी की सदस्यता

बिहार अपनी उपलब्धियों से देश-दुनिया को कर रहा है आकृष्ट: विजय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ द्वारा बिहार प्रदेश जदयू मुख्यालय स्थित कपूरी सभागार में शनिवार को सदस्यता-ग्रहण सह मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें वैश्य समाज के 600 से अधिक लोगों ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में ऐसा माहौल बनाया है कि आज प्रदेश के अंदर व्यवसायिक गतिविधियां लगातार तेज गति से आगे बढ़ रही हैं। श्री नीतीश कुमार व्यावसायिक वर्ग के हितों की पूरी चिंता करते हैं एवं उनकी हर प्रकार की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में आज बिहार अपनी उपलब्धियों से देश-दुनिया को आकृष्ट कर रहा है। जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने 18 वर्षों के कार्यकाल में बिहार में कानून का राज स्थापित किया। कोई कितना भी बड़ा क्यों ना हो, वो कानून को हाथ में नहीं ले सकता। कानून-व्यवस्था के मामले में आज बिहार देशभर में अव्वल है, इसलिए आज दुनियाभर के इन्वेस्टर्स का बिहार के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है और बड़ी संख्या में लोग बिहार में अपना उद्योग-धंधा लगाने आ रहे हैं। भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि पहले बिहार के व्यवसायी खुद को असहज महसूस करते थे लेकिन अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में व्यावसायिक वर्ग के लोग उन्मुक्त होकर अपना काम करते हैं।

इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी, विधानपार्षद सह मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह गांधीजी, विधानपार्षद सह प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, अतिपिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ नवीन कुमार आर्य, जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप, जदयू व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनजी प्रसाद, जदयू के प्रदेश महासचिव कमल नोपानी, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य मुकेश जैन, आदि उपस्थित रहे।

नीतीश कुमार ने लौटाया बिहार का पुराना गौरव : उमेश

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिष्ठित वैश्य समाज के इतने लोगों के एक साथ आने से हमारी पार्टी और न्याय के साथ विकास की धारा को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि श्री नीतीश कुमार ने दानवीर भामाशाह की जयंती को राजकीय समारोह के रूप में मनाने एवं राजधानी पटना में उनकी आदमकद प्रतिमा को स्थापित करने का काम किया है। हमारे नेता ने सभी महापुरुषों को सम्मान दिया है और बिहार का पुराना गौरव लौटाया है। उन्होंने सभी लोगों का आह्वान किया कि 24 जनवरी को आयोजित जननायक कपूर्री ठाकुर जी के जन्मशताब्दी समारोह को ऐतिहासिक बनाएं। विधानपार्षद सह कोषाध्यक्ष ललन सर्राफ ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण बिहार में जातिगत गणना का काम संभव हुआ और आरक्षण का दायरा बढ़कर 75 प्रतिशत हुआ। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। 94 लाख गरीबों को स्वरोजगार के लिए दो-दो लाख रुपए देने की घोषणा की गई है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों और तबकों का विकास सुनिश्चित किया।

ये हुए शामिल : कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग आयोग की पूर्व सदस्य कंचन गुप्ता, स्वामी विवेकानंद कॉलेज एवं चिकित्सालय के निदेशक व सचिव डॉ यू पी गुप्ता, पूर्व डीआईजी अजय कुमार, पूर्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मृदुला कुमारी, साहू समाज बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद साह, साहू समाज के प्रदेश महामंत्री सुरेश कुमार साहू, रोहतास राईस मिल ऑनर संतोष गुप्ता, कैमूर वैश्य सभा के अध्यक्ष कैप्टन त्रिवेणी साह, महिला साहू समाज की पूर्व अध्यक्ष मंजू गुप्ता, पटना हाईकोर्ट की अधिवक्ता मीनू कुमारी, चंदना गुप्ता, कृष्णा प्रसाद, नित्यानंद गुप्ता, विनोद गुप्ता, भीमसेन प्रसाद गुप्ता, सोनी कुमारी, शशिशंकर पोद्दार आदि लोगों ने जदयू की सदस्यता ली।

जय श्री राम के उद्घोष के साथ श्री राम मंदिर प्रतिकृति रथ रवाना

- लंबी लड़ाई के बाद 22 को भव्य मंदिर में विराजमान होंगे रामलला : सम्राट
- श्री राम जानकी मंदिर ठाकुरबाड़ी से पटना महावीर मंदिर तक निकाली गई शोभायात्रा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

श्री श्री रामनवमी शोभायात्रा अभिनंदन समिति के तत्वाधान में शनिवार को पटना के कदमकुआं स्थित श्री राम जानकी मंदिर ठाकुरबाड़ी से पटना महावीर मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने इस मौके पर भक्तिपूर्ण माहौल और जय श्री राम के उद्घोष के बीच श्री राम मंदिर की प्रतिकृति रथ की आरती वन्दना कर उस रथ को रवाना किया। सम्राट चौधरी ने इस मौके पर अयोध्या में श्री राम मंदिर की चर्चा करते हुए कहा कि 500 सालों से भगवान राम को भी ऐसे भागीरथ का इंतजार था जो उन्हें मंदिर बनाकर स्थापित करें। इसके लिए हिंदुओं और सनातनियों ने लंबी लड़ाई लड़ी, संघर्ष किए और इसका प्रतिफल है कि अब भगवान श्री राम 22 जनवरी को भव्य मंदिर में स्थापित होंगे। उन्होंने कहा कि अब अयोध्या की पवित्र धरा में प्रभु श्री राम भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इस दिन की प्रतिक्षा करोड़ों सनातनियों को वर्षों से थी। इस मौके पर विधायक नंदकिशोर यादव ने कहा कि पूरा देश राममय हो चुका है , राम के रंग में रंग चुका है और भक्तिपूर्ण माहौल बना हुआ है। विधायक नितिन नवीन ने कहा कि जिस प्रकार अयोध्या में श्री राम पधार रहे हैं और जिस तरह से पूरा देश राम के रंगों में रंगा हुआ है। पटना की धरती भी इससे अछूती नहीं है। पटना में लगातार तीन दिनों तक श्री रामनवमी कमेटी के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे इस मौके पर दीघा विधायक संजीव चौरसिया, विधान पार्षद राजेंद्र गुप्ता, मेयर सीता साहू , डिप्टी मेयर रश्मि चंद्रवंशी , श्री श्री रामनवमी शोभायात्रा अभिनंदन समिति के अध्यक्ष सरदार जगजीवन सिंह बबलू, नितिन , अभिषेक, कुलभूषण, निरंजन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ठाकुरबाडी से प्रारंभ यह रथ यात्रा एग्जीबिशन रोड, डाक बंगला चौराहा होते हुए पटना जंक्शन स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर पर रुकी। यहां आरती की गई और उसके बाद डाक बंगला चौराहा के समीप आकर सभी पूजा कमेटियों को दीप वितरण किया गया।

आगामी विस चुनाव में अति पिछड़ों को 75 सीट देगा जन सुराज : प्रशांत

- आबादी की भागीदारी के तर्ज.पर काम कर रहा जन सुराज
- हर वर्ष 500 अति पिछड़े छात्रों की पढ़ाई पर खर्चे करने की घोषणा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जन सुराज के संस्थापक और पदयात्रा अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा है कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में जन सुराज अति पिछड़े समाज से पचहत्तर लोगों को उम्मीदवार बनाएगा तथा उन्हें अपने खर्चे पर चुनाव लड़ाया जाएगा। उन्होंने कहा है कि जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी भागीदारी के तर्ज.पर दलितों, अल्पसंख्यकों तथा समाज के सभी वर्गों को संगठन में, विधानसभा और संसदीय चुनाव में टिकट देकर चुनाव लड़ाया जाएगा। वे शनिवार को पटना के बापू सभागार में आयोजित जन नायक कपूर्री ठाकुर जन्म शताब्दी समारोह सह अति पिछड़ा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार के अति पिछड़ा समाज के पांच सौ लोगों को प्रति वर्ष कम्पीटीटिव एक्जाम की तैयारी कराने का सभी खर्च जन सुराज करेगा। प्रशांत किशोर ने कहा कि पिछले बत्तीस वर्षों से जिन राजनीतिक दलों ने आपसे वोट लेकर सरकार चलाया उन सभी ने न केवल अति पिछड़ों, पिछड़ों, दलितों और अक्लियतों को धोखा दिया वल्कि अशिक्षित और बेरोजगार बना कर छोड़ दिया। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि यदि बिहार की मौजूदा सरकार अति पिछड़ों, दलितों, पिछड़ों, अक्लियतों की हिमायती हैं तो मंत्री मण्डल में उनकी आबादी के अनुसार जगह दें। प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार को बदलना है तो आपको अपने बच्चों के लिए संगठित होकर जन सुराज संकल्प से जुड़ने की जरूरत है। प्रशांत किशोर ने कहा कि जात और धर्म की राजनीति ने बिहार को मजदूर बनाने की फैक्ट्री बना दी है। अब हमें जात और धर्म से ऊपर उठकर अपने व अपने बच्चों के भविष्य के लिए वोट करने की जरूरत बताया। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि तेजस्वी यादव को शीघ्र मुख्यमंत्री बना देना चाहिए ताकि जनता को अगले विधानसभा चुनाव के पहले उनकी योग्यता और क्षमता समझ में आ जाए। उन्होंने सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ जनसुराजी नेता संतोष महतो ने की। श्री महतो ने प्रशांत किशोर जी का स्वागत किया और अंगवस्त्र ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। मंच संचालन प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर एवं डॉ मंतोष सहनी ने किया। अवकाश प्राप्त आईएएस एन पी मण्डल ने अतिथियों एवं बिहार के कोने कोने से आये लोगों का स्वागत किया और विषय प्रवेश कराया। सभा को जन नायक कपूर्री ठाकुर के पौत्र डॉ अभिनव आनंद, विधानपार्षद सच्चिदानंद राय, विधानपार्षद अफाक अहमद , प्रो ए के साहनी, प्रो शिवजतन ठाकुर,विजय कुमार चौधरी,वीर प्रसाद महतो, राम पुकार मेहता, सुरेश शर्मा,प्रो कामेश्वर पंडित,प्रो दिलीप कुमारपाल , गोरख महतो समेत अनेक नेताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर कार्यालय प्रभारी मोहित सिन्हा, अभिषेक बाबा, विनय कुमार झा, राज कुमार पाठक उर्फ बाबा, शशि कुमार, रीषभ त्रिपाठी, गीता पाण्डेय, रेखा सोरेन, वन्दना समेत अनेक जनसुराजी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना से 28 अभ्यर्थी को लाभ

- 68वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में अंतिम रूप से हुए चयनित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना से लाभान्वित 28 अभ्यर्थी बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 68वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में अंतिम रूप से चयनित हुए हैं, जिसमें से टॉप 60 में आकाश कुमार ने 9 वां, आशीष कुमार ने 27वां, नीरव कुमार पाल 28 वां, दीपक कुमार 42 वां रैंक हासिल किया है। आकाश को वर्ष 2023में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा संचालित प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्णोपरान्त मुख्य परीक्षा की तैयारी हेतु मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के तहत 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गयी थी। सफल 28 अभ्यर्थियों में 10 अभ्यर्थी को वर्ष 2023 में एवं 18 अभ्यर्थियों को पूर्ववर्ती वर्षों में मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना से लाभान्वित किया गया था, जिसमें 07 प्रखण्ड अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण पदाधिकारी, 05 सहायक आपदा प्रबंधक पदाधिकारी, 04 श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के पद पर चयनित हुए हैं। उक्त सभी अभ्यर्थियों की सफलता पर माननीया मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एवं पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रधान सचिव, श्री पंकज कुमार, भा0प्र0से0 द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाईयाँ दी गयी है। ज्ञातहो कि पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 से संचालित मुख्यमंत्री अत्यंतपिछड़ा वर्ग सिविल सेवा प्रोत्साहन योजनान्तर्गत अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को बिहार लोक सेवा आयोग (संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा) तथा संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण होने के उपरांत मुख्य परीक्षा की तैयारी हेतु क्रमशः पचास हजार रुपए एवं एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दिये जाने का प्रावधान है।

गणतंत्र दिवस पर खादी मॉल में 50 प्रतिशत की छूट

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर पटना के खादी मॉल में गणतंत्र दिवस स्पेशल सेल की व्यवस्था की गई है। इस खास मौके पर खादी, हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट उत्पादों पर 50 प्रतिशत के भारी छूट का प्रावधान किया गया है। गांधी मैदान स्थित खादी मॉल में खादी के कपड़े,हैंडलूम एवं हस्तशिल्प सीधे आधे दाम पर मिल रहे है। गणतंत्र दिवस सेल को लेकर मॉल में तिरंगा झंडा,अशोक स्तंभ,बैज,अंगवस्त्रम,तिरंगा के रंग में रंगा कपड़ा भी मुहैया कराया जा रहा है। सेल को लेकर मॉल में आय दिन ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। पुराने ग्राहक से लेकर नए ग्राहक,सभी 50 प्रतिशत छूट का लाभ उठा रहे हैं। बिहार राज्य खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी दिलीप कुमार ने इस संबंध में बताया कि राज्य के बुनकरों को बाजार देने के लिए खादी मॉल में पचास प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले यह सेल गांधी जयंती 2023 के अवसर पर पूरे अक्टूबर माह तक लगाया गया था। जिसमें खादी वस्त्रों की जमकर खरीदारी की गई थी। वर्ष 2024 के जनवरी माह में लगे इस सेल में भागलपुरी सिल्क, मधुबनी की मसलीन, नालंदा, आरा, गया के सूती वस्त्रों की बिक्री हो रही है। इस सेल का सीधा लाभ राज्य के बुनकरों व कारीगरों को मिलेगा। खादी मॉल में साड़ी, धोती, कुर्ता सहित सभी तरह के कपड़े आधी कीमत पर मिल रही है। उपभोक्ता सेल के शेष दिनों का लाभ बिना विलंब किए उठायें ताकि उनकी पसंद के उत्पाद उन्हें मिल जाए। ऐसे मंच को मैं पहली बार देख रहा हूँ। बिहार में बनने वाली चीजों की इतनी बड़ी कलेक्शन को देखकर मैं यहाँ के आर्ट एंड कल्चर का फैन हो गया हूँ और 50प्रतिशत सेल के समय आने का खूब फायदा भी हुआ है। अब बैग भर कर मैं इन हैंडीक्राफ़्ट्स को मुंबई ले जा पाऊँगा। वहीं, बिहार राज्य खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड,पटना के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी दिलीप कुमार ने इस संबंध में बताया कि राज्य के बुनकरों को बाजार देने के लिए खादी मॉल में पचास प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले यह सेल गांधी जयंती 2023 के अवसर पर पूरे अक्टूबर माह तक लगाया गया था। जिसमें खादी वस्त्रों की जमकर खरीदारी की गई थी। वर्ष 2024 के जनवरी माह में लगे इस सेल में भागलपुरी सिल्क, मधुबनी की मसलीन, नालंदा, आरा, गया के सूती वस्त्रों की बिक्री हो रही है। इस सेल का सीधा लाभ राज्य के बुनकरों व कारीगरों को मिलेगा। खादी मॉल में साड़ी, धोती, कुर्ता सहित सभी तरह के कपड़े आधी कीमत पर मिल रही है। उपभोक्ता सेल के शेष दिनों का लाभ बिना विलंब किए उठायें ताकि उनकी पसंद के उत्पाद उन्हें मिल जाए।

भाजपा को कांग्रेस की पिच पर खेलने के लिए मजबूर करेंगे : अखिलेश

पटना। प्रदेश कांग्रेस ने 2024 की लोकसभा चुनाव की तैयारी को धारदार और आक्रामक बनाने की प्रक्रिया व्यवहारिक तौर पर शुरू कर दी। इस बावत शनिवार को पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व विधान पार्षद प्रेम चन्द्र मिश्र के नेतृत्व में गठित स्टेट वार रूम की पहली बैठक की गयी जिसमें प्रदेश अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह एवं राष्ट्रीय सचिव सह बिहार प्रभारी अजय कपूर ने शिरकत की। बैठक में कांग्रेस की विचारधारा की प्रचार-प्रसार को असरदार बनाने के लिए जरूरी सभी पहलुओं पर गहनता से विचार-विमर्श किया गया। बैठक पार्टी के नेशनल वार रूम की देख-रेख में की गयी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि भाजपा का प्रचार तंत्र जिस तरह झूठ का प्रचार कर रहा है और भ्रम फैला रहा है उसका पदार्फाश करना एवं कांग्रेस की विचारधारा को वूथ स्तर तक असरदार तरीके से प्रचारित करना इस बार रूम का मकसद है। भाजपा को कांग्रेस की पिच पर खेलने के लिए मजबूर करना वार रूम की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि झूठ की बुनियाद पर टिकी भाजपा की विचारधारा और उसके द्वारा बनाये जा रहे झूठे नेरेटिव का उसी की भाषा में जबाव देना होगा। तत्काल प्रभाव से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में भी इसकी भूमिका होगी।

ईश्वरी प्रसाद की स्मृति में शोकसभा का आयोजन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

प्रो ईश्वरी प्रसाद एक आला दर्जे के अर्थशास्त्री सामाजिक न्याय आंदोलन के चिंतक और किसान आंदोलन को उसके सही परिप्रेक्ष्य में व्याख्यायित करनेवाले रिसर्च स्कॉलर थे। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनको जो प्रतिष्ठा देश के बाहर दी गई बिहार में उन्हें उतना ही उपेक्षित रखा गया। उनकी पुस्तक शूद्र राजनीति का भविष्य,भारत में किसान आंदोलन और आरक्षण : समानता का एक अवसर अकादमिक जगत में मील के पत्थर हैं। उनके सम्पूर्ण लेखन को किताब के स्वरूप में लाना आज की फौरी जरूरत है। ये बातें स्थानीय जगजीवन राम संसदीय अध्ययन और राजनीतिक शोध संस्थान पटना सभागार में जेएनयू के पूर्व प्राध्यापक प्रो. ईश्वरी प्रसाद की शोक सभा में कही गई।

डा. लोहिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस शोकसभा में विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष गिरीश चौधरी आयोग के सदस्य डा. अशोक कुमार, उमेश विश्वास और उपेन्द्रनाथ वर्मा ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर ईश्वरी प्रसाद की पुत्री उषा प्रसाद, उनके दामाद सुभाष प्रसाद और उनके नाती पीयुष ने अपने पारिवारिक जीवन से जुड़े कई सारे अनुभव साझा किया। इंजीनियर संतोष यादव ने कहा कि गांव की पृष्ठभूमि से लंदन स्कूल आफ इकोनामिक्स तक और जेएनयू से पटना तक की यात्रा में ईश्वरी बाबू में हमेशा एक ज्ञान व्याकुल व्यक्तित्व हावी रहा जिसकी वजह से वह इतने सारे महत्वपूर्ण काम कर पाये। शिवदयाल, महेन्द्र सुमन, गोपाल कृष्ण, उपेन्द्रनाथ वर्मा जगनारायण सिंह यादव, कुमार मुकुल अनील ठाकुर राजवीर पंवार, अशोक यादव,संजीव चंदन,सुनील कुमार, अनंत सिनहा, राजेश ठाकुर, नीरज कुमार डा. विनोद पाल अरुण नारायण, उमेश रजक, मीरा यादव और सौरभ कुमार ने ईश्वरी बाबू से जुड़े अपने अनुभव साझा किया। कार्यक्रम का संचालन डा. लोहिया फाउंडेशन के संयोजक ईण.संतोष यादव ने किया।

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को सौंपा पत्र

पटना। बिहार भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को पटना के जिलाधिकारी कार्यालय जाकर जिलाधिकारी को एक पत्र सौंप कर आरक्षित मिलर हाई स्कूल को खाली कराने की मांग रखी है। प्रतिनिधि मंडल द्वारा जिलाधिकारी को सौंपे गए पत्र में कहा गया है कि 24 जनवरी के लिए भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जननायक कपूर्री ठाकुर जनशताब्दी समारोह मनाने के उद्देश्य से नियमानुसार मिलर हाई स्कूल का ग्राउण्ड का नियमित शुल्क के भुगतान कर आरक्षित करवाया गया है। लेकिन, जनता दल यूनाईटेड के द्वारा ग्राउण्ड में व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है, जिसके कारण भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आक्रोशित है। पत्र के अंत में कहा गया है कि आगामी 24 जनवरी 2024 के कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए मिलर हाई स्कूल के मैदान को अविलम्ब खाली कराया जाये तथा सरकारी बोर्डों से एक दल विशेष का होर्डिंग हटाकर दलों के बीच के टकराव को रोका जाये।

अद्भुत राजनेता,साहित्यकार और संस्कृति-पुरुष थे डा पूर्णेंदु नारायण सिन्हा

97वीं जयंती पर साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुआ समारोह, कवियों ने दी काव्यांजलि

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

अपने समय में बिहार के विशेषकर राजधानी के सांस्कृतिक-धड़कन बने रहे राजनेता और साहित्य-सेवी डा पूर्णेंदु नारायण सिन्हा का व्यक्तित्व अद्भुत था। औपचारिकता से सर्वथा दूर का संबंध रखनेवाले डा सिन्हा आत्मीय संबंधों में विश्वास करते थे। जीवन-भर इसका निर्वाह भी किया। उनके कारण पटना में उत्सवों की झड़ी लगी रहती थी। कौमुदी-महोत्सव हो या महामूर्ख-सम्मेलन या फिर कला, संगीत और नाट्य के समारोह, सबके अगुआ डा सिन्हा होते थे। उत्सवों और संस्थाओं की गिनती नहीं की जा सकती थी, जिनसे उनके सरोकार थे। सभी सारस्वत कार्यों और सेवाओं के प्राण थे डा पूर्णेंदु। यह बातें बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में डा पूर्णेंदु की 97वीं जयंती पर आयोजित समारोह और कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि एक राजनेता को कैसा होना चाहिए, डा पूर्णेंदु उसके उत्तर, उदाहरण और आदर्श थे। पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और राज्य उपभोक्ता संरक्षण आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति को बल प्रदान करने वाले राजनेता डा पूर्णेंदु नारायण सिन्हा को उनके सद्गुणों के साथ स्मरण कारने के लिए उनकी जयंती पर समारोह आयोजित कर साहित्य सम्मेलन ने बड़ा कार्य किया है। बिहार हिन्दी प्रगति समिति के अध्यक्ष कवि सत्यनारायण ने कहा कि जिन लोगों ने छठे दशक में पटना की गतिविधियाँ नहीं देखी, वे पूर्णेंदु बाबू को नहीं जान सकते। उनके एक हाथ में राजनीति और दूसरे हाथ में साहित्य और संस्कृति थी। सुप्रसिद्ध सनायुरोग विशेषज्ञ पद्मश्री डा गोपाल प्रसाद ने कहा कि पूर्णेंदु बाबू बिहार के गौरव-पुरुषों में से एक थे। बिहार के अपर पुलिस महानिदेशक जितेन्द्र सिंह गंगवार, बिहार और झारखंड के मुख्य डाक महाध्यक्ष अनिल कुमार, भारतीय प्रशासनिक सेवा से अवकाश प्राप्त अधिकारी सुधीर कुमार राकेश, डा पूर्णेंदु के पुत्र और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के पूर्व निदेशक प्रवीण कुमार, मगध विश्वविद्यालय में प्राचार्य रहे प्रो निर्मल कुमार श्रीवास्तव, एम्स,पटना में चिकित्सक डा संजीव कुमार, सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधुवाला वर्मा तथा पारिजात सौरभने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ कवि सत्यनारायण ने किया । वरिष्ठ गीतकार आचार्य विजय गुंजन, डा मेहता नगेंद्र सिंह, शायरा तलत परवीन, जीतेन्द्र मनस्विन, चितरंजन भारती, सिद्धेश्वर, अरविन्द कुमार सिंह, डा अर्चना त्रिपाठी, सचिन बैजनाथ, सदानन्द प्रसाद, ई अशोक कुमार, श्रीकांत व्यास, अरविंद अकेला,डा सुषमा कुमारी, अरविंद कुमार वर्मा, संजय श्रीवास्तव, रविशंकर वरियार आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी सुमधुर काव्य-रचनाओं से डा पूर्णेंदु को काव्यांजलि अर्पित की। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया। वरिष्ठ प्राध्यापक डा संजीव नाथ, विश्वरुपम, कर्मवीर प्रसाद, डा मनोज कुमार मिश्र, सुधीर कुमार राकेश, ऋषि राज सिन्हा, शशिभूषण सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, शीला संधवार, सुजीत कुमार वर्मा, विनोद कुमार लाभ, संदीप कमल, नीतू चौहान, कुमार गंगेश गुंजन, डा संजय कुमार संथालिया, बाँके बिहारी साव समेत बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

रथ पर सवार रामदरबार के साथ निकली मनभावन प्रभात फेरी

पटना। श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट के सदस्यों ने प्रभात फेरी सुबह साढ़े आठ बजें नागा बाबा ठाकुरवाड़ी कदमकुआं से निकाली जो चूड़ी मार्केट से होते हुए बाकरगंज भिखमदास ठाकुरवाड़ी पहुंची, वहां पर भगवान राम, सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की आरती उतारी गई और माल्यार्पण किया गया, उसके बाद दरियापुर बहमस्थानी मंदिर द्वारा भी आरती एवं माल्यार्पण किया गया। इसके बाद मछुआ टोली, आर्यकुमार रोड, दिनकर गोलंबर से होते हुए नाला रोड, कांग्रेस मैदान होते हुए लगभग 11 बजें नागा बाबा ठाकुरवाड़ी पहुंची। सम्पूर्ण मार्ग में जगह जगह पर महिलाओं एवं अन्य लोगों द्वारा अभिनंदन किया गया जिसमे मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा भी अभिनंदन किया गया। संयोजक आशु गुप्ता, मुकेश नंदन, राकेश कुमार, प्रिंस कु राजू द्वारा विगत दस दिनों से की गई तैयारी प्रभात फेरी में दिखी। प्रेम गुप्ता और उनकी टीम ने सीता,राम, लक्ष्मण, हनुमान जी की भव्य झांकी का साकार रूप का दिग्दर्शन कराया, रथ की व्यवस्था अमित गोप द्वारा की गई थी, मीडिया प्रभारी मुनेश जैन, चंचला सिन्हा, कोमल बर्नवाल,सुषमा साहू द्वारा काफी संख्या में शामिल महिलाओं का नेतृत्व किया। झंडा पताका की व्यवस्थाओं में आर्य नंदन, हर्ष नंदन द्वय भाईयो द्वारा की गई थी। प्रभात फेरी में प्रमुख रूप से विधायक संजीव चौरसिया एवं नंद किशोर यादव, धर्मराज केसरी, संजय बर्नवाल, धनंजय कुमार, राजेश बजाज, एवं अन्य लोगों द्वारा शोभा यात्रा को सुशोभित किया गया।

बिहार में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए 25 समितियां गठित

पटना । राज्य में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 27 जनवरी को किशनगंज जिले से शुरू होगी। किशनगंज जिले में इसकी सफलता के लिए 25 अलग-अलग समितियां बनाई गई है। इसमें अध्यक्ष सहित 220 नेताओं को जिम्मेदार दी गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि राहुल गांधी दो बार बिहार में दाखिल होंगे। इसकी तैयारी बिहार कांग्रेस की ओर से जोर-शोर से की जा रही है। डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि सभी कमेटी को स्वीकृति दे दी गई है। कमेटी में विधायक, विधान पार्षद सहित पूर्व सांसदों को भी जिम्मेदारी दी गई है। बिहार में यात्रा 27 जनवरी को किशनगंज में प्रवेश करने की संभावना है। पहले चरण में उत्तर बिहार के किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, कटिहार सहित सात जिलों में 425 किलोमीटर यात्रा होगी। यात्रा का दूसरा चरण दक्षिण बिहार के सासाराम, कैमूर, औरंगाबाद में होगी। उन्होंने कहा कि 9 सदस्यीय कंट्रोल रूम कमेटी, 21 सदस्यीय प्लानिंग कमेटी, 6 सदस्यीय रूट कमेटी, 35 सदस्यीय मोबिलाइजेशन कमेटी, 17 सदस्यीय पब्लिक मीटिंग कमेटी, 10 सदस्यीय रोड शो कमेटी, 5 सदस्यीय एकोमोडेशन कमेटी, 8 सदस्यीय फूड कमेटी, 10 सदस्यीय ट्रांसपोर्टेशन कमेटी, 7 सदस्यीय इंफ्रास्ट्रक्चर एंड कैंपेनिंग कमेटी, 9 सदस्यीय ट्रैफिक मैनेजमेंट कमेटी, 7 सदस्यीय पब्लिसिटी कमेटी, 12 सदस्यीय मीडिया कमेटी, 7 सदस्यीय सोशल मीडिया कमेटी इस काम के लिए लगी हुई हैं। डॉ सिंह ने कहा कि इसके अलावा 7 सदस्यीय डेली प्रोग्राम एंड इंटरेक्सन कमेटी, 5 सदस्यीय सिविल सोसाइटी को-ऑडिनेशन कमेटी, 6 सदस्यीय कल्चरल कमेटी, 5 सदस्यीय लीगल कमेटी, 6 सदस्यीय परमिशन कमेटी, 7 सदस्यीय सुरक्षा कमेटी, 4 सदस्यीय अनुशासन कमेटी, दो सदस्यीय हेल्थ केयर कमेटी, 5 सदस्यीय पार्टिशिपेशन कमेटी, 6 सदस्यीय न्याय यात्री को-ऑर्डिनेशन कमेटी और 4 सदस्यीय पास कमेटी काम कर रही है।

महाप्रबंधक खंडेलवाल ने बरवाडीह में स्टेशन का किया निरीक्षण

पटना। महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने शनिवार को पतरातू स्थित जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड का दौरा कर मशीनों, उपकरणों आदि का मुआयना किया। महाप्रबंधक ने बरवाडीह स्टेशन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधा, संरक्षा, सुरक्षा सहित समस्त व्यस्थाओं का जायजा लिया। इसी क्रम में महाप्रबंधक बरवाडीह वर्कशॉप पहुंचे जहा उन्होंने विद्युत घरों तक कोयला परिवहन के लिए तैयार किए जा रहे मालगाड़ी के वैगन की निर्माण प्रक्रियाओं का जायजा लिया। साथ में धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे ।

संक्षिप्त खबरें

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश शोभायात्रा

आयोध्या में भव्य श्री राम मन्दिर निर्माण को लेकर मोहिउद्दीनपुर गांव (नयानगर) में समस्त ग्रामीण श्रद्धालुओं के द्वारा श्री श्री 1008 बजरंगवली का प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जिनकी प्राण-प्रतिष्ठा विधिवत पूजा अर्चना कर 22 जनवरी को होनी है। शोभा यात्रा में मौके पर मुखिया कन्हैया सिंह, निवर्तमान सरपंच अनिल कुमार गुप्ता, उपमुखिया नरेश दास, आनन्द दास, दिनेश दास, पप्पू दास, घनश्याम दास, उदय कुमार, श्याम सुन्दर पासवान, ।बिट्टू कुमार, कबीर शास्त्री, मनोज गुप्ता, रंधीर गुप्ता, सुमन कुमार गुप्ता, राहुल गुप्ता, लालबाबू गुप्ता, सनातन दास, रवींद्र दास, अशोक दास, संतोष गुप्ता, मेमराज दास, लक्ष्मण पासवान, बब्लू ठाकुर, राम प्रकाश दास, अमर दास, रोहित कुमार, सरोज गुप्ता, विजय गुप्ता, जितेंद्र कुमार, जयनारायण दास सहित हजारों श्रद्धालू उपस्थित रहें।

शिक्षा संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय मिल्की रमोली के परिसर में शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक रमेश कुमार ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के विभिन्न योजनाएं मुख्यमंत्री बालक बालिकाएं साइकिल योजना पोशाक योजना छात्रवृत्ति योजना सहित अन्य योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। मौके पर शिक्षक राकेश कुमार, किरण कुमारी सहित शिक्षक एवं अभिभावक मोजूद थे।

मृतक के परिजन को दिया पारिवारिक लाभ योजना की राशि

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत वासुदेवपुर गोपालपुर गांव में टैंकर और बाइक के हादसे में मृतक जितेंद्र दास के परिजन को प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपए का चेक दिया। मौके पर मुखिया चंदन कुमार, सरपंच दिलीप सहनी, गुड्डू कुशवाहा, भाकपा-माले अंचल सचिव दिनेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

बैंक में रुपए जमा कराने जा रहे व्यवसायी से तीन लाख की छिनतई

समस्तीपुर, शहर के मथुरापुर ओपी क्षेत्र में शनिवार को हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद बदमाशों ने मथुरापुर ग्रामीण बैंक के पास एक व्यवसायी तीन लाख 25 हजार रुपए की छिनतई कर सनसनी फैला दी और फरार हो गए। घटना दोपहर की बतायी गई है। व्यवसायी अपनी पत्नी के साथ बैंक में रुपए जमा कराने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह मथुरापुर घाट स्थित ग्रामीण बैंक के नीचे पहुंचे और अपने गाड़ी के डिक्की से रुपए निकाल रहे थे इसी दौरान पहले से घाट लगाए बाइक सवार बदमाशों ने उनसे रुपयों वाला बैग छीन लिया और फरार हो गए। हालांकि इस दौरान व्यवसायी ने शोर भी मचाया लेकिन तब तक बदमाश फरार होने में कामयाब हो चुके थे। पीड़ित व्यवसायी मथुरापुर वार्ड 13 के प्रकाश लाल ने इस संबंध में मथुरापुर ओपी में एक लिखित आवेदन भी दिया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि वह मथुरापुर एसबीआई ब्रांच से रुपए निकाल कर मथुरापुर ग्रामीण बैंक में जमा कराने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान ग्रामीण बैंक के नीचे पहुंचने पर बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दे दिया। उन्होंने बताया कि यार रुपए वह अपनी बेटी की शादी के संबंध में बैंक में जमा कराने जा रहे थे। बैंक के नीचे पहुंचने पर डिक्की से रुपए भरा बैग निकालने के दौरान बाइक सवार दो बदमाश आए और पलक झपकते ही बैग छीनकर फरार हो गए। वहीं इस संबंध में मथुरापुर ओपी अध्यक्ष मो. खुशबुद्दीन ने बताया कि घटना के संबंध में आवेदन मिलने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

सीडीएसएल ने पैन इंडिया वित्तीय साक्षरता अभियान नीव किया लॉन्च

निवेशकों के लिए सीडीएसएल की दो बहुभाषी परियोजनाओं की शुरूआत सेबी अध्यक्ष श्रीमती माधबी पुरी बुच ने एशिया की पहली सूचीबद्ध डिपॉजिटरी सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल), निवेशक को निवेश करने के लिए सीडीएसएल की दो बहुभाषी परियोजनाओं की शुरूआत की। सेबी अध्यक्ष श्रीमती बुच ने बीते 17 जनवरी को सिल्वर जयंती समारोह में इन पहलों को लॉन्च किया। 24 घंटे सातों दिन चैटबॉट चार भाषाओं में उपलब्ध है, जिसका लक्ष्य निवेशकों की राउंड प्रदान करके आत्मनिर्भरता की यात्रा को सरल बनाना एवं प्रतिभूति बाजारों की बारीकियों में सहायता करना है। साथ ही सीडीएसएल ने एक बहुभाषी सीएएस अपग्रेड पेश किया है, जिससे निवेशकों को 23 भारतीय भाषाओं के बीच अपनी पसंदीदा भाषा में अपने बयान प्राप्त करने की अनुमति मिलती है। नेहल वोरा, एमडी और सीईओ ने कहा कि सीबीआई अध्यक्ष द्वारा लॉन्च सीडीएसएल की नींव की पहल की शुरूआत करने के लिए यह हमारा विशिष्ट सम्मान है। सीडीएसएल ने 25 शहरों में वित्तीय साक्षरता फैलाने के लिए पैन-इंडिया वित्तीय साक्षरता अभियान नीव अभियान भी लॉन्च किया है।

गवाही देने जा रहे युवक को घेर कर अपराधियों ने मारी गोली, हुई मौत

कुछ महीने पूर्व हत्या मामले में जेल से बाहर आया था युवक, मगरदही घाट पुल पर अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

शहर के मथुरापुर ओपी क्षेत्र के मगरदही पुल पर शनिवार की सुबह दीनदहाड़े हथियार बंद अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए एक युवक को गोलियों से भून दिया। इससे वहां पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों व सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा उसे आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बेगूसराय जिले के बरौनी थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव के जगदीश पटेल का पुत्र सोनू कुमार 30 के रूप में की गई है। बताया गया कि वह बचपन से ही मथुरापुर ओपी क्षेत्र के गोविंदपुर में अपने नाना राधेश्याम मंडल के यहां रहा करता था। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों में हाहाकार मच गया। घटना के सम्बन्ध में परिजनों ने बताया कि सोनू शनिवार की सुबह अपने नाना राधेश्याम मंडल के साथ पैदल ही किसी शराब मामले गवाही देने के लिए कोर्ट जा रहा था। इसी दौरान लगभग 10:45 बजे हथियार से लैस चार की संख्या में आए अपराधियों ने उसे घेर लिया। जिसे देखकर सोनू ने भागने का प्रयास किया लेकिन अपराधियों ने उसे खदेड़कर कई गोलियां उसे मार दी। अपराधियों ने उसे तीन गोली मारी इससे वह वहीं मौके पर ही जमीन पर गिर पड़ा। वहीं सभी अपराधी पैदल ही वहां से फरार हो गए। इस घटना के बाद वहां सनसनी फैल गई और लोगों में दहशत का माहौल हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा ई-रिक्शा पर लादकर उसे आनन-फानन में सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के अनुसार बताया गया कि सोनू चार-पांच महीने पूर्व किसी हत्या मामले में जेल से छूट कर बाहर आया था। परिजनों के अनुसार आशंका जतायी जा रही है कि संभवत उसी मामले में बदला लेने को लेकर सोनू की हत्या की गई होगी। हालांकि इस घटना के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई थी। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी भी कर रही थी। वहीं पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगालने में जुटी हुई थी। वहीं इस घटना ने समस्तीपुर पुलिस की अपराध पर काबू पाने के दावों की कलई खोल कर रख दी है। वहीं इस संबंध में मथुरापुर ओपी अध्यक्ष मो. खुशबुद्दीन ने बताया कि घटना की सूचना की मिलने के बाद से ही पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। मृतक के परिजनों के अनुसार युवक हत्या मामले में जेल में बंद था और करीब चार-पांच महीने पूर्व ही जेल से छुट कर आया था। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। आवेदन मिलने के बाद आगे विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

विद्यालय संचालक के पिता के निधन पर क्षेत्र में शोक

हसनपुर, प्रात : किरण संवाददाता

हसनपुर प्रखंड के पटसा निवासी 89 वर्षीय वीरेंद्र नारायण मिश्र के असामयिक निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर है। बता दें कि पीसी स्कूल सकरपुरा के चेयरमैन संजय कुमार मिश्रा के पिता वीरेंद्र नारायण मिश्र का निधन पटना के एक निजी अस्पताल में हो गया। लोगों ने शोक जताते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वे शिक्षित व शिक्षा के प्रति लोगों में निरंतर जागृत करते रहे। गरीब परिवार के बच्चों शिक्षा से जोड़ने व धार्मिक अनुष्ठान में उनकी सहभागिता काफी होती थी। उनका अंतिम संस्कार बेगूसराय जिले के मिथिला धाम तेघड़ा में किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र विवेकानंद मिश्र ने दी। पीसी हाई स्कूल पटसा के निदेशक रामकिशोर राय ने बताया कि शिवाजीनगर प्रखंड के बुनियादपुर स्कूल से सेवानिवृत्त हुए थे। शोक जताने वालों में पूर्व विधायक सुनील कुमार पुष्पम, भाजपा नेता सुभाष चंद्र यादव, पीसी हाई स्कूल पटसा के निदेशक रामकिशोर राय, विवेकानंद मिश्र, संजय कुमार मिश्र, निरजन मिश्र, सरोज मिश्र, बैद्यनाथ झा, बंटू मिश्र, जिला पार्षद सुजीत कुमार सिंह, व्यवसायी मुकेश चौधरी, अशोक अग्रवाल, विकास बड़बड़िया, स्कीन्दर यादव, चीनी मिल के जीएम आरके तिवारी, सुग्रीव पाठक, पुनीत चौहान, डॉ एम के अमन, संदीप पाटिल, टीकम सिंह, सुभाष चंद्र झा उर्फ विदुर जी झा, जगन्नाथ झा, ब्रजेश यादव, विजय कुमार मिश्रा, प्रभाषचंद्र झा, अमित किशोर राय, अविनाश कुमार सन्नी, प्रेमशंकर दुबे, इंद्रेश चौधरी, पंकज पाठक, अंकुर मिश्रा, गौरीशंकर, अनिल मिश्र, विकास मिश्र, राजीव झा, रघु, अमित, प्रवीण, कृष्ण कुमार झा, गोपाल मिश्र, आदि थे।

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में विभिन्न संगठनों के साथ विधायक ने की बैठक

हसनपुर, प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण यह केवल एक मंदिर का निर्माण नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान के जागरण का उद्घोष भी है। 500 वर्षों के अन्तराल के बाद अयोध्या में राम जन्मभूमि पर रामलला 22 जनवरी को विराजने जा रहे हैं। भारत की करीब 25 पीढ़ियों ने राम मंदिर के मुद्दे पर देश के संघर्ष को देखा। हमारी पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि हमारे सामने राम मंदिर निर्माण का सपना साकार होने जा रहा है। उक्त बातें स्थानीय थाना परिसर में हुए बैठक में स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने कही। बैठक में लायंस क्लब रक्सौल, चेम्बर ऑफ कॉमर्स रक्सौल, इंडो नेपाल चेम्बर ऑफ कॉमर्स, भारत विकास परिषद समेत अन्य सामाजिक संगठनों के साथ बैठक में शामिल हुए। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में रक्सौल शहर में साफ सफाई और हर घर दिप जलाने सम्बंधित दिशा-निर्देश श्री सिन्हा ने दिया। वहीं नगर कार्यपालक पदाधिकारी को सफाई और सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। इसके पश्चात शहर में जनसंपर्क कर अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा उपरान्त दर्शन -पूजन का निमंत्रण देते हुए मन्दिर के आस-पास की साफ-सफाई के साथ 22 जनवरी को अपने-अपने घर पर दीप जलाने को लेकर आग्रह की। इस मौके पर बिहार भाजपा प्रदेश सह प्रभारी इंजीनियर जितेंद्र कुमार, राजकिशोर राय उर्फ उर्फ भगत जी, शंभू प्रसाद चौरसिया, अजय पटेल, राकेश कुशवाहा, राजकुमार गुप्ता, कन्हैया सर्राफ, पंकज कुमार, मृत्युंजय सिंह, आलोक श्रीवास्तव निजामुद्दीन आलम, पवन कुशवाहा गणेश धनोतिया, रजनीश प्रियदर्शी, प्रेम गुप्ता समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

जीएफएफटी फोरम का गठन के लिए बैठक आयोजित

हसनपुर, प्रात : किरण संवाददाता

आकांक्षी प्रखंड प्लानिंग फैसिलिटेशन टीम जीएफएफटी फोरम का गठन के लिए मुखिया कैलाश महतो की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर अंजय कुमार ने आगामी पंचायत विकास योजना को सुदृढ़ बनाने और सुनिश्चित करने के लिए पंचायत के विभिन्न विभाग के कर्मी व पंचायत फोरम के लिए बैठक में पंचायत के सभी क्षेत्रों से पंचायत फोरम व विभागीय कर्मी के ने सुझाव दिया। बैठक में पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर अंजय कुमार ने विकास योजना को लेकर जीपीपीएफटी फोरम के सदस्यों के साथ चर्चा की गई। साथ ही उन्होंने बताया कि पंचायत के विकास के लिए ग्रामीणों के शत-प्रतिशत सहयोग करने की अपील की। जिसमें पंचायत से जुड़ी हुई समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। एलएसडीजी से जुड़ी हुई समस्या में से दो थीम को चुनकर ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर 31 जनवरी 2024 तक अपलोड कर दिया जायेगा। अंजय कुमार ने ग्राम पंचायत विकास योजना के नौ थीम गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका गांव, स्वस्थ गांव, चाइल्ड फ्रेंडली गांव, जल पर्याप्त गांव, स्वच्छ और हरा-भरा गांव, आत्मनिर्भर इंफ्रास्ट्रक्रर वाला गांव, सामाजिक रूप से न्याय संगत और सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव, महिला हितेषी गांव पर के कार्यक्रम को बताया। साथ ही सतत विकास लक्ष्य को 2030 तक उद्देश्यों को पूर्ण करने के तरीके बताये गये। वहीं इस बार जीपीडीपी में लोगों द्वारा चयनित की गई समास्यों को ध्यान में रखते हुए एलएसडीजी की दो थीमों को चुना जायेगा। अंजय कुमार ने बताया कि संस्थागत प्रसव को पंचायत में बढ़ावा देना हैं, ताकि होम डिलीवरी को कम किया जा सकता हैं। इसी क्रम में उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान को ले कर ग्रामीण से स्वच्छता शुल्क देने का अनुरोध किया और साथ ही साथ एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत वहां उपस्थित लोगों को आयरन टैबलेट खाने और लोगों को ज्यादा से ज्यादा लोगों को अवेयर करने की अपील किया। मौके पर पंचायत सचिव विकास, उपमुखिया अभिनव कुमार, दिलीप राय, हरेराम, सुनील आदि मौजुद थे। प्रखंड के सकरपुरा में शिक्षा विभाग की लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में छात्रों व अभिभावकों को जानकारी देने के लिये शिक्षा संवाद कार्यकम अयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को शिक्षा विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों की कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। बीडीओ जयकिशन ने बताया कि लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को समुचित जानकारी नहीं रहने की स्थिति में उन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये आवेदन करने में उन्हें असुविधा होती है और कई बार जानकारी के अभाव में वे योजनाओं से वंचित रह जाते हैं, इसी के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग की मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना, मुख्यमंत्री बालक साइकिल योजना, मुख्यमंत्री किशोरी स्वास्थ्य कार्यकम योजना व अन्य योजनाओं की जानकारी विस्तार से छात्रों व अभिभावकों को दी गई। मौके पर बीडीओ जयकिशन, शिवजी मिश्रा, मुखिया रामसखा राय, सरपंच रामनरेश राय, मदनमोहन राय, पूर्व मुखिया जयप्रकाश राय, राजकुमार राय, अवनीश कुमार, सुधीर कुमार, नीलकमल राय आदि मौजुद थे।

जदयू कार्यालय में कर्पूरी जंयती को लेकर बैठक अयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रदेश जदयू अध्यक्ष के निर्देशानुसार शनिवार को प्रखंड जदयू कार्यालय में शताव्दी कपूर्री जयंती मनाने को लेकर प्रखंड जदयू अध्यक्ष रामबाबू सिंह के अध्यक्षता में दर्जनों जदयू कार्यकताओं की बैठक बुलाई गयी. बैठक के दौरान जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामबाबू सिंह ने उपस्थित सभी जदयू कार्यकताओं से कहा कि आगामी 24 जनवरी को वेटनरी कालेज पटना में शताव्दी कपूर्री जयन्ती भव्य पूर्वक मनाने को लेकर प्रखंड स्तर पर जोर शोर तैयारी की जा रही है.उन्होंने कहा कि 23 जनवरी 024 को संध्याकाल 5 वजे में खजौली से पाँच बसे में सैकड़ों जदयू कार्यकर्ता सवार होकर कपूर्री जयंती भाग लेने के लिए पटना के लिए प्रस्थान करेगें. जदयू सहकारिता प्रकोष्ठ जिला महासचिव शत्रुघ्न राउत ने सभी जदयू कार्यकताओं से अपील किया है कि जो व्यक्ति कपूर्री जयंती में पटना जाने के लिए उत्सुक है वे कार्यकर्ता निर्धारित समय एव तिथि को खजौली में पहुँच कर बस में स्थान ग्रहण करने की आग्रह किया है. इस मौके पर जिला जदयू कार्यक्रम प्रभारी राज कुमार झा, प्रखंड जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राम चलित्तर सिंह, जदयू नेता शत्रुघ्न राउत , डा. पवन कुमार सिंह, लक्ष्मण पंडित,धुरन दास,रामशोभित मंडल, कमलेश कुमार सिंह सहित दर्जनों जदयू कार्यकर्ता मौजूद थे।

जिलाधिकारी ने मीडिया के माध्यम से सड़क सुरक्षा को लेकर जिलेवासियों से किया अपील

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सड़क सुरक्षा माह 15 जनवरी 2024 से 14फरवरी 2024 को लेकर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा एवं एसपी सुशील कुमार ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता वाहन एवं मोटरसाइकिल रैली को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता वाहन सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर जाकर लोगो को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक करेगी। बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन नहीं चलाये।,बिना सीट बेल्ट बांधे चार पहिया वाहन नहीं चलाये ,वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करे आदि सड़क सुरक्षा के संबंध में लोगो को जानकारी देगी।अपने परिवार, समाज एवं संपर्क के सभी लोगों को भी वाहन चलाते समय यातायात के नियमों एवं प्रावधानों का पालन करने हेतु लोगो को प्रेरित करेगी। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों को सड़क सुरक्षा माह से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों तथा यातायात नियमावली की जानकारी के साथ आम एवं खास को जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं को एवं उससे होने वाली क्षति को सीमित करने के उद्देश्य से 15 जनवरी 2024 से 14 फरवरी 2024 तक जिले में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है।इसी परिपेक्ष्य में आज जागरूकता रथ एवं जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई है।उन्होंने उपस्थित मीडिया के माध्यम से जिला वासियों से अपील है कि , मोटरसाइकिल पर हेलमेट एवं चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें ,वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग ना करें ,नाबालिग बच्चों को किसी भी परिस्थिति में मोटर वाहन न चलाने दे, सड़क दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति की तत्क्षण मदद करें ,यातायात नियमों का जरूर पालन करें एवं अन्य को भी प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर जिले में कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगइसके अतिरिक्त वाहन चालकों का आंख जांच तथा चश्मा वितरण कार्यक्रम भी आयोजित है।उक्त अवसर पर एसपी सुशील कुमार, डीडीसी विशाल राज,एडीएम नरेश झा,डीटीओ एडीएम मुकेश कुमार,डीटीओ शशि शेखरम डीपीआरओ परिमल कुमार सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

मिथिला माइनॉरिटी डेंटल कॉलेज में 8 दिनों तक चलेगा खेलकूद प्रतियोगिता

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा मिथिला माइनॉरिटी डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल मनसुखनगर, एकमीघाट लहरियासराय दरभंगा के द्वारा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता जो स्पष्ट 2024 का आयोजन कॉलेज परिसर में पूर्व की भांति किया जा रहा है जो 21जनवरी से 28जनवरी तक चलेगा। जिसमें महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण किसी ने किसी रूप में इस कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी देते हुए कॉलेज के प्रबंधनिदेशक इम्बेसात शौकत ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्घाटन दरभंगा के नगर पुलिस अधीक्षक सागर कुमार मिश्रा द्वारा 21जनवरी को सुबह 10.30 बजे करेंगे, जबकि प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह में दिनांक 28जनवरी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुख्य अतिथि होंगे साथ ही ललित नारायण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुरेंद्र प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे उन्होंने यह भी बताया कि 8 दिनों तक चलने वाले इस खेलकूद प्रतियोगिता में 13 इवेंट शामिल किए गए हैं, जिसमें कबड्डी, क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल,खो खो, चेस,कैरम, 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़,शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, लॉन्ग जंप जैसे खेल कुद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि कॉलेज में इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन हर वर्ष इसलिए किया जाता है कि कॉलेज के छात्र एवं छात्राएं दिन रात अपनी पढ़ाई में व्यस्त रहते हैं छात्र एवं छात्राएं मानसिक रूप से थक जाते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने एवं प्रतियोगिता का हिस्सा बनने से मानसिक तनाव एवं थकावट कम होता है, साथ ही छात्रों के बीच एक सामंजस भी स्थापित होता है। श्री शौकत में बताया कि सभी प्रतिभागी जहां अपनी-अपनी तैयारी में लगे हुए हैं। वहीं मैदान पूरी तरह से तैयार हो गया है। कॉलेज के आयोजन समिति के सदस्य अपनी जिम्मेदारी के साथ लगे हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यह महाविद्यालय बिहार का एकमात्र कॉलेज है जहां इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। मिथिलांचल एवं उत्तर बिहार का एकमात्र पी जी डेंटल महाविद्यालय है जहां दांतों का इलाज आधुनिक तकनीक के माध्यम से सुयोग्य एवं अनुभवी डॉक्टरों के द्वारा किया जाता है, साथ ही 6 विभागों में स्नातकोत्तर की पढ़ाई के साथ-साथ लगभग 34 वर्षों से बीडीएस की पढ़ाई होती है। इसके अलावा यहां डेंटल हाइजीनिस्ट एवं डेंटल मैकेनिक्स की भी पढ़ाई होती है। अगले सत्र तो 24- 25 से दो नए विषयों में भी स्नातकोत्तर की पढ़ाई प्रारंभ होने वाली है। उन्होंने यह भी बताया कि समापन समारोह के दिन एक फूड फेस्टिवल का भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें कॉलेज के छात्र एवं छात्राएं भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने का काम करेंगे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर ए सुधीर ने कहा कि इस प्रतियोगिता में सभी छात्राएं भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर डॉक्टर मोहम्मद रजी अख्तर, प्रशासनिक पदाधिकारी डॉक्टर तौसीफ फजल, ओएसडी डॉ पूजा साहा , एवं पी आर ओ डॉक्टर हसन अशरफ उपस्थित थे।

कन्हौली लोहिया चौक पर रामलला की अक्षत एव निमंत्रण पत्र वितरण किया गया

हसनपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली राम लला की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह के नेतृत्व दर्जनों भाजपा कार्यकताओं द्वारा कन्हौली पंचायत के सभी वार्डो में भगवान राम लला की अक्षत एव निमंत्रण कार्ड वितरण कर सभी लोगो को अयोध्या धाम जाने की निमंत्रण दिया गया. इस दौरान बाबू बरही विधान सभा क्षेत्र के भाजपा पार्टी के संयोजक सह वर्तमान कन्हौली पंचायत के मुखिया अर्जुज सिंह ने कहा कि भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में कंहौली पंचायत के सैकड़ों राम भक्त लोगो द्वारा अयोध्या धाम पहुँच कर अपने नयन से भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा देखने का अवसर मिलेगा.उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम जाने के लिए कन्हौली पंचायत से राम भक्तों की भाजपा कार्यकताओं द्वारा रजिस्ट्रेशन शुरू कर दी है.वही भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष राम प्रवेश सिंह ने कहा कि कन्हौली पंचायत में अक्षत एव निमंत्रण पत्र लेकर हर वार्ड में पहुच कर डोर टू डोर सभी घरों में दिया गया.वही कन्हौली पंचायत के आम जनता ओं द्वारा अक्षत एव निमंत्रण पत्र वितरण करने वाले भाजपा कार्यकताओं को पुष्पमाल से स्वागत किया गया.इस अक्षत एव निमंत्रण पत्र वितरण को लेकर समस्त कन्हौली पंचायत रामभक्त की गूंज से भक्तिमय में विलीन हो गया.इस मौके पर रामभक्त विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष कृष्णदेव चौधरी, शक्ति केंद्र के प्रमुख अरुण कुमार सिंह, वार्ड सदस्य विजय कुमार दास,सुनील पासवान,धर्मनाथ चौधरी, राज कुमार सिंह,पंकज चौधरी,रविंद्र सिंह,राधे पंडित,सोना ठाकुर,रमेश सिंह,राजेश ठाकुर,कृष्णा पासवान,टुनटुन ठाकुर सहित दर्जनों रामभक्त शामिल थे.

संवाद कार्यक्रम का किया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

बहेड़ी। प्रखंड के प्लस टू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पघारी के प्रांगण में शनिवार को राज्य के मुख्य सचिव व जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रामरतन दास की अध्यक्षता व कुमार गंधर्व के मंच संचालन में शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन राजस्व पदाधिकरी शम्मी कुमार, मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार चौधरी व प्रो॰ गीता प्रसाद चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्घाटनकर्ता व राजस्व पदाधिकारी शम्मी कुमार ने कहा कि राज्य सरकार के शिक्षा विभाग व अन्य विभागों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी छात्र -छात्रा व अभिभावकों को दिये जाने का यह एक सार्थक प्रयास है।उन्होंने छात्रों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री बालक एवं बालिका साईकिल योजना, मुख्यमंत्री पोशाक योजना, मुख्यमंत्री किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना को छात्रों के लिए शिक्षा प्राप्त करने में महत्वपूर्ण साधन बताया।विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार चौधरी ने राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित मुख्यमंत्री छात्रवृति योजना, प्री - मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, मेधा - सह - आय छात्रवृति योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम को छात्र - छात्राओं के लिए शिक्षा प्राप्त करने के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण बताया।श्री चौधरी ने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक, मानसिक , धार्मिक व नैतिक शिक्षा को महत्वपूर्ण बताया।उन्होंने मिशन दक्ष, विशेष कक्षा, निपुण बिहार, इंस्पायर्ड अवार्ड सहित स्वास्थ्य विभाग व श्रम संसाधन विभाग द्वारा बच्चों के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।प्रो॰ गीता प्रसाद चौधरी ने उपस्थित छात्र व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार से मिलने वाली सहायता राशि शिक्षार्थियों को शिक्षा प्रदान करने में उत्प्रेरक का काम करती है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की।इस अवसर पर पूर्व मुखिया सुशील कुमार चौधरी आाध्यमिक विद्यालय यदूपिपड़ा में प्रखंड विकास पदाधिकारी शिल्पी कुमारी ने कार्यक्रम में भाग लिया।

किसान मजदूर कृषि रोजगार बचाओ - जमीन संविधान लोकतंत्र देश बचाओ, नारों के साथ किसान नेता का किया जाएगा भव्य स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

खगड़िया। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ एवं देश बचाओ अभियान का संयुक्त बैठक संपर्क कार्यालय खगड़िया में हुई जिसकी अध्यक्षता किरण देव यादव ने किया तथा विषय प्रवेश डॉक्टर कमल किशोर यादव ने किया। बैठक में 21 जनवरी 2024 को खगड़िया आगमन पर मुख्यमंत्री एवं किसान नेता राकेश टिकैत को मांग पत्र सौंपने, मानसी में किसान सभा करने, किसान रैली में भाग लेने आदि कई निर्णय लिया गया। संयुक्त किसान मोर्चा से संबंधित राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के बैनर तले राष्ट्रीय संयोजक शिव कुमार शर्मा उर्फ कक्का जी के आह्वान पर किसान बचाओ, मजदूर बचाओ, कृषि बचाओ, जमीन बचाओ, रोजगार बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ, देश बचाओ, नारों के साथ 12 सूत्री मांगों को लेकर मानसी में किसान मजदूर आम जनसभा का आयोजन किया जाएगा तथा राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत का भव्य स्वागत किया जाएगा। तथा मानसी से रैली निकालकर महेशखूंट चौथम के सभा में हजारों की संख्या में भाग लिया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रदेश संयोजक डॉक्टर कमल किशोर यादव एवं देश बचाओ अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष किरण देव यादव ने संयुक्त रूप से दिया। द्वय नेता श्री यादव ने बताया कि बदला बांध से फनगो हाल्ट तक रेलवे से पूरब 80 एकड़ जमीन का वर्षों से लंबित अधिग्रहण प्रक्रिया को समाप्त करने एवं रेलवे के पश्चिमी भाग से सर्वे नक्शा में सड़क की उपलब्ध जमीन पर विगत 8 वर्षों से लंबित राज्य पथ 95 सड़क निर्माण जल्द चालू करने, वर्ष 2011 में केंद्र सरकार द्वारा 2000 करोड रुपए की बिहार में इकलौता परियोजना खगड़िया में ह्न मेगा फूड पार्क ह्न का निर्माण कृषि विभाग की खाली पड़ी 150 एकड़ जमीन इमली स्टेशन से उत्तर में अवस्थित भूखंड पर करने, केंद्र सरकार से प्राप्त 14 वर्ष लंबित उक्त परियोजना मानसी एकनिया में बगैर अधिग्रहण किये बगैर जबरन उक्त भूखंड पर फर्जी ब्लैक लिस्टेड प्रिस्टाईन कंपनी से मुक्त कर पीड़ित किसानों को क्षतिपूर्ति मुआवजा के साथ जमीन वापस करने, फर्जी कंपनी द्वारा 75% अनुदान की राशि 1500 करोड रुपए एवं 100 एकड़ छोटे किसान की वास का जमीन को हड़पने की साजिश पर रोक लगाने, वियाडा प्रिस्टाईन के विरुद्ध संघर्षरत किसानों पर की गई फर्जी मुकदमा को समाप्त करने, वियाडा प्रिस्टाईन कंपनी एवं मेगा फूड पार्क का उच्च स्तरीय सीबीआई से जांच करने तथा दोषी पर कार्रवाई करने एवं कंपनी द्वारा उक्त भूखंड पर लगी फलदार एवं अन्य वृक्षों की कटाई पर रोक लगाने, संस्कृत कॉलेज एवं श्यामलाल ट्रस्ट एवं मठ ठाकुरबाड़ी के जमीन पर मेडिकल एवं तकनीकी व कामर्शियल शिक्षण संस्थान की स्थापना करने , बिहार सरकार की उपलब्ध जमीन पर कृषि आधारित एवं अन्य उद्योग लगाने, गैर मजरूवा खास जमीन की रसीद काटने, मोटेशन करने, खरीद बिक्री करने, एलपीसी बनाने पर लगी रोक हटाने तथा रैयती जमीन का भी उक्त प्रक्रिया करने में कर्मचारी सीओ डीसीएलआर एडीएम डीएम द्वारा किए जा रहे ब्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, खाद बीज कीटनाशक दवा एवं कृषि यंत्र सस्ते दर पर देने एवं उपलब्ध कराने में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, किसानों को लंबित पेंशन फसल क्षतिपूर्ति भुगतान करने, अन्य राज्यों के तरह सभी प्रकार का से आधिकाधिक संख्या में भाग लेने का अपील किया।

संक्षिप्त खबरें

टॉप-10 सूची में शामिल कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। पुलिस द्वारा वांछित फरार, सक्रिय टाप-टेन अपराधियों की सूची बनाई गई हैं, जिसपर मुजफ्फरपुर पुलिस द्वारा निरंतर छापामारी, की कार्रवाई की जा रही हैं। इसी क्रम में ब्रह्मपुरा थाना की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर अनुमंडल अंतर्गत टॉप-10 की सूची में शामिल कुख्यात वांछित अपराधकर्मी एवं ब्रह्मपुरा कांड सं0 06/24 में नामजद प्राथमिकी अभियुक्त . मो जावेद उर्फ पीके पिता अनवर अली, मुहल्ला-मेंहदी हसन चौक, किला बॉध रोड को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को इसकी कई मामलो में तलाश थ।

गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन हेतु समिति का किया गठन

मधेपुरा । भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मुख्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। इस बावत कुलपति प्रो. राजनाथ यादव के आदेशानुसार कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने एक समिति का गठन कर दिया है। उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि समिति में डीएसडब्ल्यू प्रो. नवीन कुमार को संयोजक और कुलानुशासक डॉ. बी. एन. विवेका को सदस्य सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। समिति के सदस्यों में एनएसएस समन्वयक डॉ. अभय कुमार, उपकुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर, क्रीडा एवं सांस्कृतिक परिषद् के उपसचिव डॉ. शंकर कुमार मिश्र, विश्वविद्यालय संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज शर्मा एवं कुलपति के निजी सहायक शंभू नारायण यादव के नाम शामिल हैं। स्थापना शाखा के तृतीय वर्गीय कर्मी विनय कुमार सिंह समिति के कार्यालयी कार्यो में सहयोग करेंगे।

मंत्री ने 424 भूमिहीन परिवारों को दिया वासगीत पर्चा अभियान

मुजफ्फरपुर।राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता द्वारा सभी प्रखण्डों में 454 भूमिहीन परिवारों के बीच वासगीत पर्चा का वितरण किया गया। कुढ़नी प्रखण्ड में अधिकतम 80 परिवारों को वासगीत व बंदोवस्त पर्चा प्रदान किया गया।इस अवसर पर सभी अंचलाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, पूर्वी एवं पश्चिम, अपर समाहर्ता संजीव कुमार, राजस्व प्रभारी उपस्थित थें। बिहार बसेरा अभियान 2023 के अनुसार बिहार गरीब व्यक्तियों को जिनके पास जमीन नहीं है या रहने के लिए भूमि नही है तो, ऐसे परिवारों को बिहार सरकार द्वारा 5 डिसमिल भूमि प्रदान की जाती है। बिहार सरकार द्वारा भूमि वितरण के लिए एक ऐप भी जारी किया गया है, जिसकी मदद से भूमिहीन व्यक्ति अपने डेटा को ऑनलाईन प्रेषित करते हैं।

जिलाधिकारी ने उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, थनवार, महिषी में किया शिक्षा संवाद का दीप जलाकर उद्घाटन

प्रात: किरण, संवाददाता

सहरसा आज जिले में आयोजित शिक्षा संवाद के आखिरी दिन जिलापदाधिकारी वैभव चौधरी महिषी के थनवार स्थित उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित शिक्षा संवाद में शामिल हुए। जिलापदाधिकारी का कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पाग,चादर व पौधा देकर स्वागत किया। विद्यालय की छात्राएं स्वागत गीत गाकर जिलापदाधिकारी का स्वागत की। कार्यक्रम में संवाद की शुरूआत डी पी ओ शिक्षा के संबोधन से हुआ।उन्होंने कन्या उत्थान,साईकिल योजना,पोशाक योजना तथ मुफ्त पाठ्य -पुस्तकों की उपलब्धता की जानकारी दी।जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र से संचालित योजनाओं की जानकारी दी।जिले में कुल 12 संचालित कस्तूरबा विद्यालय की जानकारी दी।विद्यालयों में स्मार्ट,क्लास,आई सी टी लैब,तथा लाइब्रेरी की सुविधा की जानकारी दी।मिशन दक्ष तथा निपुण बिहार योजना की जानकारी भी दी गयो। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने अपने संबोधन में बच्चों तथा अभिभावकों को जागरूक होकर योजना का लाभ उठाने पर जोर दिया।जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी ने सभी छात्रों/छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को सरकार की योजनाओं से मिल रहे आर्थिक-सामाजिक लाभ का जिक्र किया तथा उन्हें नियमित विद्यालय आने का अनुरोध किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने शिक्षा संवाद के उद्देश्यों की जानकारी दी।उन्होंने कहा कि सरकार प्रयासरत है कि कोई भी बच्चा/बच्ची स्कूल से दूर न रहे।अपर समाहर्ता आपदा ने निजी विद्यालयों तथा सरकारी विद्यालयों की सुविधाओं की तुलना करते हुए बताया कि सरकारी विद्यालयों में वे सभी चीजें मुफ्त उपलब्ध है जो निजी स्कूलों में मोटी फी देकर लेना पड़ता है।

जिलापदाधिकारी ने अपने संबोधन में वर्तमान में शिक्षा विभाग में हो रहे व्यापक परिवर्तन की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि पूर्व में जो हमारे सरकारी विद्यालय थे उसमें संख्यात्मक तथा गुणात्मक परिवर्तन हुआ है।

सभी विद्यालयों में न केवल अच्छे संसाधन उपलब्ध हैं बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षक भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।अब सरकारी विद्यालयों के शिक्षक भी निजी विद्यालयों के नामी- गिरामी शिक्षक जैसे हैं।मुफ्त पुस्तकें,एक समान पोशाक,मुफ्त साइकिल,छात्रवृति,छात्रावास न केवल आर्थिक मदद दे रही है बल्कि सामाजिक समानता लाने में भी मददगार साबित हो रही है।बेटियों के उत्थान हेतु कई योजनाएं सरकार द्वारा चलायी जा रही है।

कन्या उत्थान से लेकर नौकरियों व पंचायती राज में आरक्षण देकर उन्हें सशक्त बनाया जा रहा है।पहले योजनाओं की राशि नकद मिलती थी जिससे परेशानियों कई स्तरों पर होती थी उन्हें दूरकर सीधे खाते में डी बी टी के माध्यम से कराया जा रहा है।बच्चों को स्मार्ट बनाने के लिये कंप्यूटर शिक्षा तथा कौशल विकास के प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं।बच्चों को स्वाबलंबी बनाने हेतु स्वयं सहायता भत्ता तथा क्रेडिट कार्ड के तहत लोन दिए जा रहे हैं।आई टी आई,पॉलीटेक्निक, अभियंत्रण व चिकित्सा महाविद्यालय खोले जा रहे है ताकि बच्चों को तकनीकी ज्ञान मिल पाए।जिलापदाधिकारी ने अंत में सभी छात्रों/छात्राओं को नशे से दूर रहने तथा बेहतर पढ़ाई कर कामयाब बनने की नसीहत दी। जिलापदाधिकारी ने कार्यक्रम के समाप्ति पर विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण का भी कार्य किया।

भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद तस्कर हुआ गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

सोरबाजार/सहरसा। जिले में शराबतस्करों के खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार छेपामारी अभियान चलाया जा रहा है। पतरघट ओपी पुलिस ने क्षेत्र के अतलखा मधेपुरा मुख्य मार्ग स्थित जम्हरा काली स्थान चौक के समीप मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने ट्रक को रोका और तलाशी लेने पर 52 कार्टून में बन्द जिसमें इंप्रियल ब्लू जिसका मात्रा कुल 375`` का 1008 बोतल , एवम नम्बर वन मेगडुवईएल का मात्रा 375`` का 240 बोतल विदेशी शराब बरामद किया है। पुलिस ने ट्रक सहित कारोबारी को गिरफतार किया है। बरामद ट्रक का नम्बर इफ 11 ऋ3136 है ,गिरफतार कारोबारी की पहचान दीपक कुमार पिता सुरदास यादव, साकिम अमृता थाना सौनबर्षा राज वही दूसरा सुधीर कुमार साकिम सीतलपट्टी थाना सौर बाजार दोनो जिला सहरसा का रहने बाला है ,इस बावत पतरघट ओपी अध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने बताया कि शुक्रवार की सुबह गुप्त सूचना मिली थी कि शराब तस्कर द्वारा ट्रैक से शराब की खेप लाया जा रहा है। प्राप्त सूचना के आलोक में उनके नेतृत्व में पुलिस अवर निरीक्षक नीरज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक वरुण कुमार शर्मा,पुलिस अवर निरीक्षक पंकज कुमार यादव सहित सशत्र बल द्वारा छापेमारी की गई।

विदेशी शराब बरामद किया गया। वहीं ट्रक को भी जब्त किया गया। पुलिस को देखते ही तस्कर वाहन छोड़कर भाग रहा था लेकिन पुलिस खदेर कर पकड़ लिया,वही चालक गाड़ी छोड़कर भागने में कामयाब रही। पकराए गये दोनो तस्कर के उपर बिधीवत कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजे सहरसा।

क्विज प्रतियोगिता के विजेता को स्मृति चिन्ह, शील्ड और मेडल से किया सम्मानित

प्रात: किरण, संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह 12 से 19 जनवरी के अवसर पर 19 जनवरी को कौन बनेगा करोड़पति के आधार पर क्विज प्रतियोगिता हरिहर साहा महाविद्यालय में कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो. सुमन कुमार झा ने की। क्विज प्रतियोगिता और कार्यक्रम के संयोजक प्रो. अरुण कुमार, सहायक प्राचार्य, इतिहास विभाग सह अर्थपाल थे। प्रधानाचार्य डॉ. सुमन कुमार झा ने मौके पर उपस्थित सभी प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बंधुओ को स्मृति चिन्ह, शील्ड और मेडल से सम्मानित किया। इसके साथ ही महाविद्यालय के सभी सहायक प्राचार्य एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को भी उनके सराहनीय और उत्कर्ष कार्य के लिए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा स्मृति चिह्न, शील्ड और मेडल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अरुण कुमार, प्रो. सरवर मेहंदी और प्रो. अमित कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। क्विज प्रतियोगिता में साबिर अंसारी और मो. सिमरान को प्रथम, मोनू कुमारी और गौतम सिंह को द्वितीय, शुभम और देवेश को तृतीय, सरिता और अनुप्रिया को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। क्विज प्रतियोगिता कौन बनेगा करोड़पति के आधार पर आधारित था जिसमें सामान्य ज्ञान से प्रश्न पूछे गए थे। क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को चार लाइफ लाइन दिया गया था।क्विज प्रतियोगिता के मुख्य एक्सपर्ट एडवाइजर के रूप में प्रो. सरवर मेहंदी उपस्थित थे। संगीत प्रतियोगिता में आकृति को प्रथम और सत्यम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। भाषण प्रतियोगिता में उर्वशी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। विजयी सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह, शील्ड और मेडल से सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में प्रो. सरवर मेहदी, प्रो. नागेश्वर दास, प्रो. अमित कुमार मिश्रा, प्रो. वरदराज, प्रो. धीरेन्द्र कुमार, प्रो. शैलेन्द्र कुमार थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधान लिपिक रणधीर कुमार, चंदन, पिंटू, अमरजीत, विकास, हिमांशु, अनीश, अजय, सोनू, ललन, ब्रजेश, हिना, मोनिका, छात्र नेता आदेश प्रताप सिंह एवं सैकड़ो छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

महावीर मध्य विद्यालय में नए प्रार्चाय ने लिया पदभार

प्रात: किरण, संवाददाता

सौरबाजार/ सहरसा- महावीर मध्य विद्यालय धमसैना में शनिवार को नए प्रार्चाय के रूप में हरिनारायण राम ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान पूर्व मखिया प्रतिनिधि अनिमेष कुमार सहित विधालय के शिक्षकों ने उनका स्वागत किया।पदभार संभालते हुए उन्होंने शिक्षकों की संक्षिप्त बैठक बुलाई और अपनी प्राथमिकता बताई ।उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी इमानदारी से करेंगे। प्रार्चाय ने विद्यालय शिक्षक के साथ विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया तथा आवश्यक सुझाव दिए। उनका मुख्य उद्देश्य विद्यालय के बच्चों का सर्वांगीण विकास करना हैं। पूरे क्षेत्र में महावीर मध्य विद्यालय को एक अलग पहचान देना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। खेलकूद से लेकर शिक्षा व अन्य क्षेत्र में बच्चों को बेहतर भविष्य देने का प्रयास करेंगे। पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अनिमेष कुमार ने कहा कि हरिनारायण राम का प्रार्चाय के तौर पर काफी लंबा अनुभव है तथा हमेशा छात्र हित और विद्यालय हित में काम किया है। उनके अनुभव का लाभ बच्चों के साथ-साथ विद्यालय को मिलेगा। मौके पर पूर्व प्रधानाध्यापक प्रभारी अंगेश कुमार अमन, शिक्षक शैलेंद्र सैनी, राकेश कुमार, पैक्स अध्यक्ष गब्बर यादव, आशा देवी समेत अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

रंगदारी मांगने के आरोप में महिला गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने मोबाइल दुकानदार से रंगदारी मांगने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया है।महिला पटना जिले की निवासी बताई गई है। यह जानकारी देते हुए नगर एएसपी अवधेश सरोज दीक्षित ने बताया कि जिले के बेला थानान्तर्गत एक मोबाईल दुकानदार ने 17जनवरी को थाना में एक आवेदन दिया था।आवेदन में उसने 14एवं 15जनवरी को मोबाईल फोन के माध्यम से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा 2लाख रुपये रंगदारी देने एवं नहीं देने पर हत्या कर देने की धमकी देने की बात कही थी। आवेदन में वादी द्वारा गूगल पे द्वारा उसअज्ञात के मोबाईल नम्बर पर 25 हजार रुपये भी ट्रांसफर कर दिए गये थे। कांड की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक के अनुश्रवण तथा सहायक पुलिस अधीक्षक, नगर के नेतृत्व में थानाध्यक्ष एवं प्रभारी डीआइयू की विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा तकनीकी बिंदुओं के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त . अनिता देवी पति देवेन्द्र कुमार ,निवास स्थान जंगली प्रसाद लेन चौक, शिकारपुर थाना चौक जिला पटना को गिरफ्तार किया गया। अनुसंधान के क्रम में अन्य व्यवसायी से भी इस तरह से रंगदारी मांग करने की बात प्रकाश में आई है। जिसकी जांच-पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने रंगदारी की मांग म प्रयुक्त मोबाईल ,सिम कार्ड एवं वह पासबुक भी जब्त किया है जिसमें गूगल -पए से 25 हजार रुपये भेजा गया था।

उउमावि रघुनियां में मंथन शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) कुमारखंड प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक +2 विद्यालय रघुनियाँ के प्रांगण में शनिवार को मंथन एक शिक्षण संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि उदा किशुनगंज अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शाहनवाज अहमद नियाजी व प्रारंभिक शिक्षा संघ के जिला अध्यक्ष भुवन कुमार, ग्राम पंचायत के मुखिया राजीव कुमार, एचएम श्रवन कुमार मंडल, प्रारंभिक शिक्षा संघ के प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार संजीव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मंथन एक शिक्षा संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के एचएम श्रवन कुमार मंडल ने किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जय प्रकाश यादव ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राएं और अभिभावक और पंचायत के सम्मानित जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री हुसैन ने कहा सरकार को शिक्षा संवाद का आयोजन शुरू किया गया है ताकि सभी बच्चे को बेहतर शिक्षा और सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिले। श्री हुसैन ने कहा बिहार सरकार की छात्र-छात्राओं के लिए सरकार ने 44 तरह के योजनाओं को धरातल पर उतर कर छात्र-छात्राएं इसका लाभ ले रहे हैं। विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक गुणवत्ता बहाल करने के लिए लाभकारी योजना जैसे की छात्रवृत्ति, पोशाक, साइकिल योजना, मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री बालिका, मेधावृत्ति योजना, प्रधानमंत्री पोषण योजना, पोस्ट मैट्रिक, स्कॉलरशिप प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप सहित अन्य प्रकार की योजनाएं इसमें शामिल है। उन सभी योजनाओं की बारी-बारी से व्याख्या करते हुए उन्होंने उसकी पात्रता और लाभ लेने के तरीके की जानकारी दी। आईसीडीएस से लेकर विद्यालय तक छात्र छात्राओं को योजनाओं का कैसे लाभ मिले इसको लेकर बारी बारी से सारी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि अभिभावक की जिम्मेदारी है बच्चे को तैयार कर विद्यालय के गेट तक पहुंचाए ताकि बच्चे सत प्रतिशत विद्यालय जाने लगे और बेहतर शिक्षा बच्चे प्राप्त करें। शिक्षा में बेहतर क्रांति के लिए छात्र छात्राओं के साथ अभिभावक की अहम भूमिका की जरूरत है। विद्यालय में सभी प्रकार की सुविधा है। मौके पर एचएम श्रवन कुमार मंडल, संजय कुमार, सदानद यादव, अमित कुमार, उपेंद्र शर्मा, जय राम यादव, जय कृष्ण यादव, सरपंच रेणु देवी, राज किशोर सरदार, अशोक रजक, किरण कुमारी, जयलाल यादव, नीतीश कुमार, मो. ईसतियाक, केआरपी गायत्री देवी, सचिव मिक्की कुमारी, किसटु यादव, पुर्व सरपंच राम कुमार मेहता, विनोद यादव समेत सैकड़ो छात्र छात्राए और ग्रामीण मौजूद थे।

श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) उदाकिशुनगंज के आदित्य अस्पताल में शोकसभा का आयोजन किया गया जिसमें सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल के सालखुआ प्रखंड के सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह एवं बरियाहि पिएससी के कार्यरत आयुष चिकित्सक डॉ. चंद्रभूषण सिंह के असमय निधन पर शोक एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन रखा गया, जिसकी अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य रविंद्र कुमार रमन ने कहा हमारे दो चिकित्सक के असमय निधन से हम लोग काफी मर्माहत है। डॉ. संतोष कुमार संत ने कहा कि जब हम बनमा में अपना प्रथम योगदान करने गए थे तो अनिल बाबू उसे वक्त वही थे उन्होंने ही मेरा योगदान लिया था वह काफी मिलनसार एवं सेवा के प्रति समर्पित व्यक्ति थे उनके जाने से चिकित्सा जगत को अपूर्णिय क्षति हुई है। डॉ. एके मिश्रा ने कहा कि चिकित्सा जगत के हमने दो अनमोल रतन को खोया है जिसकी भरपाई निकट भविष्य में नहीं हो सकते। इंटक जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि चिकित्सक को धारा का भगवान कहा गया है। हमने अपने दो भगवानों को खोया है। इस मौके पर बेदांश राज उर्फ. सरदार जी, सुनील कुमार सिंह, धीरेंद्र कुमार, शशि कुमार यादव, प्रमोद यादव, नरेश कुमार, छोटू कुमार, धिरज कुमार, सोनू, राजेश, राधा कुमारी, पूजा कुमारी सहित दर्जनों लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

घैलाढ़ प्रखंड के प्रमुख कुर्सी बचाने में हुए सफल

प्रात: किरण, संवाददाता

घैलाढ़ (मधेपुरा) घैलाढ़ प्रखंड के प्रमुख रंजू देवी पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को पारित करने के लिए शुक्रवार को प्रखंड सभागार भवन में कार्यपालक पदाधिकारी व वीडियो के द्वारा विशेष बैठक बुलाई गई थी क बैठक उप प्रमुख मीना कुमारी के अध्यक्षता में की गई। जहां 12 पंचायत समिति सदस्यों में से केवल 6 समिति सदस्य ही बैठक में शामिल हुए। उपस्थित हुए 6 समिति सदस्यों में से किसी ने भी उपस्थिति पंजी पर हस्ताक्षर करना मुनासिब नहीं समझा और वे लोग बेरंग वापस लौट गए। क्योंकि अविश्वास प्रस्ताव को पारित करने के लिए 7 पंचायत समिति सदस्यों की जरूरत थी जिसमें से 6 पंचायत समिति ही बैठक में शामिल हो पाए। जिससे कि अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो जाने के बाद प्रमुख रंजू देवी का अपने पद पर कब्जा बरकरा रह गया। प्रखंड क्षेत्र के 12 पंचायत समिति सदस्यों में प्रमुख सहित पांच पंचायत समिति सदस्य बैठक से अनुपस्थित थे। जबकि उप प्रमुख मीना कुमारी सहित 5 पंचायत समिति सदस्य बैठक में शामिल हुए। कार्यपालक पदाधिकारी सह वीडियो अशोक कुमार की मौजूदगी में बैठक शुरू होने के बाद अगले 3 घंटे तक प्रमुख सहित पंचायत समिति सदस्यों की आने का इंतजार किया गया। इस अवधि के बीच उप प्रमुख के अलावा पांच पंचायत समिति सदस्य बैठक में शामिल हुए। अविश्वास प्रस्ताव को पारित करने के लिए 7 पंचायत समिति सदस्यों की दरकार थी। इस प्रकार प्रखंड प्रमुख पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को बिना वोटिंग कराए ही खारिज कर दिया गया। वीडियो ने बताया कि विशेष बैठक में निर्धारित अवधि तक प्रखंड उप प्रमुख सहित पांच पंचायत समिति सदस्य शामिल हुए ।जबकि प्रखंड प्रमुख सहित पांच पंचायत समिति सदस्य अनुपस्थित रहे। प्रखंड उप प्रमुख द्वारा संख्या बल बराबर बराबर रहने के कारण अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया। उधर प्रखंड कार्यालय परिसर के बाहर जमा भीड़ के बीच गहमागामी बनी रही। अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो जाने की जानकारी मिलते ही प्रमुख के समर्थकों के बीच जश्न का माहौल बन गया। उनके समर्थकों में उत्साह का संचार हो गया। प्रखंड परिसर के बाहर खड़े प्रमुख रंजू देवी के समर्थक ढोल-नगाड़े की धुन पर थिरकते तथा अबीर गुलाल उड़ा कर खुशी का इजहार करने लगे। प्रमुख रंजू देवी तथा उनके पति समाजसेवी राजनारायण यादव के लिए यह सीट प्रतिष्ठा का विषय था, जिसे वह बचाने में कामयाब रहे। विशेष बैठक को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के कड़ी पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

वही विपक्ष के पंचायत समिति सदस्य मंजू सुमन ने कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी सह वीडियो अशोक कुमार के द्वारा बुलाए गए विशेष बैठक में हम लोग 6 समिति सदस्य शामिल हुए। जहां प्रमुख सहित पांच पंचायत समिति सदस्य का बैठक के दौरान इंतजार करते रहे, लेकिन उन लोगों ने बैठक में नहीं पहुंचा। उन्होंने आगे प्रमुख रंजू देवी के खिलाफ कई आरोप लगाए।

शिक्षा संवाद का जिला पशुपालन पदाधिकारी ने किया उद्घाटन

प्रात: किरण, संवाददाता

घैलाढ़ (मधेपुरा) घैलाढ़ प्रखंड क्षेत्र के भतरंधा परमानपुर पंचायत के परमानपुर गांव स्थित कामेश्वर मध्य विद्यालय में शिक्षा विभाग की लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में छात्र- छात्राओं एवं अभिभावकों को जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से मधेपुरा मंथन एक शिक्षा संवाद कार्यक्रम विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश झा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था। जिसका उद्घाटन जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. शिवेंद्र कुमार चौधरी, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश झा, समिति प्रतिनिधि सुमन कुमार सुमन, विद्यालय के अध्यक्ष व वार्ड सदस्या सुलोचना देवी के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. शिवेंद्र कुमार चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि अभिभावकों, शिक्षार्थियों, अध्यापकों के साथ शिक्षा संवाद का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा विभाग द्वारा छात्र छात्राओं के बिहार सरकार से मिलने वाली सभी योजनाओं पर विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से यह जान पाएंगे कि छात्रों को किन-किन योजनाओं से किस तरह की शिक्षा में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में वरीय शिक्षक प्रभास कुमार ने शिक्षा विभाग के द्वारा दिए जा रहे योजनाओं के बारे में एक-एक कर विस्तृत जानकारी साझा किया गया कइस मौके पर मुखिया रेणु देवी, रविंद्र भारती, शिक्षक संजय भारती, अंजना देवी, कुमारी चंद्रश्री, कुमारी मोना, सुशील कुमार सूक्ष्मदर्शी, रघुनंदन कुमार, मनोज कुमार, बजरंग कुमार शाह, साक्षी कुमारी, खुशबू कुमारी, बिंदु यादव, मो. सज्जाद, रानी कुमारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं सहित गार्जियनों शामिल थे।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा को ले मीडिया कमेटी के सदस्य बने संजय सिंह

प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा । भारत जोडो न्याय यात्रा की सफलता के लिए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 25 कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मीडिया कमेटी में सदस्य के रूप में कांग्रेस नेता, जिला 20 सुत्री में पार्टी के सदस्य राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह को बनाए जाने पर आम जनों ने पार्टी के प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया। लोगों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार सिंह, मोहन प्रकाश, अजय कपूर, डॉ. शकिल अहमद खान, पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार, डॉ. मदन मोहन झा, इंटक के प्रदेश अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह, निर्मल वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसर कुमार सिंह के प्रति आभार जताया और कहा की जमीन से जुड़े मजदूर नेता को यह पद मिला है। जिससे कि सीमांचल सहित भारत जोड़ो न्याय यात्रा को काफी बल मिलेगा। आभार जताने वालों में डॉ. परवेज अख्तर, प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार, विष्णु देव सिंह, विजय जैन, पुरुषोत्तम अग्रवाल, शंभू सिंह, अमर झा, बंटी सिंह, राम लखन यादव, प्रमोद कुमार यादव पप्पू, हीरा पासवान, अमिताभ कुमार सिंह, चितरंजन कुमार सिंह, ठाकुर माधव सिंह तोमर, सुमन कुमार झा, धिरेन्द्र सिंह, मुन्ना सिंह, प्रकाश मिश्र, मधुकांत झा, कामेश्वर सिंह, बालेश्वर चौधरी, प्रमोद कुमार सिंह, अनिल पोद्दार, मो. जेनुइन, शत्रुघ्न भगत, धिरेन्द्र सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

प्रमुख और उप प्रमुख पर लगा अविश्वास प्रस्ताव

प्रात: किरण, संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव के दो वर्ष पूरा होते ही विरोधी पंचायत समिति सदस्यों ने एकजुट होकर प्रखंड प्रमुख अनोखा देवी और उप प्रमुख राजेश रंजन यादव के खिलाफ गोलबंद हो गए। जहां 8 पंचायत समिति सदस्यों द्वारा प्रमुख पर और 6 पंचायत समिति सदस्य द्वारा उप प्रमुख पर अविश्वास प्रस्ताव लाया है। अविश्वास प्रस्ताव की कॉपी प्रखंड प्रमुख और प्रखंड विकास पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी उदाकिशुनगंज को दी गई है। ज्ञात हो कि प्रखंड के 12 पंचायत समिति सदस्य हैं। जिसमें 8 सदस्यों द्वारा प्रमुख अनोखा देवी एवं 6 पंचायत समिति सदस्यों द्वारा उप प्रमुख राजेश रंजन यादव पर हस्ताक्षरित आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा गया है। सौंपे गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख द्वारा नियमित व नियमानुकूल बैठक नहीं बुलाई जाती तथा उनके द्वारा सभी पंचायत समिति सदस्यों का उपेक्षा कर अपना कार्य किया जाता है। पंचायत समिति सदस्य अर्जुन पासवान, जगमाया देवी, सर्वेश कुमार, प्रशांत कुमार, गुंजन देवी, मीरा देवी, अशोक शर्मा, मदन कुमार मंडल ने प्रखंड प्रमुख पर अविश्वास लगाते हुए प्रखंड प्रमुख से विशेष बैठक बुलाने की मांग की है। वहीं पंचायत समिति सदस्य विकास चंद्र यादव, धीरेंद्र कुमार सिंह, अनिल पोद्दार, कस्तूरबा देवी, शबनम कुमारी, नीलम कुमारी ने प्रखंड उप प्रमुख पर अविश्वास लगाते हुए प्रखंड प्रमुख से विशेष बैठक बुलाने की मांग की है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सोनीया ढनढनिया ने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव के आलोक में विशेष बैठक की तिथि निर्धारित करने के लिए प्रखंड प्रमुख को पत्र भेजा गया है।

सम्पादकीय

भाग्य हो तो राम रहीम जैसा

सनत जैन

डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को 29 दिन के बाद एक बार फिर से पैरोल मिल गई है। इस बार उन्हें 50 दिन की पैरोल स्वीकृत हुई है। उल्लेखनीय है, कि राम रहीम सुनारिया जेल में दुष्कर्म और हत्या के मामलों में उम्र कैद की सजा काट रहे हैं। 13 दिसंबर को ही 21 दिन फरलो में बाहर रहकर जेल वापस गए थे। इस बार जब 50 दिन की पैरोल स्वीकृत हुई। उन्हें लेने के लिए मुंहबोली बेटी हनीप्रीत सैकड़ों समर्थकों के साथ जेल पहुंची। गाजे-बाजे के साथ राम रहीम जेल से बाहर आए। बाबा राम रहीम के भाग्य और उनकी किस्मत को लेकर सारे देश में चर्चा हो रही है। बाबा राम रहीम के ऊपर आश्रम की दो साद्धवियों से दुष्कर्म करने, डेरा प्रबंधक रणजीत सिंह की हत्या करने और एक पत्रकार की हत्या करने के प्रमाणित आरोप में न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा दी गई है। बाबा राम रहीम जेल में सजा काट रहे हैं। 2017 में उनके मामले का फैसला हुआ था। अभी तक 6 साल, 5 माह की जेल अवधि में वह 184 दिन जेल से बाहर रहे हैं। पिछले दो सालों में बाबा राम रहीम 182 दिन की पैरोल और फरलो पर छुट्टी लेकर जेल से बाहर रहे हैं। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में जब जब विधानसभा के चुनाव होते हैं, तब-तब उन्हें पैरोल अवश्य दी जाती है। कुछ माह के पश्चात लोकसभा के चुनाव होने हैं। माना जाता है कि बाबा राम रहीम एक पार्टी विशेष के समर्थक हैं। वही पार्टी सत्ता में है। जब भी चुनाव आते हैं, बाबा राम रहीम को जेल से बाहर निकाल कर उनके भक्तों के बीच उन्हें भेजा जाता है। उनके आश्रम में कई ऐसे कार्यक्रम रखे जाते हैं, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होते हैं। बाबा राम रहीम चुनाव जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं, जिसके कारण सरकार उन्हें समय-समय पर पैरोल और फरलो पर बाहर निकालती है। बाबा राम रहीम की तरह बापू आसाराम भी जेल में बंद हैं। लेकिन ऐसी कृपा उनके ऊपर नहीं बरसती है। उनके भक्त कई राज्यों में फैले हुए हैं। वोट की फसल कटवाने जैसी स्थिति उनकी नहीं है। जिसके कारण उनके ऊपर सरकार और राजनीतिक दल ध्यान नहीं देते हैं। इस मामले में बाबा राम रहीम का भाग्य अन्य दुष्कर्मियों की तुलना में बहुत बेहतर है। राष्ट्रीय स्तर पर अलख जगाने वाले बापू आसाराम जेल में बंद है। वहीं कुछ राज्यों में प्रभाव रखने वाले बाबा राम रहीम को जेल में फाइव स्टार जैसी सुविधाएं मिलती हैं। निश्चित रूप से जिसके ऊपर सरकार की कृपा हो, वह जेल में हो या आश्रम में हो, उसकी विशिष्टता कभी समाप्त नहीं होती है। यह बाबा राम रहीम ने साबित कर दिया है। बात रही न्यायालय के आदेश की, तो न्यायालय का काम ही सजा सुनाना है। न्यायालय अपना काम पूरा कर देती हैं। सरकार के नियंत्रण में जेल होती है। यदि सरकार मेहरबान है, तो दुष्कर्म और हत्या जैसे आरोपियों को भी जेल में व्हीवीआईपी ट्रीटमेंट मिल ही जाता है। बाबा राम रहीम पर जिस तरीके से सरकार की कृपा बरस रही है। उसके बाद आम लोगों के बीच में यह चर्चा, बड़ी आम हो गई है। यदि इस तरह के अपराधियों को सरकार इस प्रकार से सुविधाएं देगी, तो उन्हें फिर दंडित करने का क्या औचित्य है। हाल ही में बिलकिस बानो के सामूहिक दुष्कर्म और उसके परिवार के 7 लोगों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा से गुजरात सरकार ने माफी दी थी। जब इस मामले ने तूल पकड़ा, कई महीनों तक गुजरात सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब ओर रिकॉर्ड पेश नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगातार दबाव बनाने के बाद गुजरात सरकार ने अपना जवाब दिया। तब बिलकिस वानो वाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दोषियों की गुजरात सरकार द्वारा दी गई माफी को निरस्त करते हुए, जेल भेजने का आदेश दिया। बिलकिस बानो के मामले में जिन कैदियों को जेल से रिहा किया गया था, उस समय गुजरात में विधानसभा के चुनाव थे। गुजरात में गोधरा कांड के बाद जो दंगे अहमदाबाद और गुजरात में हुए थे, उसके बाद सामूहिक नरसंहार के दोषी कैदियों को जेल से रिहा करने पर केंद्र सरकार और गुजरात सरकार की काफी किरकिरी हुई। इसके बाद भी गुजरात सरकार ने दोषियों को बचाने का हर संभव प्रयास किया। सुप्रीम कोर्ट को अपने फैसले में यह कहना पड़ा, कि गुजरात सरकार ने तथ्यों को छिपाकर गलत तरीके से कैदियों को रिहा किया था। गुजरात सरकार को माफी देने का अधिकार ही नहीं था। बहरहाल गुजरात में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी कैदियों को जेल भेजने में लगातार कोताही बरती जा रही थी। जो कैदी छोड़े गए थे, वह पुनः सुप्रीम कोर्ट में याचिका लेकर पहुंच गए। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका निरस्त करते हुए 21 जनवरी तक जेल जाने के आदेश देकर, दोषियों के खिलाफ सख़्त रुख अपनाया है। न्यायालय से सजा होने के बाद भी जिस तरह से सरकारें दुष्कर्मियों के साथ नरमी बरतती हैं, उससे समाज में कोई अच्छा संदेश नहीं जा रहा है। न्यायपालिका के प्रति भी लोगों का विश्वास कम हो रहा है। दुष्कर्म और हत्या के आरोपियों को भी सरकार यदि जेल में इस तरह की सुविधा देगी। उनका उपयोग चुनाव जीतने के लिए करेगी, ऐसी स्थिति में लोगों का न्यायपालिका के ऊपर भी विश्वास खत्म हो जाएगा। ऐसा लोग कहने लगे हैं।

धर्मनिरपेक्षता की राजनीति का राम नाम सत्य

राकेश अचल

देश में कोई माने या न माने लेकिन मेरी अपनी धारणा है कि देश की राजनीति में धर्मनिरपेक्षता का जो वटवृक्ष राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और देश के संविधान ने रोपा था उसका राम नाम सत्य होना सन्निकट है। अयोध्या में नव निर्मित मंदिर में भगवान राम की 51 इंच की प्रतिमा के प्राण-प्रतिष्ठित होने के साथ ही धर्मनिरपेक्षता की अंतिम यात्रा आरम्भ हो जाएगी,क्योंकि कल तक जो ताकतें धर्मनिरपेक्षता की संरक्षक बनती दिखाई दे रहीं थीं,वे अब राम सेवक बनने को उतावली हैं। 22 जनवरी 24 के बाद फैलकर 56 इंच के सीने छियासठ या छियत्तर इंच के भी हो सकते हैं भारत में आजादी का सबसे बड़ा उपहार ही धर्मनिरपेक्षता थी। संविधान के 42 वे संशोधन के बाद तो उसे 1976 में केवल लिपिबद्ध किया गया था,लेकिन मात्र 48 साल में ही इस धर्मनिरपेक्षता को ठिकाने लगाने की पूरी तैयारी हो चुकी ह। जिन लोगों ने देश की आजादी के संग्राम को नहीं देखा,उसमें भाग नहीं लिया,वे लोग अपनी आँखों से धर्मनिरपेक्षता की अर्थी उठते हुए शायद देख लेंगे। देश में जिस बिहार से हमेशा धर्मनिरपेक्षता को शक्ति मिलती थी है उसी बिहार में अब धर्मनिरपेक्षता दम तोड़ती हुई दिखाई दे रही है। सुशासन बाबू का कंधा कमजोर होता दिखाई दे रहा है। उनके आराध्य राम मनोहर लोहिया उन्हें भटकने से शायद बचा नहीं पा रहे हैं और वे ये साबित करने में जुटे हुए हैं की केर-बेर का संग राजनीति में मुमकिन है। सुशासन बाबू किसी भी तरह सत्ता से चिपके रहना चाहते हैं। दुनिया जानती है कि जहां भी धर्मनिरपेक्षता को लोकतंत्र का आधार बनाया गया है वहां शांति है,समृद्धि है,शक्ति है,विज्ञान है,और जहां ये नहीं है वहां सिवाय बिखराव के कुछ नहीं है। हम देश में एक हजार साल तक अक्षुण रहने वाली इमारत पर काम कर रहे हैं लेकिन एक हजार साल चलने वाले लोकतंत्र और धर्मनरपेक्षता पर काम नहीं करना चाहते। हम लगातार त्रेता युग की और बढ़ रहे है। बाद में इसमें द्वापर को भी समाहित करने के लिए अयोध्या के बाद मथुरा का नाम भी जोड़ा जाएगा। इसे कोई रोक नहीं सकता। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा भी शायद नहीं। क्योंकि भारतीय जन मानस को धर्मनिरपेक्षता के बजाय धर्म का नशा ज्यादा असरकारक लगता है। धर्म के नशे में व्यक्ति अपनी भूख-प्यास और लोक लाज सब विस्मृत कर देता है। मेरा जन्म एक सनातनी परिवार में हुआ है। मेरे घर में आज भी देवालय है,वहां देवी-देवताओं के अनेक विग्रह हैं,क्योंकि हम उदार हिन्दू है। हमारे यहां किसी मजार से तबर्रुक के साथ मिली हरे रंग की चादर भी है और केसरिया रंग की चुन्नियाँ भी। हम अगरबत्ती भी जलाते हैं और लोभान भी। हमें न अजान से उज्र है और न शंख ध्वनियों से। हमें किसी के खान-पान और पहनावे से भी कभी कोई आपत्ति नहीं हुई,क्योंकि ऐसा हमें सिखाया ही नहीं गया। लेकिन आज की पीढ़ी की परवरिश में इन सब चीजों को शामिल किया जा रहा है। रंगों से,खान-पान से पहनावे से,भाषा से,अजान से यानि सबसे नफरत करना सिखाया जा रहा है। कांग्रेस में एक तरफ प्रभु श्रीराम के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा का जलसा है तो दूसरी तरफ भारत की एकता और न्याय व्यवस्था को अक्षुण बनाये रखने का अभियान है। एक में जनता को ढोकर लाया जा रहा है और दूसरे में नेता खुद चलकर जनता के बीच पहुँच रहे हैं।

सवाल यह है कि भेड़-बकरियों को सरकार नागरिक क्यों मानेगी?

प्रधानमंत्री स्वयं भी इस विशाल आयोजन में भाग लेने के लिए उत्साहित हैं। सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने पूरा वातावरण परिवर्तित कर दिया है। पूरा देश राममय हो चुका है। भारतीय सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक तथा राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में भी यह ऐतिहासिक घटना महत्वपूर्ण है। 30 दिसम्बर 2023 को प्रधानमंत्री ने अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि हवाई अड्डे तथा अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करने के पश्चात लोगों से आग्रह किया कि 22 जनवरी को केवल आमन्त्रित व्यक्ति ही अयोध्या पहुंचें। प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अयोध्या नगरी का रुख न करें। इससे प्रशासन तथा कानून व्यवस्था प्रभावित होगी। अत्यधिक भीड़ से जनजीवन प्रभावित होगा। उन्होंने 22 जनवरी 2024 को देशवासियों से अपने घर पर ही रहकर श्री राम ज्योति जलाने तथा दीपावली मनाने का आग्रह किया।

प्रो. सुरेश शर्मा
लेखक शिक्षाविद

मनु द्वारा स्थापित अयोध्या को साकेत और राम नगरी भी कहा जाता है। अथर्ववेद के अनुसार धर्मनगरी अयोध्या को देवताओं का स्वर्ग माना गया है। स्कन्द पुराण के अनुसार सरयू नदी के तट पर बसी प्रभु राम की नगरी अयोध्या को ब्रह्मा, विष्णु और महेश का पवित्र स्थान माना गया है। अयोध्या मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम की जन्म भूमि है। भगवान राम की दिव्यता, भद्रता, सभ्यता तथा भव्यता को प्रतिबिंबित करने वाला 22 जनवरी 2024 का दिन भारतवर्ष के इतिहास के पन्नों में दर्ज होने वाला है। करोड़ों देशवासी बहुत ही उत्सुकता तथा बेसब्री से इस दिन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। भारतीय संस्कृति, सभ्यता एवं धर्म की दृष्टि से यह दिन ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व होगा। श्री राम तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की देखरेख में राम जन्मभूमि पर निमार्णाधीन 2.7 एकड़ जमीन पर श्री राम मन्दिर बनाया गया है। यह निमार्णाधीन तीर्थस्थल लार्सन एंड टूब्रो कम्पनी द्वारा मन्दिर के डिजाइन तथा निःशुल्क देखरेख में पूर्ण चुका है। इस परियोजना में चार वर्षों से लगभग 1600 कर्मचारी, इंजीनियर तथा कारीगर हर रोज चौबीस घण्टे कार्य कर रहे थे। इस भव्य राम मंदिर के निर्माण में लगभग 1800 करोड़ रुपए का अनुमान है। लगभग 500 वर्षों की प्रतीक्षा तथा वर्षों से अपने अधिकार एवं न्याय की लड़ाई के बाद बन चुका यह अयोध्या धाम दुनिया में करोड़ों हिंदुओं की आस्था तथा भावनात्मकता का प्रतीक होगा। इस परिसर में मुख्य राम मन्दिर की ऊंचाई 162 फीट होगी। मुख्य मन्दिर के साथ छह और मन्दिर बनाए गए हैं। मन्दिर के मुख्य द्वार को ह्यसिंह द्वारह्ण के नाम से जाना जाएगा। इस मन्दिर में 392 पिल्लर, 44 गेट तथा मुख्य मन्दिर तक 32 सीढिां होंगी। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाले भगवान राम की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा के लिए 26 जनवरी 2024 से प्राण प्रतिष्ठा विधियों के लिए 12 आधिवासों का 16 जनवरी से कार्यक्रम शुरू हो चुका है। 22 जनवरी 2024 को 12 बजकर 20 मिनट पर अभिजीत मुहूर्त में मुख्य अनुष्ठान शुरू होगा तथा चालीस मिनट की विशेष पूजा के पश्चात नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह में भगवान राम की मूर्ति स्थापित होगी। देश के प्रधानमंत्री को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा निमंत्रित किया जा चुका है। प्रधानमंत्री स्वयं भी इस विशाल आयोजन में भाग लेने के लिए उत्साहित हैं। सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने पूरा वातावरण परिवर्तित कर दिया है। पूरा देश राममय हो चुका है। भारतीय सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक तथा राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में भी यह ऐतिहासिक घटना महत्वपूर्ण है। 30 दिसम्बर 2023 को प्रधानमंत्री ने अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि हवाई अड्डे तथा अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करने के पश्चात लोगों से आग्रह किया कि 22 जनवरी को केवल आमन्त्रित व्यक्ति ही अयोध्या पहुंचें। प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अयोध्या नगरी का रुख न करें। इससे प्रशासन तथा कानून व्यवस्था प्रभावित होगी। अत्यधिक भीड़ से जनजीवन प्रभावित होगा। उन्होंने 22 जनवरी 2024 को देशवासियों से अपने घर पर ही रहकर श्री राम ज्योति जलाने तथा दीपावली मनाने का आग्रह किया। 26 जनवरी 2024 से यह मन्दिर सार्वजनिक दर्शनों के लिए आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। भगवान राम को श्री हरि विष्णु अवतार माना जाता है। भगवान राम आदर्श पुरुष हैं जो प्रत्येक व्यक्ति के लिए उदाहरणीय एवं अनुकरणीय है, इसलिए उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम कहा जाता है। भगवान राम संस्कृति, सभ्यता, आदर्श, दया, धर्म, करुणा, सत्य, प्रेम, त्याग, समर्पण और मयार्दा के प्रतीक हैं। अपने कत्र्तव्य निर्वहन, साहस, निष्ठा, भक्ति दृढ़ता, त्याग तथा न्याय व मर्यादित आचरण के कारण भगवान राम को मयार्दा पुरुषोत्तम कहा जाता है। उन्होंने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए राजपाठ छोडकर 14 वर्ष वनों में बिताए, फिर भी अपने आचरण से जीवन के शाश्वत मूल्यों तथा सिद्धान्तों का पालन करते हुए एक श्रेष्ठ राजा कहलाए। भारतीय संस्कृति तथा जनमानस में राम एक सभ्यता है, राम एक दृष्टि है, राम एक दर्शन है तथा एक श्रेष्ठ जीवन पद्धति है। वर्तमान में नई पीढ़ी द्वारा भगवान राम के चरित्र, आदर्श, संस्कार, विचार को आत्मसात किए जाने की नितांत आवश्यकता है तथा मन नायक तथा जननायक प्रभु राम के सूक्ष्म रूप को आत्मा की दृष्टि से अनुभूत करने की आवश्यकता है। निश्चित रूप से भारतवर्ष के इतिहास में 22 जनवरी 2024 का दिन एक ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व दिन होगा। राम जन-जन के प्राण हैं। राम सभी के प्राण आधार हैं। राम सभी के आदर्श हैं। राम सभी व्यक्तियों, जातियों, पंथों, मतों, समुदायों, सम्प्रदायों तथा धर्मों से श्रेष्ठ हैं। इस अवसर को बहुत ही श्रद्धा, विश्वास, उल्लास तथा उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए। इस मन्दिर के निर्माण का श्रेय भी सभी करोड़ों भारतवासियों को है और सभी देशवासी बधाई के पात्र भी हैं। राम सभी प्राणियों को आत्मा से जोड़ते हैं। हालांकि इस आयोजन के परिप्रेक्ष्य में देश के शहरों, गांवों, गली, मुहल्लों, नगरों तथा महानगरों में चुपके से राजनीतिक तथा चुनावी ब्यार भी बह रही है। व्यावहारिक दृष्टिकोण यह है कि इस ऐतिहासिक आयोजन में कोई भी तथा किसी भी प्रकार की राजनीति नहीं होनी चाहिए। धर्म तथा संस्कृति को सक्रिय राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। हालांकि भारत के संविधान की मूल प्रति में मौलिक अधिकारों से जुड़े अध्याय के आरम्भ में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम, माता सीता तथा भाई लक्ष्मण का स्कैच अंकित है। देश के प्रधान न्यायाधीश की सीट पर मूल सिद्धांत के रूप में धर्म की व्याख्या करते हुए ह्ययतो धर्मस्ततो जयःह्ण, (अर्थात जहां धर्म है वहां जय यानी जीत है) से व्याख्या की गई है। इसलिए भारतीय परिप्रेक्ष्य में भगवान राम, लोकतन्त्र, नैतिकता, न्याय तथा राजनीति को भी अलग नहीं किया जा सकता। राम केवल हिंदुओं के राम नहीं बल्कि विश्व में कण-कण तथा जन-जन में राम व्याप्त हैं। बहरहाल यह अवसर किसी धर्म, जाति, मत, पंथ, दल, मजहब, समाज या संप्रदाय का विषय नहीं है। इस भव्य आयोजन के साथ देश तथा दुनिया में समभाव, सद्भाव, प्रेम तथा शान्ति की प्रार्थना की जानी चाहिए। इस भारतीय विशाल ऐतिहासिक महोत्सव को अगाध श्रद्धा, उत्साह तथा उल्लास से मनाया जाना चाहिए। इसी में प्रभु श्री राम तथा राम मंदिर की सार्थकता है। लोग रोम-रोम में अंतमुर्खी राम को पहचानें, तो कल्याण होगा।

यात्री विमान का या ट्रेन का, सबकी औकात मवेशी क्लास!

क्या यात्रियों को विमान से उतार कर वापस हवाईअड्डे पर लाने की व्यवस्था होगी? ध्यान रहे विमानों में ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को बैठाने के लिए सीटों के बीच की जगह बहुत कम कर दी गई है और ऊपर से हर सीट के लिए किराए के अलावा एक कीमत तय कर दी गई है। लंबे समय तक ऐसी सीटों पर बैठना लोगों के लिए मुसीबत की तरह है। ऊपर से शौचालय तीन ही होते हैं और ज्यादा देरी होने पर उनकी साफ-सफाई की कोई व्यवस्था नहीं होती है। यही हाल ट्रेनों का है। वहां भी ज्यादा यात्रियों को एडजस्ट करने के लिए सीटों की दूरी घटाई गई है और रियल टाइम में शौचालयों की सफाई की कोई व्यवस्था नहीं होती है। बरसों से कहा जा रहा है कि कोहरे में ट्रेनें समय से चलती रहें इसके लिए तकनीक आ गई है लेकिन उन तकनीकों के बावजूद ट्रेनें समय से नहीं चल रही हैं। चाहे हवाईजहाज हो ट्रेन सेवा अगर सरकार यात्रियों को नागरिक मान कर उनके अधिकारों का ख्याल रखे तो सब कुछ ठीक हो सकता है।



अजीत द्विवेदी
लेखक

देश में हाहाकार मचा है। राजधानी दिल्ली से लेकर वित्तीय राजधानी मुंबई तक यात्री विमान 12-12 घंटे की देरी से उड़ रहे हैं। यात्री घंटों हवाईअड्डे पर और विमान के अंदर और यहां तक कि एयरोब्रिज पर अटके रह रहे हैं। हिंदी फिल्मों को एक सफल अभिनेत्री राधिका आप्टे ने ट्विट करके बताया कि वे मुंबई से भुवनेश्वर जाने वाली उड़ान में कई घंटे एयरोब्रिज पर फंसी रहीं। मतलब विमानन कंपनी वालों ने बोर्डिंग करा दी और यात्रियों को अंदर भेज दिया लेकिन एयरोब्रिज के दूसरे सिरे पर जहाज आकर नहीं लगा। सो, यात्री न जहाज में जा सके थे और न वापस हवाईअड्डे पर लौट सके। इसी तरह कांग्रेस के एक नेता ने ट्विट करके बताया कि मुंबई से गुवाहाटी जाने वाली उनकी उड़ान तीन घंटे की देरी से उड़ी और उसके बाद 12 घंटे में गुवाहाटी पहुंची। इस बीच उनके जहाज को बांग्लादेश की राजधानी ढाका डायवर्ट किया गया था, जहां करीब सात घंटे लोग जहाज के अंदर ही बैठे रहे थे। गोवा से दिल्ली जाने वाले एक जहाज को 17 घंटे की देरी के बाद मुंबई भेज दिया गया, जहां भूख से बिलबिला रहे यात्रियों को विमानन कंपनी के लोगों ने रनवे पर बैठा कर खाना खिलाया। इसके लिए कंपनी को नोटिस भी जारी किया गया है। इसके बाद दिल्ली से गोवा जाने वाले एक विमान के यात्री ने तो 13 घंटे की देरी से नाराज होकर पायलट को थप्पड़ मार दिया। ये सब पिछले एक हफ्ते की खबरें हैं। कहा जा रहा है कि घने कोहरा की वजह से उड़ान में देरी हो रही है। सवाल है कि क्या इन सबके लिए सिर्फ कोहरा जिम्मेदार है? नहीं! कोहरा सिर्फ एक बहाना है। इसके लिए सिर्फ यह मानसिकता जिम्मेदार है कि भारत के नागरिक भेड़-बकरी होते हैं। उनका कोई अधिकार नहीं होता है। उनकी कोई हैसियत नहीं होती है। शशि थरूर ने इकोनॉमी क्लास में बैठने को वालों कैटल क्लास यानी मवेशी क्लास का नागरिक बताया था लेकिन क्या सिर्फ इकोनॉमी क्लास वाले ही भेड़-बकरी हैं? क्या 12 घंटे या 17 घंटे की देरी बिजनेस क्लास वालों को नहीं भुगतनी पड़ रही है? क्या उनका विमान डायवर्ट नहीं हो रहा है? क्या बिजनेस क्लास वाले हवाईअड्डे पर बैठ कर झक्ख नहीं मार रहे हैं या घंटों एयरोब्रिज पर अटके नहीं रह रहे हैं? सबकी हालत और हैसियत एक जैसी है। एक बार जहाज में बैठने के बाद सबकी स्थिति एक जैसी हो जाती है। सब एयरलाइन कंपनी के रहमोकरम पर होते हैं। वहां किसी को अपना गुस्सा जाहिर करने की इजाजत भी नहीं होती है। वह चुपचाप असहाय होकर बैठा रहे अगर उसने गलती से गुस्सा जाहिर कर दिया तो उसको नो फ्लाई लिस्ट में डाल दिया जाएगा। भारत में विमानन मंत्रालय को नागरिक विमानन मंत्रालय कहा जाता है। क्या विडम्बना है कि इसमें नागरिक को छोड़ कर सबका ध्यान रखा जाता है। विमानन कंपनियों के ग्राउंड स्टाफ से लेकर चालक दल तक सबसे काम करने के घंटे तय हैं। उनके अधिकार परिभाषित हैं। अगर किसी कारण से विमानों के उडे में देरी हो रही है तब भी चालक दल तय समय से ज्यादा काम नहीं करेगा। बिना उड़ान भरे उसकी ड्यूटी खत्म हो जाएगी और दूसरा चालक दल आगे का काम संभालेगा। लेकिन इस तरह की कोई सुविधा नागरिकों को नहीं है। उन्हें तो बताने तक की जरुरत नहीं समझी जाती है कि उनके विमान की उड़ान में किस वजह से और कितने समय की देरी हो रही है। लोग परिवार के बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं के साथ हवाईअड्डे पर, एयरोब्रिज पर या विमान के अंदर विमानन कंपनी के कर्मचारियों को टुकुर-टुकुर देखते रहते हैं और अपने अपने भगवान को याद करते रहते हैं कि जल्दी से जल्दी अपने गंतव्य तक पहुंचे। क्या उनकी मानसिक व शारीरिक प्रताडा का कोई मतलब नहीं है? सचमुच सब कुछ भगवान भरोसे है। बिल्कुल यही स्थिति ट्रेनों की है। हालांकि उनकी ज्यादा चर्चा नहीं हो रही है लेकिन हर दिन दर्जनों ट्रेनें कई कई घंटों की देरी से चल रही हैं। लोग ट्विट करके ट्रेनों के अंदर की गंदगी और खास कर शौचालय की गंदगी की तस्वीरें शेयर कर रहे हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं है। वहां भी स्लीपर क्लास में बैठे व्यक्ति की हालत भी वैसी ही जैसी फर्स्ट क्लास में बैठे यात्रियों की है। सब एक जैसे मवेशी क्लास वाले हैं। वैसे भी रेलवे से कमाई बढ़ाने की सोच में सरकार ने स्लीपर क्लास के डब्बे कम कर दिए हैं और एसी क्लास के डब्बे बढ़ा दिए हैं। सो, ट्रेन में एसी क्लास में सफर करने वाले भले अपने को महत्वपूर्ण मानते हों लेकिन हैं वे भी मवेशी क्लास के ही। उनका भी हाल पूछने वाला कोई नहीं है। चाहे जनरल बोगियों में भेड़-बकरियों की तरह ठूंस कर जाने वाले यात्री हों या एसी फर्स्ट क्लास वाले सबकी हालत एक जैसी है। सवाल है कि क्या यह इतना मुश्किल है कि हवाईजहाज या रेलवे में यात्रियों को समय से देरी की सूचना दी जा सके या देरी होने पर उनके लिए आराम से ठहरने या खाने की व्यवस्था की जा सके? अब बताया जा रहा है कि सरकार ने नियमों में बदलाव किया है और कहा है कि तीन घंटे से ज्यादा की देरी होने पर विमानन कंपनियां उड़ान को रद्द कर सकेंगी। इसके अलावा विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया है कि छह महानगरों के हवाईअड्डों पर वॉर रूम बनाया जाएगा और दिन भर में तीन बार देरी की सूचना देनी होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि 24 घंटे सीआईएसएफ की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी।

आस्था की नगरी में श्री राम के चरण कमल

निलय श्रीवास्तव

अयोध्या एक नगर नहीं बल्कि आस्था और गंगा-जमुनी तहजीब का जीता जागता प्रमाण है। अयोध्या प्रभु श्री राम की जन्म स्थली है। दुनियाभर में अयोध्या की पहचान स्थापित है। विश्व के अनेक देशों में प्रचलित है कि भारत के लोग अपने धर्म एवं देवी देवताओं के प्रति अपार आस्थावान हैं। यही वजह है कि भारत को भाव भूमि कहा जाता है। अपने जन्मकाल से लेकर आज तक भारत ने अनेक शासकों के राज देखे लेकिन इस भारत की मिट्टी में जो ऊर्जा है, जो संयम है, जो भाईचारा है, उसे कोई शासक नहीं मिटा पाया। अंग्रेजी राज ने फूट डालो, राज करो की नीति अपनायी और वे विफल हो गए। कदाचित अंग्रेज चले गये लेकिन उनकी बदनीयती पर चलने के लिये मुट्ठी भर लोग जब तब इकट्ठे हो जाते हैं और हर बार मुंह की खाते हैं। हिन्दुओं के लिए यह बहुत पीड़ादायक रहा कि श्री राम के जन्म स्थान पर ही भव्य निर्माण के लिये उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। कई वर्षों तक रामलला अस्थायी टेंट में रहे। अब राम लला भव्य मंदिर में विराजमान हैं। निश्चित ही यह मंदिर श्री राम के विराट व्यक्तित्व के अनुरूप है, जिससे भारतीय जनमानस पर न केवल अनूठी छाप अंकित हो रही है, बल्कि जन-जन में सौहार्द्र और सद्भावना का माध्यम भी निर्मित हो रहा है। क्योंकि श्री राम किसी धर्म का हिस्सा नहीं बल्कि मानवीयता का उदत्त चरित्र हैं। उनका सम्पूर्ण जीवन त्याग, तपस्या, कर्तव्य और मर्यादित आचरण का उत्कृष्ट स्वरूप है।

वेद पुराणों में कहा गया है कि मानव का मन पवित्र और स्वच्छ है तो वह मंदिर है और वहाँ राम बसते हैं। हृदय अयोध्या के समान है यानि राम की अयोध्या। मंदिरों की नगरी अयोध्या का पूरा माहौल पूर्णतः धार्मिक एवं सौहार्द्रपूर्ण है। वहाँ एक मस्जिद भी थी। कहा जाता है कि बाबर ने मस्जिद का निर्माण मंदिर को नष्ट कर कराया था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते समय इस तर्क को सिरे से नकार दिया था। कोई प्रमाण नहीं मिला कि मंदिर तोड़कर मस्जिद बनी थी लेकिन किसी मंदिर नुमा अवशेष पर मस्जिद बनी थी, इसे स्वीकार किया गया था। इस तरह फैसला श्रीराम मंदिर के पक्ष में सुरक्षित रहा। अब अयोध्या में सरयु तट पर श्री राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन आगामी 22 जनवरी को होने जा रहा है। पूरी दुनिया की नजर अयोध्या पर केन्द्रित रहेगी। अब हम अपने सपनों को साकार होते देखने जा रहे हैं। जल्द ही वह आन्नदमयी क्षण हमारे सामने आने वाला है। राम जन्मभूमि पर मयार्दा पुरुषोत्तम की आकर्षक प्रतिमा के दर्शन करने के लिये देश के कोने-कोने से सभी धर्मों के लोग लालायित हैं। उनकी उत्सुकता देखते ही बन रही है। प्रसंगवश यहाँ बता दें कि इस पुनित कार्य के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बधाई एवं सराहना के पात्र हैं क्योंकि दृढ़ इच्छाशक्ति, श्री राम के प्रति अपार आस्था तथा देश भक्ति की भावना प्रबल होने के कारण आज यह आन्नदमय क्षण हमारे सामने आयेगा। राम का चरित्र ही ऐसा है जिससे न केवल भारत बल्कि दुनिया में शांति, अहिंसा, साम्प्रदायिक सौहार्द्र और अमन का साम्राज्य स्थापित होगा। राष्ट्रीय जीवन के हर क्षेत्र में जो प्रकाश फैलेगा वह इतिहास के पृष्ठों को स्वर्णिम करेगा। भगवान राम केवल भारत वर्ष के ही आराध्य देव नहीं बल्कि विश्वव्यापी हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस में स्पष्ट लिखा है - व्यापक व्याप्य अखंड अनंता। अखिल अमोघशक्ति भगवंता।।

वेद शास्त्रों से ज्ञात होता है कि अयोध्या को भगवान श्रीराम के पूर्वज विवस्वान (सूर्य) के पुत्र वैवस्वत मनु ने बसाया था, तभी से इस नगरी पर सूर्यवंशी राजाओं का राज महाभारत काल तक रहा। यहीं पर प्रभु श्री राम का दशरथ के महल में जन्म हुआ था। महर्षि वाल्मीकि ने भी रामायण में जन्मभूमि की शोभा एवं महत्ता की तुलना दूसरे इन्द्रलोक से की है। धन-धान्य एवं रत्नों से भरी हुई अयोध्या नगरी की अतुलनीय छटा और गगनचुंबी इमारतों के अयोध्या नगरी में होने का वर्णन भी वाल्मीकि रामायण में मिलता है।

संक्षिप्त खबरें

श्रीकांत दुबारा सहवां पंचायत के उप मुखिया चुने गए

इसुआपुर। प्रखंड के सहवां पंचायत के उप मुखिया श्रीकांत प्रसाद शुक्रवार को दुबारे उप मुखिया चुन लिए गए। 14 वार्ड सदस्यों वाले इस पंचायत के 4 वार्ड सदस्य विपक्ष में रहे। वहीं बाकी के 10 वार्ड सदस्य पक्ष में रहे। सदन में मात्र चार सदस्य ही उपस्थित हुए। जिसके चलते मतदान नहीं हो पाया । मतदान स्थल पंचायत भवन में रखा गया था। इस मौके पर चुनाव प्रेक्षक प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी पानापुर जितेंद्र कुमार, स्थानीय पंचायत सचिव रविंद्र कुमार सिंह तथा इसुआपुर थाने की पुलिस मौजूद थी। खुशी जाहिर करने वालों में मुखिया अमरजीत कुमार, मुखिया प्रतिनिधि रोहित सिंह कुशवाहा, अशोक सिंह, सोना लाल मांझी, मिथिलेश महतो, लाल बाबू राय, सिकंद राय, गुलाब पंडित, मैनुद्दीन साईं,इजहार अंसारी व अन्य थे।

छात्रा प्रीति- कृति का गीत सुन अधिकारियों ने की प्रशंसा

रसूलपुर।शिक्षा संवाद में विद्यालय की छात्रा बहनें प्रीति - कृति ने शिक्षा योजना पर आधारित गीत की प्रस्तुति की जिसकी सराहना अधिकारियों ने की और विद्यालय में बच्चों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने में शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।छात्रा बहनों द्वारा प्रस्तुत स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड बनता ,पोशाक छात्र वृति बंटता,शिक्षा में आइल बावे क्रांति रे बटोहिया गीत की पंक्ति सुन छात्र शिक्षक अभिभावक व अधिकारियों ने ताली बजा कर प्रोत्साहित किया।

शिक्षा संवाद में बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील

रसूलपुर।थाना क्षेत्र स्थित उत्क्रमित हाईस्कूल चनचौरा-माधोपुर में शनिवार को शिक्षा संवाद आयोजित हुआ।संवाद में बीपीआरओ अंगेश कुमार यादव, एमओ अंकित कुमार,सीडीपीओ मनीषा रानी आदि ने शिक्षा से जुड़ी पोशाक, साइकिल, छात्रवृति ,प्रोत्साहन आदि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।अधिकारियों ने कहा कि किसी भी निजी विद्यालयों की अपेक्षा हमारे सरकारी बीपीएससी शिक्षक बेहतर हैं इसलिए बेफिक्र होकर अभिभावक बच्चों को स्कूल भेंजे।प्रधानाचार्य अर्जुन सिंह ने मंच संचालन करते अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की।मौके पर शिक्षिका सुलेखा राय ,पूर्व प्रधानाचार्य प्रदीप राम,ललन प्रसाद,धर्मेंद्र साह,डॉ कौशल कुमार पांडेय,विनय कुमार रावत, संजय कुमार दास,तेरस राम,सौम्या कुमारी,रणविजय सिंह,रजनी कुमारी,राधा कुमारी,संजू चौहान, ऋषिकेश शर्मा ,रंगीला ठाकुर, चंदन राय ,हेमंत राय ,मदन यादव कासिम अंसारी ,उधो राय,अशोक उपाध्याय, सत्यदेव राय आदि शिक्षक-अभिभावक उपस्थित रहे।

मेयर उपचुनाव सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में संपन्न होगी: जिलाधिकारी

चाक - चौबंद सुरक्षा व्यवस्था को ले बड़े पैमाने पर पुलिस बल - मजिस्ट्रेट की तैनाती की गईः एसपी

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। चाक -चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच नगर निगम उपमेयर का चुनाव संपन्न होगा, आयोग के दिशा- निर्देश का अक्षरसः पालन होगा, प्रशासन द्वारा सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। उक्त बातें सारण के जिलाधिकारी अमन समीर ने शनिवार को स्थानीय सारण समाहरणालय के सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। मीडिया को संबोधित करते हो जिलाधिकारी ने कहा कि सुबह 7:00 से 5:00 तक मतदान होगा,75 भावनों में कुल 196 बूथ बनाया गया है। जिलाधिकारी ने मीडिया को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि दो आदर्श मतदान केंद्र जिला स्कूल में बनाया गया है। शांतिपूर्ण मतदान और विधि व्यवस्था को देखते हुए संवेदनशील एवं अति संवेदनशील 108 मतदान केंद्र बनाया गया है। जिसमें 67 सेक्टरों में बड़े पैमाने पर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। उम्मीदवारों के घर के नजदीक वाले बूथों पर प्रशासन की विशेष निगरानी रहेगी, आयोग के दिशा- निर्देश के आलोक में सभी बूथों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमन समीर ने कहा कि यह चुनाव तीसरी आंख से निगरानी में संपन्न होगा, सभी भूतों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है।जबकि एफआरएस सिस्टम से फर्जी मतदान को रोका जाएगा, जिसमें आईटी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मतगणना 14 टेबल और 14 चक्र में संपन्न होगा। विजय जुलूस पर भी इस बार प्रतिबंध रहेगा। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया व अन्य मीडिया 48 घंटा पहले किसी भी तरह का निर्वाचन संबंधी पक्षपात की खबरें नहीं दिखा सकते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सारण के एसपी डॉ गौरव मंगल ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण मतदान को लेकर चक चाक - चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई है, 200 पुलिस बल,800 सिपाही के अलावा एक कंपनी फोर्स की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। मतदान एवं मतगणना के दिन दरोगा राय चौक से थाना चौक तक किसी भी तरह का वहां परिचालन सुबह 7:00 से 5:00 तक बंद रहेगा। मतदान के दिन बाईक सवार पुलिस बल पेट्रोलिंग करेंगे। जिला अनुमंडल स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है, जिससे जिला स्तरीय एवं अनुमंडल स्तरीय कंट्रोल रूम से निगरानी होगी। इस दौरान सघन जांच अभियान, वाहन चेकिंग भी जारी रहेगा। मतगणना और मतदान के दिन ट्रैफिक व्यवस्था सुधीर करने को लेकर ट्रैफिक डीएसपी ने विस्तृत रूप से जानकारी दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीडीसी प्रियंका रानी, डीपीआरओ कन्हैया कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे

सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला का करेंगे उदघाटन

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की प्रमुख मीडिया इकाई, पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) द्वारा क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला वार्तालाप का आयोजन आज छपरा में होने जा रहा हैं। वार्तालाप का उदघाटन मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के द्वारा किया जाएगा । मौके पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पटना के अपर महानिदेशक एस के मालवीय विशिष्ट अतिथि होंगे। वार्तालाप में जिले के पत्रकार बंधु शामिल होंगे। वार्तालाप में खास तौर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के मद्देजनर ह्लहमारा संकल्प विकसित भारतह्व विषय पर चर्चा की जाएगी। जैसा कि भारत सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों से संबंधित सूचनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु पीआईबी नोडल एजेंसी है। पीआईबी, आम जनता तक पहुंच बनाने हेतु मीडिया और केन्द्र सरकार के बीच प्रमुख सेतु का कार्य करती है। आम जनता तक सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और योजनाओं के प्रभावी तरीके से प्रचार-प्रसार हेतु जरूरी है कि पीआईबी और मीडिया के बीच संबंधों को और मजबूत किए जाएं। इसके लिए यह आवश्यक है कि पीआईबी की पहुंच दिल्ली या राज्य की राजधानियों के पत्रकारों तक ही सीमित नहीं रहे बल्कि जिला और निचले स्तरों तक काम करने वालों तक इसे विस्तारित किया जाये। उपरोक्त उद्देश्य से ही क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला झ ह्यवार्तालापह्व की परिकल्पना की गयी है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विकासात्मक रिपोर्टिंग, सामाजिक अभिप्रेरक के रूप में मीडिया के दायित्व, आज के संदर्भ में मीडिया के समक्ष नई चुनौतियां और मीडिया कौशल उन्नयन जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा करना है। साथ ही स्थानीय मीडिया के संदर्भ में सूचनाओं के प्रवाह को बेहतर और प्रभावी बनाने के लिए समुचित सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास करना है। इसका प्रमुख उद्देश्य यह भी है कि इस कार्यक्रम के जरिये पीआईबी के क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों एवं जिला और उप-जिला स्तरों पर कार्य कर रहे पत्रकारों के बीच सीधा संबंध स्थापित किया जाये।

शोभायात्रा सह अक्षत वितरण कार्यक्रम संपन्न

प्रात: किरण संवाददाता

आदापुर। एक ही नारा,एक ही नाम जय श्रीराम जय श्रीराम....,भारत का बच्चा-बच्चा जय श्री राम बोलेगा....,जो राम का नहीं वह किसी काम का नही...आदि नारों व जयघोषों के साथ शनिवार को आदापुर प्रखंड क्षेत्र के भवानीपुर पंचायत में भाजपा, विहिप, बजरंग दल आदि के द्वारा आयोजित शोभायात्रा सह अक्षत वितरण कार्यक्रम संपन्न हो गया। शोभायात्रा का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा ने किया। मालूम हो कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्याधाम अवस्थित दिव्य-भव्य-नव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला विराजमान होंगे। उक्त अवसर पर सहभागिता हेतु भाजपा, विहिप, बजरंग दल आदि ने अक्षत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। उक्त बाबत भाजपा नेता संजीव सागर ने बताया रामलला विराजमान के पुनीत अवसर पर साक्षी होने के लिए लोगों को आमंत्रित करने के लिए अक्षत वितरण किया जा रहा है। शोभायात्रा में अमृतलाल कुशवाहा, सुजीत कुमार, अनोद कुशवाहा, सुमन ठाकुर,शिव पूजन प्रसाद गुप्ता, रमाकांत प्रसाद चौरसिया, सुभाष प्रसाद, बड़ा बाबू कुमार, हरि किशोर, धनेश राम, रंजन कुशवाहा सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

शिक्षा संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

पानापुर(सारण)प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय बकवॉ शिव मंदिर में शनिवार को शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी हरिशंकर कुमार एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी जीतेंद्र कुमार,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी ने छात्र छात्राओं के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।पदाधिकारियों ने छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों से शिक्षा से संबंधित सुझावों एवं उसके निराकरण के उपायों के बारे में सुझाव लिया।कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ,शिक्षकों ,अभिभावकों एवं छात्रों ने बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने में अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का संकल्प व्यक्त किया।छात्र-छात्राओ ने लैब,पुस्तकालय एवं एन सी सी की व्यवस्था कराने की मांग की।अभिभावक अजित कुमार ने बच्चो का नामांकन नजदीकी इन्टर कॉलेज मे कराने की मांग रखी।जिसे पदाधिकारियो ने सरकार तक उनकी बात पहुंचाने की बात कही।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक मिथलेश कुमार जबकि मंच संचालन कवींद्र रेणु ने किया।इस मौके पर बीआरपी नागेंद्र सिंह ,रमेश कुमार सिंह,निरंजन सिंह,कान्ता राम सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

दो बैंक पदाधिकारी सहित पोस्टमास्टर को बीमित राशि सुद के साथ भुगतान करने का आदेश

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह एवं सदस्य मनमोहन कुमार एवं श्रीमती मंजू सिंह ने परिवाद संख्या 90/18 में आवेदक द्वारा एटीएम ट्रांजैक्शन किया हुआ 30 हजार भुगतान करने का आदेश 6% सूद के करने का आदेश एवं 500 सौ रूपया शारीरिक तथा 2 हजार वाद खर्च देने का आदेश दिया है। बताते चलें कि भगवान बाजार थाना के फीदर बाजार निवासी अहमद मंसूरी ने भारतीय स्टेट बैंक आरसीसी शाखा श्याम चौक भगवान बाजार तथा एक्सिस बैंक भगवान बाजार के विरुद्ध वाद दिनांक 28 नवंबर 2018 को दाखिल किया था जिसमें उन्होंने दशार्या था कि भारतीय स्टेट बैंक में उनका खाता है और वह एक्सिस बैंक से 27 जून 2018 को 30 हजार रुपए निकालने गए परंतु ए टी एम मशीन से रूपया नही मिला और उनके खाते से 30 हजार रूपए कट गया । आवेदक ने दोनों बैंकों में शिकयत दर्ज किया और दौड़ते रह गए परंतु उनकी बातों को कोई नहीं सुना । तब उन्होंने उपभोक्ता आयोग में गुहार लगाई । एक और परिवाद पत्र 131/ 2003 जिसे रसूलपुर थाना के नवादा निवासी धनंजय कुमार सिंह ने 4 नवंबर 2003 को दाखिल किया था। जिसमें उन्होंने दशार्या था कि उन्होने सामूहिक ग्रुप योजना के अंतर्गत बैंक द्वारा एक ट्रैक्टर लिया था परंतु कुछ दिनों के बाद ट्रैक्टर में कुछ तकनीकी खराबी आ गई जिसके कारण ट्रैक्टर एजेंसी में बनाने हेतु दे दिया। इसकी सूचना बैंक को भी दे दिया ताकि बैंक द्वारा उनके लोन खाता में सुद नही लगाया जाए ।परंतु शाखा प्रबंधक केनरा बैंक वनपुरा रसूलपुर द्वारा उनके ट्रैक्टर लोन राशि में विलंब शुल्क जोड़ा जाने लगा इसके लिए उन्होंने आवेदन दिया। परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। तब उन्होंने उपभोक्ता आयोग का सहारा लिया और उपभोक्ता आयोग ने एक लाख रुपए 6% सूद के साथ भुगतान करने का आदेश तथा मानसिक शारीरिक क्षति हेतु 15 हजार एवं वाद खर्च 5 हजार देने का आदेश दिया है। एक और मामले में मढ़ौरा थाना के इसरोली निवासी लिलावती देवी पति जवाहर शर्मा द्वारा मढ़ौरा पोस्ट ऑफिस के पोस्टमास्टर तथा छपरा डाकघर के प्रधान प्रबंधक के खिलाफ वाद संख्या 95/ 2007 दिनांक 12 सितंबर 2007 को दाखिल किया गया था । जिसमे दशार्या था कि उनके पति स्वर्गीय जवाहर लाल शर्मा द्वारा इसरौली पोस्ट ऑफिस में एक बचत खाता खोला गया था जिसमे ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा एक लाख का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा किया गया था। परंतु दिनांक 3 फरवरी 2007 को खातेदार की मृत्यु दुर्घटना में हो गई। आवेदिका पोस्ट ऑफिस में व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा के अंतर्गत एक लाख रुपये राशि भुगतान करने का आवेदन दिया। परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। तब उन्होंने उपभोक्ता आयोग का सहारा लिया और उपभोक्ता आयोग ने एक लाख रुपए 6% सूद के साथ भुगतान करने का आदेश तथा मानसिक शारीरिक क्षति हेतु 15 हजार एवं वाद खर्च 5 हजार देने का आदेश दिया है।

कर्पूरी ठाकुर के सपनों को पूरा कर रहे हैं मोदी:धनंजय

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय पैनललिस्ट धनंजय गिरि ने पत्रकार वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी 24 जनवरी को मिलन हाई स्कूल पटना में कपूर्री ठाकुर की जयंती बहुत थी भव्य तरीके से मनाने जा रही है। भाजपा सदैव कपूर्री ठाकुर के सिद्धांतों पर चलती है कपूर्री ठाकुर ने सबसे ज्यादा सवाल शिक्षा, पंचायती राज ,पर किया वह समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति की चिंता करते थे उन्हीं के चलाए रास्ते एवं सिद्धांतों को भाजपा शुरू से ही चल रही है जो उनके चेले अपने आप को कहते हैं वर्तमान में बिहार में जो महागठबंधन की सरकार है वह कभी भी कपूर्री ठाकुर के सिद्धांतों को कपूर्री ठाकुर के विचारों को अपने नीति सिद्धांत या सरकार के कार्यकलापों में लाने का काम नहीं करती है।आज नीतीश कुमार हो या लालु यादव वह सिर्फ कपूर्री ठाकुर के नाम एवं उनके नाम पर राजनीति करते हैं और लोगों को और बिहार की जनता को ठगने का काम करते हैं। राम मंदिर के बारे में धनंजय गिरी ने बताया है कि भाजपा सदैव अपने घोषणा पत्रों में राम मंदिर धारा 370 जैसे मुद्दों का रखती रही है हम शुरू से कहते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे और भाजपा ने राम मंदिर के लिए संघर्ष किया भाजपा के कार्यकर्ताओ ने अपना सर्वोच्च बलिदान किया भाजपा ने राम मंदिर निर्माण के लिए हर कुछ सहा आज वह दिन आ गया है की आज राम लाल अपने घर में विराजमान हो रहे यह भारतीय जनता पार्टी के लिए खुशी एवं गर्व की बात है कि हम लोग जिस मुद्दे को लेकर चले आज हमारे घोषणा पत्र के और सारे मुद्दे पूर्ण हो गए हैं इकलौती बीजेपी ऐसी पार्टी है कि अपने सारे घोषणा पत्र के वादों को पूरा कर नई घोषणा पत्र का निर्माण के बारे में विचार करेंगी आज के पत्रकार वार्ता की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने की एवं संचालन जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने की इस पत्रकार वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता कुंतल कृष्ण, महामंत्री विवेक कुमार सिंह, धर्मेंद्र शाह, शत्रुघन भक्त मलाकार, जिला मंत्री सत्यानंद सिंह, कार्यालय मंत्री अर्द्धेन्दु शेखर, मिडिया प्रभारी बलवंत सिंह, राजीव तिवारी, शांतनु कुमार,आईटी सेल निशांत राज, हरेश्वर सिंह, नगर संयोजक अनिल यादव,चरण दास,राकेश कुमार, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई

शिक्षा संवाद कार्यक्रम पूरे जिला में आयोजित किया गया

- शिक्षा संवाद कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को दी गई लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी
- शिक्षा संवाद कार्यक्रम में सरकार के प्रमुख लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं का हुआ हुआ व्यापक प्रचार-प्रसार

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। प्रमंडलीय आयुक्त सर्वानन एम की अध्यक्षता में सारण एकेडमी,छपरा में शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सारण श्री अमन समीर भी उपस्थित थे। विदित है कि मुख्य सचिव, बिहार के निदेशानुसार शिक्षा विभाग की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण विभागों की लोकोपयोगी योजनाओं के संबंध में छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को समुचित जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्व से संचालित जन-संवाद कार्यकम की तर्ज पर ह्यशिक्षा संवादह्व कार्यकम आयोजित किया जा रहा है। प्रमंडलीय आयुक्त के द्वारा बताया गया कि इन लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को समुचित जानकारी नहीं रहने की स्थिति में उन्हें योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में असुविधा होती है। कभी कभी उन्हें इसके लाभ से वंचित रहना पड़ता है। ऐसी स्थिति में शिक्षा संवाद आयोजित करने का निदेश सरकार से प्राप्त हुआ है। यह शिक्षा संवाद जिला के सभी माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित किया जा रहा है। कार्यकम इस प्रकार से तैयार किया गया है कि निर्धारित अवधि में जिला के सभी माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालय आच्छादित हो जाय। आज आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक गणों ने भी कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में अपना फीडबैक दिया। जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा आश्वासन दिया गया कि उनके द्वारा व्यक्त किए गए योजनाओं के संबंध में फीडबैक को सही माध्यम के जरिए सरकार तक पहुंचा दिया जाएगा।

लालबाजार में दलितों के बीच रेड क्रॉस सोसायटी सारण ने किया कंबल वितरण

प्रात: किरण संवाददाता

छपराः- छपरा के लालबाजार स्थित दलित वस्ती में रेड क्रॉस सोसायटी सारण के द्वारा लालबजार के दलितों,जरुरतमंदों और असहायों के बीच कंबल वितरण किया गया।कंबल वितरण रेड क्रॉस की जिला सचिव जीनत जरीना मसीह के नेतृत्व में हुआ। रेड क्रॉस की जिला सचिव जीनत मसीह ने कहा की हाड़ कंपा देने वाली सर्दी का प्रकोप चरम पर है, सूर्य देवता बादलों की ओट में हैं, ठिठुरते जरुरतमंदों, बुजुर्गों और बेसहारा महिलाओं को अपनी जान बचाना मुश्किल हो रहा है इसी के मध्य नजर कंबल वितरण का नेक काम किया गया।रेड क्रॉस सोसाइटी पिछले एक सप्ताह से जिले के अलग अलग जगहों 150 से अधिक जरूरतमंदों को कंबल देकर ठंड से जीवन-रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। संस्था के सदस्य डॉ शहजाद आलम ने कहा कि इस ठंड में केवल अपने परिवार, रिश्तेदारों और मित्रों के साथ सुरक्षित रहना स्वार्थ है।हमें अपनी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी समझनी होगी। किसी भी आपदा के अवसर पर जरूरतमंदों की सहायता की जाए तो आपकी खुशियां कई गुना बढ़ जाती है। लालगंज दलित वस्ती में कंबल प्राप्त करने वालो में गणेश मुसहर,बासुदेव मुसहर,राजबलम मुसहर, मालती देवी,जगत देवी,चंद्रवती देवी सहित 56 दलितों के बीच कंबल का वितरण किया गया।आयोजन को सफल बनाने में रेड क्रॉस युवा के इकाई के प्रभारी भुवनेश्वर सदस्य इम्तियाज की अहम भूमिका रही।

कालाजार के नए मरीजों की खोज शुरू, प्रभावित गांवों में आशा कार्यकता करेंगी सर्वे

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में कालाजार के नए रोगियों की खोज के लिए शनिवार से अभियान की शुरूआत हो गई है। सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि आशा कार्यकताएं कालाजार प्रभावित गांवों में घर-घर जाकर सर्वे करेंगी और कालाजार के लक्षण वाले मरीजों को चिह्नित करते हुए उन्हें जांच के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सदर अस्पताल रेफर करेंगी। साथ ही, उन मरीजों की भी जांच की जायेगी जो पूर्व में कालाजार की बीमारी से ग्रसित रहे हो, क्योंकि कई मामलों में कालाजार के मरीजों के दोबारा से इस बीमारी से ग्रसित होने की संभावना रहती है। हालांकि, कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के तहत विभाग की ओर से प्रभावित गांवों में साल में दो बार छिड़काव कराया जाता है। लेकिन उसके पूर्व कालाजार मरीजों के लिए खोजी अभियान चलाया जाता है। ताकि किसी भी स्तर पर चूक न हो सके। त्वचा पर सफेद दाग व गांठ बनना हो सकता है पीकेडीएल के लक्षणः डॉ दिलीप जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि इस अभियान में कालाजार के छुपे हुए मरीजों को चिह्नित किया जायेगा। ताकि, उनका समय से इलाज शुरू किया जा सके। उन्होंने बताया कि 15 दिनों से अधिक समय तक बुखार का होना कालाजार के लक्षण हो सकते हैं। इस बीमारी के अन्य लक्षणों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि भूख की कमी, पेट का आकार बड़ा होना कालाजार के लक्षण हो सकते हैं। जिन्हें बुखार नहीं हो लेकिन उनके शरीर की त्वचा पर सफेद दाग व गांठ बनना पीकेडीएल के लक्षण हो सकते हैं। जो पूर्व के कालाजार के मरीजों से अधिकांशतः पाया जाता है। इसलिए कालाजार से ठीक हो चुके मरीजों को भी जांच कराना अनिवार्य है। ताकि, उन्हें पीकेडीएल के प्रभाव से बचाया जा सके। आशा कार्यकताओं को दी गई है लक्षणों की पहचान की जानकारीः जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण सलाहकार सुधीर कुमार ने बताया, इस अभियान के लिए कुल 927 आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमें उन्हें कालाजार और पीके डीएल के लक्षणों की पहचान की विस्तार से जानकारी दी गई है। जिसका प्रसार संक्रमित बालू मक्खी द्वारा होता है। यह परजीवी बाद किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो परजीवी स्वस्थ व्यक्ति के अंदर प्रवेश कर जाता है। इस प्रकार यह रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक फैलता है। इस बीमारी में दो हफ्तों से ज्यादा बुखार रहता है। उन्होंने बताया कि कालाजार के संदिग्ध रोगी की खोज कर ससमय जांच एवं उपचार करवाना जरूरी है। मरीजों को मिलती है पारिश्रमिक क्षतिपूर्ति राशिः वीडीसीओ वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी (वीडीसीओ) अनुज कुमार ने बताया कि 2021 में कालाजार के 222 मरीज मिले थे। वहीं, 2022 और 2023 में क्रमशः 119 और 90 मिले। जो विभाग के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम रहा। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा कालाजार रोग ग्रसित सभी मरीजों को पारिश्रमिक की क्षतिपूर्ति राशि दी जाती है। योजना के तहत 6600 रुपये तथा केंद्र सरकार की ओर से 500 रुपये यानी कुल 7100 रुपये भुगतान करने का प्रावधान है। वहीं, पीकेडीएल के मरीजों को सरकार द्वारा 4 हजार रुपए की श्रम क्षतिपूर्ति राशि भी दी जाती है।

शिक्षा संवाद का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

गरखा (सारण) स्थानीय वेदनारायण +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय महम्मदपुर विद्यालय परिसर मे शनिवार को शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के एच एम नीलू कुमारी के द्वारा किया गया। शिक्षा संवाद मे कार्यक्रम मे छात्र छात्राओ के लिए सरकार द्वारा चलाये जाने वाली विभिन्न योजनाओ की विस्तृत जानकारी दी गई वक्ताओ ने मुख्यमंत्री साइकिल, पोशाक योजना के अलावा छात्रा स्वास्थ्य कार्यक्रम आदि की जानकारी दी साथ ही छात्र छात्राओ को 75 फीसदी उपस्थिति के बाद ही इन सभी सरकारी योजनाओ के मिलने की बात बतायी गई। कार्यक्रम मे जिला भू अर्जन पदाधिकारी राकेश कुमार बाल विकास परियोजना पदाधिकारी जया कुमारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी निरंजन कुमार प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कन्हैया शुक्ला आदि सामिल थे कार्यक्रम मे अभिभावक बच्चो की काफी संख्या मे उपस्थिति थी कार्यक्रम को सफल बनाने मे शिक्षक शिक्षकेतर कर्मी का सहयोग काफी सराहनीय रहा।

अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

परसा। बिहार में शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पूर्ण शराबबंदी कानून लागू किया गया है।शराब की तस्करी पर रोक लगाने और शराबबंदी कानून को धरातल पर पूर्ण रूप से उतारने के लिए पुलिस रात दिन प्रयास में जुटी है।पुलिस की प्रयास से शराब लोड ट्रक जप्त कर लिया और चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया।यूपी से ट्रक पर शराब लेकर थाना क्षेत्र के लतरहिया सप्लाई के लिए लाया गया था।गुप्त सूचना पर ट्रक पर शराब होने की सूचना पर पुअनि अरुण कुमार पुलिस बल के साथ पहुँच छापेमारी किया।छापेमारी में शराब तस्कर भागने में सफल रहा।जांच के दौरान ट्रक में चार कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद किया गया।साथ ही एक युवक को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार युवक सारण जिला के अवतार नगर थाना क्षेत्र के सांठा निवासी लालू राय का पुत्र मुकेश कुमार राय बताया जाता है।जप्त शराब में रॉयल स्टेज के 750 एमएल के 23 बोतल,सिग्नेचर के 750 एमएल दस बोतल,रॉयल चैलेंचार के 750 एमएल के दस बोतल में कुल 32 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया।थानाध्यक्ष ने कहा कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।गिरफ्तार युवकों को जेल भेज दिया गया।पुलिस शराब तस्कर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुटी है।

संक्षिप्त खबरें

राजद के जिला सचिव बनें जय शंकर

नोखा (रोहतास) राजद जिलाध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर के द्वारा जयशंकर सिंह उर्फ भींजी को राजद जिला सचिव के पद से मनोनित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने बताया कि आशा विश्वास के साथ जिला सचिव राजद पार्टी को मजबूती दिलाने में महत्वपूर्ण सहयोग देंगे। मौके पर खुशी व्यक्त करते हुए सैकड़ों लोगों ने उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम अवसर पर जिला महासचिव जगदानंद यादव, नगर अध्यक्ष भोला सिंह, काशी यादव, दया पाल मंडल, कामेश्वर यादव, श्याम लाल यादव, दोमानाथ यादव ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

नव विवाहिता ने की आत्महत्या

दावथ (रोहतास) दावथ थाना क्षेत्र के कोआथ में एक विवाहिता ने शुक्रवार को दोपहर बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है ।इस संबंध में थानाध्यक्ष कृपाल जी ने बताया कि कोआथ निवासी धर्मेंद्र शर्मा की पत्नि नैना कुमारी ने कोआथ स्थित अपने घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या करने की सूचना मिली,इसके बाद घटनास्थल पर पुलिस बल के साथ पहुंचे हैं। इसके पिता जियूत शर्मा करूप शिवसागर थाना के करुप निवासी को सूचना दी गयी है ।इसके बाद पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा जाएगा।

नाबालिग लड़की से छेड़खानी करने वाले युवक गिरफ्तार

दिनारा (रोहतास) नटवार थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग युवती से छेड़खानी मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि मुसवत निवासी सहेंद्र यादव के 23 वर्षीय पुत्र टुन्ना कुमार को नाबालिग युवती से छेड़खानी करने के मामले शुक्रवार को देर शाम गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने आगे बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ बीते वर्ष सितंबर माह में युवती के पिता द्वारा थाना में पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उक्त आरोपी को गिरफतार कर न्यायालय भेज दिया। युवती के पिता द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया था कि बरुना गांव के समीप युवती से छेड़खानी किया गया था।

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में स्नातक भाग 1 की परीक्षा शुरू

आरा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय स्नातक भाग 1 की परीक्षा आज से 61 केंद्रों पर शुरू हो गई शाहाबाद जिले के चारों जिले भोजपुर बक्सर कैमूर और रोहतास में कुल 61 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जहां की 90 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं परीक्षा केदो पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है एवं सदाचार रोकने के फूल प्रूफ इंतजाम किए गए हैं किसी भी परीक्षार्थी को इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मोबाइल एवं उपकरण ले जाने पर पाबंदी लगाई गई है और खुद परीक्षा केंद्रों का परीक्षा शुरू होते ही परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर अनवर इमाम जायजा लेते नजर आए उन्होंने कहा कि परीक्षा सभी केदो पर शांतिपूर्ण तरीके से चल रही है सभी जगह समय से प्रश्न पत्र पहुंचा दिए गए हैं और कदाचार रोकने के लिए सभी केंद्र अधीक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है एवं परीक्षा को लेकर अभिभावकों से अपील है कि वह परीक्षा केंद्र के आसपास भीड़ नहीं लगे शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा का सफल संचालन में विश्वविद्यालय प्रशासन का सहयोग करें बताते ।

पंचायती राज मंत्री ने पंचायत भवन का किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

राजपुर (रोहतास) पंचायत के मुखिया अपना आय का स्त्रोत पंचायत सहित बढ़ाने का काम करें इससे 15वीं वित्त आयोग और छठी आयोग पर निर्भरता समाप्त होगी। नली गली से निकलकर के पंचायत की बंदोबस्ती और पंचायत में आंतरिक स्त्रोतों से आमदनी बढ़कर के पंचायत मजबूत हो सकते हैं। वही पंचायती राज मंत्री से मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने मानदेय के बदले वेतनमान देने की मांग की गई ।मौका था राजपूर प्रखंड के राजपुर पंचायत में पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन समारोह। मौके पर पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन करते हुए बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री मुरारी गौतम, अति पिछड़ा कल्याण मंत्री अनीता देवी, काराकाट के सांसद महाबली सिह और स्थानीय निकाय के बिहार विधान पार्षद सदस्य संतोष कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने मुखिया संघ की तरफ से मानदेय के बदले वेतन देने की मांग की और कहा कि पंचायत सरकार भवन निर्माण के लिए जो पहले मुखिया द्वारा बनाई जाती थी। उसे अब एलिओ को दे दी गई है। जिस काम नहीं होता है और मुखिया इसे बनाते तो साल भर के अंदर काम पूरा कर देते थे। जिस पर पंचायती राज मंत्री ने कहा कि मुखिया संघ की मांग जायज है एलिओ से निर्माण काम की समीक्षा करने पर देखा जाता है कि जितना पंचायत सरकार भवन बनाने के लिए दिया गया है वह कोई भी कार्य शुरू नहीं किया गया है। एलईओ द्वारा कार्य को पूरा न करने के करण विकास काफी बाधित हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजपूर पंचायत के मुखिया रंजू देवी ने किया और संचालन सिकंदर कुमार सिंह ने किया। मौके पर सभी उपस्थित लोगों को मुखिया प्रतिनिधि सतीश कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अति पिछड़ा कल्याण मंत्री अनीता देवी ने कहा कि महागठबंधन सरकार में महिला सशक्तिकरण की योजनाओं से महिला सशक्त हुई है। नौकरी में 35 आरक्षण देने से महिला और सशक्त हुई। महागठबंधन की सरकार रोजगार दे रही है ।वहीं कोई स्थानीय निकाय के बिहार विधान परिषद सदस्य संतोष कुमार सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को सम्मान मिलनी चाहिए। जन प्रतिनिधियों की माग को जायज बताया। उनके आने वाले परेशानियों को भी मंत्री समक्ष रखा गया। काराकाट के सांसद महाबली सिह ने कहा कि सरकार ने सभी पंचायत में लगभग 70 प्रतिशत पंचायत सरकार भवन बना दिया गया है। जो सरकार विकास की प्रति समर्पित है। इस मौके पर मुखिया संघ जिलाध्यक्ष जोगिंदर कुमार सिंह, प्रमुख कुंती कुमार, उप प्रमुख निर्मला देवी, मुखिया रितेश कुमार, अमित कुमार, अशोक कुमार, हथनी पंचायत के मुखिया दयानंद सिंह, चंद्र हंस कुमार ,अशोक भारद्वाज, मुखिया अमित कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

स्नातक परीक्षा के पहले दिन वीर कुंवर सिंह केंद्र पर शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) शनिवार को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा द्वारा संचालित स्नातक पार्ट वन परीक्षा के पहले दिन वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर परीक्षा केंद्र पर कदाचारमुक्त हुई परीक्षा संपन्न। ज्ञात हो कि शहर क्षेत्र में चार परीक्षा केंद्रों पर नए सीबीसीएस पैटर्न तहत जारी परीक्षा के दोनों पालियों में साइंस और कला संकाय विषय की परीक्षा में वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, धारूपुर परीक्षा केंद्र पर 2416 परीक्षाथीयों की सूची शामिल थी। जिसमें कुछ परीक्षार्थी अनुपस्थित भी रहें। दूसरी तरफ परीक्षा केंद्र पर सघन जांच को देखते कुछ मुन्ना भाई परीक्षा केंद्र के मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर से ही फरार हो निकले। हालांकि महाविद्यालय कर्मियों ने कुछ दूर तक दौड़ लगाते हुए उनको पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन वह भागने में सफल रहें। जबकि केंद्राधीक्षक डॉ० सुरेंद्र कुमार सिंह ने इस संबंध में बताया कि कदाचारमुक्त संचालित परीक्षा के पहले दिन से ही परीक्षा केंद्र पर दोनों पालियों में मुन्ना भाई, मोबाईल, ब्लूटूथ, गेस पेपर सहित अन्य इलेक्ट्रानिक व चिट पुर्जे के खिलाफ मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर परीक्षा केंद्र के अंदर भी सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिस अभियान को सत्र 2023-27 स्नातक पार्ट वन परीक्षा के अंतिम तक जारी रखा जायेगा। ज्ञात हो की शनिवार से प्रारंभ परीक्षा अंतर्गत शहर के चार परीक्षा केंद्रों पर वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर में 2416, अंजबीत सिंह महाविद्यालय 1682, इंदु तपेश्वर महिला महाविद्यालय 1439 सहित पटेल महाविद्यालय में 1043 परीक्षार्थियों की सूची शामिल हैं। जो दो पालियों में साइंस व कला संकाय विषयों के साथ परीक्षा निर्धारित समय पहली सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे जबकि दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे संचालित हो रही है।

रोहतास में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी द्वारा वंचित शोषित जागरण रैली का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

रोहतास जिले के डेहरी डालमियानगर झंडा चौक मैदान में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के द्वारा वंचित शोषित जागरण रैली का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर सहित अन्य नेता उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि बिहार में वंचित और शोषितों का अभी तक समुचित विकास नहीं हो पाया है। बिहार में लालू और नीतीश की सरकार ने दलित वंचित और शोषितों को सिर्फ अपना वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। यही कारण है कि इन सभी का अभी तक विकास नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश की तरह बिहार में भी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी इन सभी के हक और हुकूक की लड़ाई को लड़कर उनका संपूर्ण विकास करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से शिक्षित और संगठित रहने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में पार्टी को मजबूत करने के लिए लगातार रैलियाँ की जा रही है ताकि बिहार में होने वाले आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूती से चुनाव लड़कर लोकसभा और विधानसभा में अपने समाज के लोगो को पहुँचाना चाहती। जब तक सदन में हमारे लोग नहीं रहेंगे तब तक हमें अपनी भागीदारी नहीं मिल सकती है। उन्होंने कहा कि जब हमारे लोग सदन में रहेंगे तभी वंचित और शोषितों के विकास के लिए जैसे उत्तर प्रदेश में लड़ाई लड़कर बिजली बिल में संशोधन करते हुए गरीबों को इसका लाभ दिया गया है उसी तरह से बिहार में भी गरीबों को निःशुल्क बिजली दिलाने का काम करेगी। इसके अलावा भूमिहीनों को पांच-पांच डिसमिल जमीन उपलब्ध कराकर उनके पक्के मकान का निर्माण करायेगी। वहीं उन्होंने कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी पूरे देश में स्वास्थ्य और शिक्षा में समानता का अधिकार लागू करने का हर संभव प्रयास कर रही है ताकि गरीबों को निःशुल्क शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष उदय नारायण राजभर, दलित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आजाद पासवान श्याम पासवान, हरेराम राजवंशी, सुदामा रजवार, सहित बिहार उत्तर प्रदेश और झारखंड से आए सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं कार्यक्रम में मंच का संचालन परशुराम राजभर द्वारा किया गया।

उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर का बिहार के राजनीति में हुई एंट्री

प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम । रोहतास जिले के डिहरी डालमियानगर झंडा चौक मैदान में आयोजित सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी द्वारा आयोजित वंचित शोषित जागरण रैली में शिरकत करने पहुंचे उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने इंडिया गठबंधन के नेताओं पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। जिसको लेकर इंडिया गठबंधन के तमाम नेताओं के द्वारा मंदिर की जगह स्कूल और हॉस्पिटल खोलना की बात कह रहे है। जब वे लोग सत्ता में थे तब उन्हें शिक्षा और स्वास्थ्य की बात याद नहीं आ रही थी। देश में कांग्रेस लंबे समय तक सत्ता में रही लेकिन इतने दिन सत्ता में रहने के बावजूद भी ये सभी लोग देश में शिक्षा और स्वास्थ्य में समानता का अधिकार कानून नहीं लागू कर पाए और अब शिक्षा और स्वास्थ्य की बात कर रहे हैं। खासकर बिहार में लालू और नीतीश अभी तक लंबे समय तक सत्ता में रहे लेकिन बिहार की जनता को निःशुल्क शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा लागू नहीं कर पाए और अब राम मंदिर निर्माण पर सवाल उठाते हुए स्कूल और अस्पताल की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता में रहने के बावजूद भी यह सभी लोग गरीबों को शिक्षा से वंचित रखे। ताकि अगर यह सभी लोग शिक्षित हो जाएंगे तो अपने अधिकार की बात करेंगे। इसलिए उन्हें दूसरी दिशा की ओर ले जाया गया। ताकि इन्हें अशिक्षित रहने पर पैसे का प्रलोभन देकर उनके वोट लेते रहें और खुद को सत्ता में काबिज रखे। इसीलिए इन सभी के द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य की बात करना बेमानी है। वहीं उन्होंने बिहार में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव में 02 सीटों और विधानसभा चुनाव में 25 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है।

स्वच्छ तीर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा द्वारा आरा पकड़ी चौक स्थित जोड़ा मंदिर मे सफाई अभियान चला

प्रात : किरण संवाददाता



आराः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर मंदिर मठो की सफाई कार्यक्रम स्वच्छ तीर्थ के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व मे आरा पकड़ी चौक स्थित जोड़ा मंदिर मे सफाई किया गया ।इस दौरान मंदिर मे स्थित शिवलिंग के साथ मंदिर परिसर की सफाई की गई ।उक्त कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह,कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता सिंह,अनिता मिश्रा, चुमनी देवी,आरती सिंह,दुर्गेश सिंह आदि थे। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि 22 जनवरी को प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हो रहा है ।इस दौरान प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर मंदिर-मठो मे सफाई कार्यक्रम हो रहा है ।भोजपुर जिला के विभिन्न मंदिरों मे भी भाजपा नेताओं और कार्यकताओं द्वारा स्वच्छ तीर्थ के अंतर्गत सफाई कार्यक्रम चल रहा बड़हरा विधायक के नेतृत्व मे बड़हरा विधानसभा के विभिन्न मंदिरों मे स्वच्छता अभियान चलाया गया। दिनांकः 20/01/24 शनिवार को प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरे देश मे स्वच्छ तीर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व मे बड़हरा विधानसभा के कोईलवर उतरी मंडल अंतर्गत पचैना स्थित माँ मतंगी मंदिर और नया मोहम्मदपुर स्थित राम जानकी मंदिर की सफाई कार्यकताओं और ग्रामीण जनता द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि 22 जनवरी का दिन नजदीक है और बड़हरा विधानसभा सहित पूरे देश मे उत्सव का माहौल है। प्रधानमंत्री जी द्वारा दस दिन का अनुष्ठान किया गया है ।सभी जगह पूजा-पाठ,हवन हो। रहा है ।सभी लोग प्रभुश्री राम के दर्शन के लिए उतावले है। इस दौरान प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर मंदिरों मे स्वच्छता अभियान चल रहा है ।उसी कार्यक्रम के तहत बड़हरा विधानसभा के प्रसिद्ध मंदिरों सहित सभी गाँवो के मंदिरों मे साफ-सफाई हो रहा है। कार्यक्रम मे उत्तरी कोईलवर मंडल अध्यक्ष संजय कुशवाहा, सलेमपुर मंडल अध्यक्ष धनंजय तिवारी, जिला प्रवक्ता धीरज सिंह, प्रदीप शर्मा, रोहित शर्मा, राजु सोनार, ओम प्रकाश सोनार, बसंत कुमार पांडे, अजय पांडे ,मनोज शाह, राजु महाराज, रामकुमार चौरसिया, लव पांडे, रंजीत शर्मा, दसई शर्मा, हिमांशु कुशवाहा, आनंद किशोर कुशवाहा सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रशिक्षण केंद्र सह उत्पाद केंद्र का निरीक्षण करने पहुँचे मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के जगदीशपुर प्रखंड के दुलोर स्थित जन विकास क्रांति द्वारा संचालित दिव्यांगजनों के लकड़ी के क्राफ्ट एवं खिलौने का प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र का निरीक्षण मनीष कुमार वर्मा क्अर (पी३ ि.) मुख्यमंत्री बिहार के अतिरिक्त परामर्शी द्वारा किया गया। मनीष कुमार वर्मा दिव्यांग कारीगरों द्वारा बनाए जा रहे लकड़ी के क्राफ्ट और खिलौने के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त कर उनकी सराहना किया और जन विकास क्रांति द्वारा दिव्यांगजनों के रोजगार के लिए किया जा रहा प्रयास काफी सराहनीय है। दिव्यांग कारीगर मुन्ना कुमार गुप्ता द्वारा कहा गया कि हम लोग को जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री बैटरी चलित ट्राई साइकिल योजना के तहत साइकिल मिला है जिससे हमलोग के जीवन में काफी क्रांतिकारी बदलाव आया है, लेकिन जिला स्तर पर इसका मरम्मती और साइकिल का सामान उपलब्ध नहीं होने के कारण हम सबको काफी परेशानी हो रही है। इसपर मनीष कुमार वर्मा द्वारा संबंधित विभाग के सचिव से मोबाइल पर बात कर इसके निदान के लिए बात किया। कार्यक्रम में उपस्थित आरती कुमारी ने कुशल युवा कार्यक्रम के प्रशिक्षण के बारे में बताते हुए कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम का प्रशिक्षण लेने के बाद मै कुशल युवा कार्यक्रम का प्रशिक्षण देती हूं। मैं अपने पैरों पर खड़ा होकर अपने परिवार का देखरेख कर रही हूं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुमंडलाधिकारी जगदीशपुर संजीत कुमार, जिला अल्पसंख्यक पदाधिकारी रवि प्रकाश, जन विकास क्रांति के महासचिव डॉ. हिमराज सिंह, दुर्गेश कुमार, हेमंत कुमार , चंदन कुमार,साहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय के परिसर में बिहार स्टार्टअप एकदिवसीय जागरूकता शिविर संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर - इतिहास विभाग एवं प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय भभुआ कैमूर में बिहार राज्य स्टार्टअप आउटरीच ड्ड४३१ॉ 2022 के अंतर्गत बिहार स्टार्टअप एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र में विभागाध्यक्ष एवं निदेशक डॉ सीमा पटेल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पटना से श्री शिवेंद्र कुमार परामर्शकरता बिहार स्टार्टअप सपोर्ट यूनिट एवं सुश्री हेमलता कुमारी सिंह महा प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र कैमूर के द्वारा निभाया गया ।कार्यक्रम में श्री विकास मिश्रा एवं सुश्री दीप शिखा क्षेत्रीय स्टार्टअप पदाधिकारी कैमूर ,श्री धर्मेंद्र उपाध्याय राममाधुरी स्टार्टअप के प्रणेता ,डॉक्टर संगीता सिंह इतिहास विभाग ,स्वयंसेवक अतुल पटेल, शुभनम सींघम मेहता ,अंकित कुमार, मौसम कुमार, गोल्डन कुमार, अनूप पटेल के साथ प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र एवं इतिहास विभाग के स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर सत्र 2022 से 2024 के लगभग 160 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में श्री शिवेंद्र जी ने स्व रोजगार के अंतर्गत सभा को समाज, पर्यावरण,तकनीक एवं अन्य क्षेत्रों में किसी समस्या को चिन्हित करते हुए उसके समाधान हेतु स्टार्टअप कार्यक्रम बनाकर सरकार के समक्ष रखते हुए उससे अपना ओर अपने परिवार एवं अन्य के परिवार को रोजगार प्रदान कर बिहार सरकार की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। इस कार्यक्रम में उद्यम विभाग बिहार सरकार के स्टार्टअप पॉलिसी द्वारा युवा वर्ग को प्रोत्साहन स्वरूप नवीनतम स्टार्टअप आइडिया को सीड मनी के रूप में शुरूआती दौर में चार लाख से 10 लख रुपए आवंटित करने की पॉलिसी बताई। चयन होने पर अनेक प्रक्रियाओं को अपनाते हुए सरकार समय समय पर मार्गदर्शन,बिजनेस की जानकारी ,प्रशिक्षण, उद्यम हेतु चिन्हित क्षेत्र में अन्य उद्यमियों के साथ सहयोग एवम पार्टनेरशिप की नीति के बारे में बताते हुए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। स्वरोजगार के तहत हमारे समक्ष स्विग्गी जोमैटो ओला उबर यूनिकॉर्न जैसे अनेक स्टार्टअप हमारे बीच में सफलता से संचालित हो रहे हैं ।अपने क्षेत्र और अपने संसाधन ,कार्य दक्षता ,क्षमता के अंतर्गत पार्टनरशिप बनाकर बिहार के युवावर्ग बेरोजगारी से मुक्ति पा सकते है और स्वयं अपने भविष्य की बागडोर थाम कर अन्य को भी रोजगार देने में सक्षम हो सकते है ।श्री शिवेंद्र ने बताया कि योजना के अंतर्गत 10 साल में 10 लाख रुपए ब्याज रहित सी मानी की व्यवस्था देने की व्यवस्था सरकार द्वारा है। इसमें महिलाओं को पांच प्रतिशत एवं दिव्यांग अनुसूचित जाति जनजाति को 15% अधिक सीड मनी वित्तीय सहायता देने का प्रावधान है ।शिविर में छात्र-छात्राओं से नवीनतम स्टार्टअप आइडिया की सोच बनाने के लिए कहा गया जिसमें प्रथम रूप से अनीश कुमार जिन्होंने किसान से उपभोक्ता तक सब्जी वितरण की श्रृंखला के स्टार्टअप की व्यवस्था, द्वितीय में आमिर खान जिन्होंने समेकित कृषि व्यवस्था और तृतीय स्थान रविता कुमारी को प्राप्त हुआ।

नगर परिषद में श्री राम लाला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली रैली

प्रात : किरण संवाददाता

नोखा (रोहतास) 22 जनवरी को अयोध्या स्थित राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को नगर परिषद स्थित महावीर मंदिर से शुभारंभ कर पूरे नगर परिषद क्षेत्र में भ्रमण किया गया। जहां राम जानकी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर के शनिवार को श्री राम लाला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हजारों की भक्तों ने रैली निकाली। इस रैली के आगे हनुमान के रूप में और शबरी के रूप में लोगों ने जय श्री राम के जयकारे लगाते लोगों को अयोध्या जाने की अपील भी की। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल ने बताया की इस रैली को विधिवत भगवा झंडा के साथ रैली निकाल में भक्ति राममय में सारा शहर डूबा नजर आया। जिस रैली का मुख्य उद्देश्य आमजन तक राम के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। मौके पर नगर सभापति राधेश्याम सिंह, उपसभापति धनजी सिंह, बिहारी प्रसाद गुप्ता,पूर्व जिला पार्षद सदस्य रविशंकर सिंह, छात्र नेता मुन्ना कुमार, राजेंद्र सिंह, विनोद कुमार गुप्ता, पिनटु केसरी, बोलबम केसरी, सोनू कुमार, मंटू कुमार, अनिल, दीपक गुप्ता सहित सैकड़ों लोगों ने रैली में भाग लिया।

सनातन ही हमारी पहचान और अस्मिताःडॉ. अर्चना

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शहर के शुभ नारायण नगर मझौंवा स्थित संभावना आवासीय उच्च विद्यालय के जुबली हॉल में शनिवार को राम धुनह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन विद्यालय के निदेशक डॉ. कुमार द्विजेन्द्र और प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह (अध्यक्ष नगर रामलीला समिति, आरा) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। तत्पश्चात श्री राम दरबार पर माल्यार्पण किया गया। स्वागत भाषण देते हुए प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने कहा की अंग्रेजों की गुलामी से हमें 1947 में स्वतंत्रता मिल गई थी। लेकिन हमारी सनातन संस्कृति को पूर्ण स्वतंत्रता 22 जनवरी 2024 को मिलने वाली है। सनातन ही हमारी पहचान और अस्मिता है। हमारे आदर्श मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम है। राम का चरित्र और रामायण हमें यह सिखाता है की बेटा, भाई, पति-पत्नी को कैसा होना चाहिए? रामायण गुरु और शिष्य की परंपरा को भी सिखाता है। निषाद राज की कहानी का उदाहरण देकर उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में जब कोई साथ देता है, तो उसे याद रखे। अयोध्या में ही भगवान ने नारायण होकर नर का रुप धारण कर जन्म लिया था। आज वहां रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हो रही है। हम सौभाग्यशाली है की आज यह दृश्य अपनी आंखो से देखेगे। आज पुरा विश्व राममय है। हमारा भारत राम राज्य की ओर बढ रहा है। प्राचार्या ने अगामी 22 जनवरी को 11 बजे रमना मैदान में आयोजित रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में सहभागी बनने तथा संध्या 4 बजे रामलीला मैदान में आयोजित भजन कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। राम धुन कार्यक्रम की शुरूआत सोहर राजा दशरथ जी के घरवा, आज जन्में ललनवा..... से हुई। जिसे रिया, कुमारी वैष्णवी, तान्या सिंह, मिस्टी कुमारी, मनीषा यादव, सुप्रिया यादव, नाव्या साह, रिया सिंह, अर्पिता चौधरी, आशना सिह, वैष्णवी कुमारी, रितिका सिंह, सौम्या सिंह, मिनाक्षी पाण्डेय, प्रियांशी सिंह, सुहानी दुबे, वेदिका सिंह, रिया कुमारी, रिद्धि शाण्डिल्या, सुचिक्षा सिंह ने प्रस्तुत किया। वही राम आयेगें आयेगें राम आयेगें........ (राम भजन) को छात्रा तान्या सिंह, रिया, कुमारी वैष्णवी, मिष्टी कुमारी, सुप्रिया यादव, नाव्या साह, रिया सिंह, अर्पिता चौधरी, मनीषा यादव, आशना सिंह, वैष्णवी सिंह ने प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगरी हो अयोध्या सी....... (राम भजन) को छात्रा तान्या सिंह, रितिका सिंह, मिस्टी कुमारी, मनीषा यादव, सुहानी दुबे, मिनाक्षी पाण्डेय, वेदिका सिन्हा, सौम्या सिंह, सुपिक्षा सिंह, रिद्धि साण्डल्या, रिया कुमारी, आशना सिंह ने गाकरलोगो की वाहवाही लूटी। वही राम भजन मंगल भवन अमंगलहारी...... को छात्रा तान्या सिह, रिया, मनीषा यादव, सुप्रिया यादव, नाव्या साह, रिया सिंह, मिस्टी कुमारी, रिया कुमारी, आशना सिंह, अर्पिता चौधरी, रिद्धि शाण्डिल्या, वैदिका सिन्हा ने गाया। वही सजा दो घर को गुलशन सा....... (राम भजन) को छात्रा तान्या सिंह, रिया सिंह, नाव्या साह, मिस्टी कुमारी, कुमारी वैष्णवी, रिया, सुप्रिया यादव, मनीषा यादव, आशना सिंह, अर्पिता चौधरी, वैष्णवी सिंह ने प्रस्तुत कर श्रोताओं को भक्ति से विभोर कर दिया। वही अयोध्या-अयोध्या आये मेरे प्यारे राम..... (राम भजन) को छात्र-छात्रा रिया, मिस्टी कुमारी, तान्या सिंह, आशना सिंह, मनीषा यादव आदि ने गाकर माहौल को राममय कर दिया। वही रामभजन श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में....... को छात्र-छात्रा विवेक राज, मौके पर रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के संयोजक शंभूनाथ चौरसिया ने अपना वक्तव्य दिया।

वर्तमान सरकार ने शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए कई योजनाओं कि जानकारी दिया गया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा : राम नगीना हाई स्कूल आरा में शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के रूप में विक्रम विरकर उप विकास आयुक्त भोजपुर,जिला शिक्षा पदाधिकारी भोजपुर, राजस्व पदाधिकारी के साथ कई अधिकारी मौजूद रहे। उप विकास आयुक्त भोजपुर ने कहा कि शिक्षा संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि शिक्षा विभाग से संबंधित लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को समुचित जानकारी उपलब्ध कराना है। साथ ही उन्होंने कहा कि योजनाओं की जानकारी नहीं रहने की स्थिति में आए दिन उन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में काफी असुविधा होती है और कभी-कभी उन योजनाओं को लाभ लेने से वंचित भी रह जाते हैं। ऐसी स्थिति में आवश्यक है कि शिक्षा विभाग की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में सभी विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों को समुचित जानकारी प्रदान किया जाए। यह कार्यक्रम जनसंवाद कार्यक्रम के तर्ज पर शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी भोजपुर न कहा की शिक्षा संवाद कार्यक्रम जिले के सभी माध्यमिक उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित किया जा रहा है। शिक्षा संवाद में महत्वपूर्ण योजनाओं यथा मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना, मुख्यमंत्री बालक साइकिल योजना, मुख्यमंत्री किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, बिहार शताब्दी मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, सिविल सर्विसेज प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना सहित अन्य जितने भी विभागों के छात्र-छात्राओं से संबंधित योजनाएं हैं। उन सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से अभिभावकों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को जानकारी देंगे ताकि सभी लोग उन योजनाओं से लाभान्वित हो सके ।

आरा रोटी बैंक के तत्वाधान में स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में असहाय गरीबों के बीच भोजन वितरण किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा : आरा रोटी बैंक के तत्वाधान में स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में मेयर इंदू देवी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ के न सिन्हा, डॉ अमित जयसवाल, डॉ अनिल सिंह,संतोष सिंह भारद्वाज ने संयुक्त रूप से आरा रोटी बैंक की 6वीं वर्षगांठ का उद्घाटन किया। मेयर इंदू देवी ने कहा नर नारायण की सेवा ईश्वर की सच्ची सेवा है। आरा रोटी बैंक विगत 6वर्षो से सामाजिक चेतना को जागृत करने की दिशा में सकारात्मक कार्य कर रहा है ।आज समाज को एक पटल पर आने की जरूरत है सबके सामूहिक प्रयास से वंचित वर्ग के लोगो को मुख्य धारा में जोड़कर ही समाज का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। आरा रोटी बैंक फाउंडेशन के सचिव अखौरी दीपक बिहारी ने बतलाया जरूरतमंदो की सेवा सच्ची सेवा है इसी दिशा में आरा रोटी बैंक विगत वर्षो से जरूरतमंदो के भोजन कपड़े बच्चो की शिक्षा की दिशा में प्रयासरत है ।आज आरा रोटी बैंक समाज में एक स्वस्थ संदेश देने में सफल रहा जिसके माध्यम से समाज का हर तबका खासकर महिलाएं हर मुहिम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही है। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ के न सिन्हा ने कहा स्वस्थ भोजन आज समाज की जरूरत है इस दिशा में सकारात्मक जागरूकता अभियान की जरूरत है ।सभी पौष्टिक आहार ले कर बीमारी से दूर रह सकते है। डॉ अमित जयसवाल ने कहा आरा रोटी बैंक जरूरतमंदो के प्रति समर्पित संस्था है साथ ही हर संभव मदद का आश्वासन दिया। डॉ अनिल सिंह ने बतलाया आरा रोटी बैंक का प्रयास वाकई सराहनीय है जहां समाज के जरूरतमंदो की सेवा में यह संस्था कार्य करते आ रही है।

संक्षिप्त खबरें

कर्ज में डूबे एक युवक ने की आत्महत्या

शेरघाटी। थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव में एक युवक ने कर्ज से तंग आ कर आत्म हत्या कर ली।जानकारी के अनुसार काफी लंबे समय से व्यक्ति कर्ज लिए हुए था।डिप्रेशन में आकर घर के अंदर सेलिंग में रस्सी से फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ललिया।स्थानीय ग्रामीण अमित कुमार ने बताया कि वह रोज की तरह घूमता फिरता रहता था। जब आज सुबह किसी व्यक्ति ने देर तक घूमते हुए नहीं देखा तो उसके दरवाजे पर जाकर दरवाजा खोलने को कहा पर अंदर से काफी देर तक दरवाजा नही खोला इधर व्यक्ति ने अपने आसपास के लोगों से कहा कि मैंने दरवाजा खोलने को कहा तो अंदर से किसी ने ना तो आवाज दी और ना ही दरवाजा खोला। यह देखते हुए आसपास के गांव वाले उसके घर पर जुट गए की दरवाजा कैसे खोला जाए। फिर ग्रामीणों के सहयोग से घर के ऊपर लगे करकट को उखाड़ कर किसी प्रकार अंदर प्रवेश किया। ग्रामीणों ने देखा की सेलिंग में रस्सी से फासी लगाकर लटका हुआ है। देखते के साथ स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही थाना के एसआई भूलन सिंह यादव ने वहाँ पहुँचकर मामले की जांच पड़ताल किया। जिसमे मृतक विकास के शरीर को फंदे से उतारा गया।इधर अमित कुमार ने बताया कि मृतक के तीन बेटा और एक बेटी है। उन्होंने कहा कि मृतक की पत्नी और बच्चे अपने मायके बोधगया में थे। किसी प्रकार मृतक की पत्नी को सूचना दिया गया। मृतक की पत्नी अपने ससुराल आते ही चीत्कार कर रोने लगी। उक्त घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है।

न्यायाधीश ने जिला न्यायालय भवन का किया निरीक्षण

अरवल। न्यायाधीश नानी तागिया, न्यायमूर्ति, पटना उच्च न्यायालय के द्वारा अरवल में नवनिर्मित जिला न्यायालय भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कतिपय कमियों के बारे में अवगत कराते हुए उनके द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। न्यायालय परिसर में निर्माण होने वाले लॉयर हॉल का माननीय न्यायाधीश द्वारा शिलान्यास किया गया। नवनिर्मित न्यायालय भवन के निरीक्षण के पूर्व माननीय न्यायाधीश द्वारा व्यवहार न्यायालय अरवल के कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर माननीय न्यायाधीश द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला सत्र न्यायाधीश, जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

22 को पतंजलि करेगा दो हजार राम भक्तों के बीच प्रसाद वितरण

औरंगाबाद। भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति की एक बैठक जिला मुख्यालय में आयोजित की गई। इसमें सर्वसम्मति से 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे भव्य राम मंदिर के उद्घाटन समारोह को लेकर औरंगाबाद जिला मुख्यालय में भी कार्यक्रम करने की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी विनोद आर्य एवं महिला पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी ममता गुप्ता ने बताया कि शहर के शाहपुर स्थित सूर्य मंदिर परिसर में 22 जनवरी की सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक योग और उसके बाद 2 बजे तक हवन का कार्यक्रम होगा। इस दौरान रामचरितमानस, सुंदरकांड एवं भगवान श्री राम का जाप आदि कार्यक्रम भी होगा। अंत में लगभग 2000 राम भक्तों के बीच पतंजलि परिवार के द्वारा प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर तैयारी जोरों पर की जा रही है। इस मौके पर कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के राजू गुप्ता, युवा सह प्रभारी भोला जी, वरिष्ठ नागरिक संगठन प्रकोष्ठ के व्यास जी, भारत स्वाभिमान सह प्रभारी जितेंद्र, बाली, लाली, निशा, रेणु, सारिका, सुजाता, मनीष, शकुंतला, रेखा, स्वीटी आदि मौजूद रहे।

प्राचार्य द्वारा छात्रों से खुलेआम पैसे मांगने पर जांच कमेटी भेजी

गया। गया जिला अन्तर्गत डुमरिया प्रखण्ड के भंगिया पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्राचार्य द्वारा छात्रों से खुले आम पैसों की वसूली से संबंधित सामाचरों में वीडियो वायरल हो रहा है, इसे लेकर जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने कमिटी बनाकर जांच करवाने का निर्देश दिया है। जांच कमिटी में ये 3 अधिकारी को जांच करने का आदेश दिया है। अनुमण्डल पदाधिकारी, शेरघाटी।भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, शेरघाटी। जिला शिक्षा पदाधिकारी, गया है।जांच समिति को निदेश दिया जाता है कि उक्त मामले के संबंध में अविलम्ब उक्त वायरल वीडियो की समीक्षा करते हुए गहराई से जांच कर जाच प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

अधिकतम निविदाकारों की सहभागिता सुनिश्चित करें : मुख्य अभियंता

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी। शहर के बीचो बीच बसे हटिया मोहल्ला में शेरघाटी के अयोध्या जहाँ ऐतिहासिक स्मृतियों को सँजोये धरोहर दुल्हिन मंदिर जो कभी शेरघाटी का गौरव हुआ करता था आज यह दिन प्रतिदिन खंडहर मे तब्दील होता जा रहा है, समय यदि इसका जीर्णोद्धार कर दिया जाता तो यह भी शेरघाटी शहर का एक महत्वपूर्ण स्थल में सबसे सुंदर है, एक ओर शेरघाटी का लैंडमार्क बन कर शेरघाटी के विकास में योगदान दे सकता है। यह ऐतिहासिक मंदिर शहर की शोभा ओर रौनक बन सकता है। जानकार बताते है कि इस मंदिर का इतिहास काफी पुराना है यह आस्था के साथ साथ शानदार वास्तु शैली का भी यहाँ का उदाहरण है। एक समय इस मंदिर में विशाल कार्यक्रम के अलावा भव्य भंडारा भी हुआ करता था। जोकि प्रतिदिन लंगर में हजारों भक्त प्रसाद खाते थे, लेकिन एक समय ऐसा हुआ कि इस मंदिर में रखे प्रतिमा को चोरी कर इसके भाग गए और इसकी रौनक को बिगाड़ दिया गया। मंदिर के पुजारी परिवार से ताल्लुक रखने वाले सुमित पाठक मंदिर में प्राचीन शिव लिंग का पूजा अर्चना करते हैं एवं उसी चारदिवारी के अंदर प्रभु श्री राम जानकी अपने घर में आने का राह देख रहे हैं। लेकिन इसका को जीर्णोद्धार करने वाला नही मिला। एक और जहां अयोध्या में रामलला के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिरों में साफ सफाई की तैयारी के साथ-साथ लाइट बत्ती आदि लगाए जा रहे हैं लेकिन जहां ऐतिहासिक मंदिर है उसे नहीं तो अब तक कोई नया रूप रेखा दिया गया है और ना ही उसे कोई उलट कर देखने को आते हैं ऐसे माना जाए तो बनाना तो दूर की बात रंग पेंट यदि कर दिया जाए तो मंदिर के सुंदरता बेहतर भाव हो सकता है आसपास के रहने वाले लोग बताते हैं कि यह मंदिर शेरघाटी का एक धरोहर है जिसे देखने के लिए लोग दूर दराज से भी आया करते थे लेकिन आज या अपने आप पर आंसू बहा रहा है हालांकि स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि चुनाव आता है बड़े-बड़े मंत्री विधायक यहां आते हैं लेकिन केवल काम के नाम पर आश्वासन देकर चले जाते हैं और जीतने के बाद उसे देखते तक भी नहीं है, ताकि इसका जीर्णोद्धार किया जा सके, जीर्णोद्धार तो दूर की बात इसकी मरम्मती तक भी नहीं किया जा सकता है। यह कैसे माना जाए कि शेरघाटी का अयोध्या धाम जैसा मंदिर जो कभी शेरघाटी के शोभा बढ़ता था उसका फिर से नया जीवन दान मिलेगा। आसपास के लोग बताते हैं भले ही अयोध्या में भगवान राम विराजमान हो गए हो लेकिन शेरघाटी का जो धरोहर है वह राम मंदिर से काम नहीं है इसके लिए भी सरकार को अग्रसर होना चाहिए और शेरघाटी के ऐतिहासिक धरोहर को नया जीवनदान देना चाहिए।

महाविद्यालय के संस्थापक अखौरी प्रकाश सिन्हा व्याख्यान माला का हुआ शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। एस. सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य की अध्यक्षता में महाविद्यालय के संस्थापक अखौरी प्रकाश सिन्हा व्याख्यान माला का प्रथम व्याख्यान माला का आयोजन किया गया' जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर अरविंद कुमार (विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग) रहे' उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अखौरी बाबू औरंगाबाद जिला के लिए मालवीय है जिनमें त्याग की भावना प्रतिविभक्त हो रहा है' उन्होंने कहा की उनके पुत्र डॉ अखौरी विजय इस महाविद्यालय के भौतिक विभाग में सेवा दे चुके हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि कुलपति (मगध विश्वविद्यालय बोधगया) ने औरंगाबाद जिला के नाम चिन महाविद्यालय एस. सिन्हा कॉलेज है जिसकी सर्वश्रेष्ठ गुणों की चर्चा पूरे बिहार में होती है ' इस महाविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण समृद्ध करने का माध्यम व्याख्यान माला हैं ' प्राचार्य महोदय ने कहा कि यह बाते मगध विश्वविद्यालय की विस्तारित शाखा का उद्घाटन करने आए मगध विश्वविद्यालय बोधगया के कुलपति ने महाविद्यालय के संस्थापक के नाम पर व्याख्यान माला का आयोजन करने का सुझाव दिये था ' जिससे की शैक्षणिक माहौल उत्पन्न होगा ' यह व्याख्यान वाला प्रत्येक सप्ताह की शनिवार को आयोजित होगा ' प्राचार्य महोदय ने अगला व्याख्यान फैकेल्टी आफ फामेर्सी विभाग के द्वारा आयोजित करने का निर्देश दिया ' इस तरह से प्रत्येक विभाग द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन होगा' संतोष सुमन (विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग) ने अपने संबोधन में कहां की किसी एक व्याख्यान श्रृंखला में सीबीसीएस को विषय केंद्र बनाकर चर्चा किया जाए जिससे कि चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम को बेहतर दृष्टिकोण स्पष्ट हो सके ' पुस्तकालयाध्यक्ष उदय कुमार ने कहा कि प्राचार्य महोदय का यह कार्यक्रम स्वागत योग्य है यह शैक्षणिक गतिविधि को बेहतर बनाएगा ' उन्होंने कहा कि इसमें सम्मिलित होने वाले छात्रों को भी अवसर मिलेगा ' छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को सम्मान प्रदान करने हेतु महाविद्यालय में अध्यनरत स्पॉट एक्टिविटीज में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को स्पोर्ट अचीवर मीट कार्यक्रम का आयोजन कर उनसे परिचय प्राप्त किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही उनकी प्रतिभा से संबंधित दस्तावेज महाविद्यालय के आईक्यूएसी सेल में संरक्षित रखा जाएगा ' ऐसे सभी प्रतिभावान छात्रों को महाविद्यालय में रिकॉर्ड कीपिंग किया जाएगा' अखौरी प्रकाश सिन्हा व्याख्यान माला का समन्वयक बहादुर भीम कुमार सिंह (विभागाध्यक्ष प्रबंधन विभाग) ने कार्यक्रम का संचालन किया ' बायोटेक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर अनिल कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया ' इस कार्यक्रम में डॉक्टर जोगेंद्र कुमार (पीटीआई), शशि कांत कुमार, मनजीत कुमार, ओमप्रकाश, प्रवीण दुबे, अभिषेक दुबे, मनोज कुमार लेखपाल, सौरभ सुमन प्रधान सहायक, वीरेंद्र गुप्ता, राहुल कुमार सिंह, अनूप जी, श्राजेंद्र बाबू एवं स्पोर्ट अचीवर के रूप में अनिकेत रमन, विक्रांत कुमार, प्रिया कुमारी, रूपेश राज, पुरुषोत्तम तिवारी, आकाश कुमार, राहुल कुमार, अभिषेक कुमार शामिल हुए।

पूर्व राज्यपाल से मिले अखिल भारतीय राहुल गांधी यूथ ब्रिगेड के सदस्य

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर अस्पताल में 12 जून को हुए बबन सिंह की मौत के बाद उनकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेराफेरी मामले में कारवाई को लेकर शनिवार को एक बार फिर अखिल भारतीय राहुल गांधी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने केरल तथा नागालैंड के राज्यपाल रहे निखिल कुमार से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि उक्त मामले में तत्कालीन डीएस को बचाने का प्रयास जांच कमिटी के द्वारांकी जा रही है। जबकि उनकी संलिप्ता उक्त मामले में उजागर हो चुकी है और पोस्टमार्टम करने वाले दो चिकित्सकों ने इसकी जानकारी लिखित रूप में भी दे दी है। इधर सल्लू खान से प्राप्त आवेदन पर संज्ञान लेते हुए पूर्व राज्यपाल ने राज्यस्तरीय पदाधिकारी से बात कर मामले की पुनः जांच करवाने की मांग की है।

गणतंत्र दिवस समारोह 2024 की तैयारी की समीक्षा हेतु बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला अधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में गणतंत्र दिवस समारोह 2024 की तैयारी की समीक्षा हेतु बैठक आहूत की गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा संबंधित विद्यालयों के प्रभारी शिक्षक प्रभात फेरी का पर्यवेक्षक तथा निगरानी करेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया राष्ट्रगान हेतु बच्चों का चयन किया जा चुका है एवं रिहर्सल कराया जा रहा है। अनुमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद ने बताया कि गांधी मैदान में परेड का पूर्व अभ्यास 21 जनवरी 2024 से शुरू किया जाएगा। गांधी मैदान के परेड में डीएपी, सैफ, होमगार्ड, एनसीसी एवं स्काउट एंड गाइड के प्लाटून भाग लेंगे। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद औरंगाबाद में बताया कि गांधी मैदान में मिट्टी का समतलीकरण का कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा। जिला पदाधिकारी औरंगाबाद में गांधी मैदान की साफ सफाई हेतु भी कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद औरंगाबाद को निर्देश दिए। कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण द्वारा बताया गया कि गांधी मैदान में रंगाई का कार्य चल रहा है एवं अन्य कार्य भी ससमय पूर्ण कर लिया जाएगा। गांधी मैदान में झंडोत्तोलन का समय 9:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित किया गयाक हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर झांकी परेड ग्राउंड में प्रदर्शित की जाएगी। इस वर्ष जल जीवन हरियाली, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, निर्वाचन विभाग, आदि द्वारा अपने-अपने विभागों से संबंधित जानकारी झांकी के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। उप विकास आयुक्त औरंगाबाद को सभी कार्यक्रमों के लिए वरीय प्रभार दिया गया एवं अनुमंडल पदाधिकारी सदर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी औरंगाबाद को गणतंत्र दिवस पर विधि व्यवस्था संधारित करने के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे। औरंगाबाद जिला अंतर्गत प्रखंड हसपुरा के दो स्वतंत्रता सेनानी को अनुमंडल पदाधिकारी दाउदनगर के द्वारा सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त अभयेंद्र मोहन सिंह, अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी विजयंत, सभी वरीय उपसमाहर्ता, पुलिस उपाधीक्षक एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

भारत मे तेजी से हो रहा है विकास : नेता प्रतिपक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सांसद आवास सिंह कोठी पर बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा का आगमन हुआ। नेता प्रतिपक्ष को सांसद सुशील कुमार सिंह ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया एवं विधान पार्षद दिलीप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह उर्फ शिवम सिंह एवं भाजपा कार्यकताओं ने फूल माला से भव्य स्वागत किया।इस दौरान भाजपा नेता एवं कार्यकताओं से 2024 लोकसभा चुनाव की रणनीति को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा किया। सभी लोगो को नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आप लोग चुनाव में जोर शोर से लग जाइए अभी जिस तरह से पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है और अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है और पूरे भारत मे विकास तेजी से हो रहा है। पूरे भारत में लोकसभा में 400 सीट एवं बिहार में सभी सीट के साथ औरंगाबाद सीट भी अपार बहुमत से जीतेंगे। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेन्द्र शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश सिंह,जिला महामंत्री मुकेश शर्मा,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह वसु, आशुतोष मोनू,पूर्व जिला प्रवक्ता मंटू शर्मा,नीलमणि कुमार एवं सैंकड़ो भाजपा कार्यकर्ता लोग उपस्थित रहे।

चोरी के ट्रक के साथ दो लोग गिरफ्तार

● सलूजा गोल्ड सरिया के साथ ट्रक बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी।गया जिला के डोभी थाना क्षेत्र के करमौनी बाजार से चोरी हुई सलूजा गोल्ड लदा ट्रक को डोभी पुलिस ने किया बरामद। इस मामले की पुष्टि करते हुए ए एस पी के रामदास ने बताया कि दिनांक 19/01/024 दिन शुक्रवार को समय करीब 7:30 बजे सुबह थाना अध्यक्ष को सूचना मिली थी कि पडरी कमौर्नी निवासी नवीन कुमार का सलूजा गोल्ड छड लदा हुआ ट्रक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर इफ02अअ 1983 को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई है। जिसमें 20 टन छड लदा है, सूचना के आलोक में तुरंत थाना अध्यक्ष डोभी के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर अपराधियों के भागे हुए दिशा एवं जीपीएस लोकेशन के अनुसार सर्च अभियान चलाने का निर्देश वरीय पुलिस अधीक्षक गया के द्वारा दिया गया। उसके उपरांत कार्रवाई करते हुए डोभी थाना अध्यक्ष आलोक कुमार और उनके टीम ने चोरी की गई गाड़ी जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर इफ02 1983 को सर्च करते हुए घोषि जहानाबाद क्षेत्र के इस्माइलपुर मोड़ से एक ट्रक चालक गुड्डू कुमार पिता ओमप्रकाश यादव ग्राम टिकुलिया थाना काकू दूसरा मनीष कुमार पिता सतेंद्र प्रसाद ग्राम साहे थाना करोना ओ डृपी डृ के अंतर्गत चलते हुए 20 टन लदा छड़ के साथ घोषी थाने की पुलिस के सहयोग से जप्त किया गया हैं। गुड्डू कुमार पिता ओमप्रकाश यादव ग्राम टिकुलियापर थाना काकु जिला जहानाबाद का आपराधिक इतिहास भी इस प्रकार हैं। 1. पारस बिगहा थाना कांड संख्या 05/19 दिनांक 19/02/019 धारा 414 भाडृ दडृ वि डृ2. जहानाबाद कांड संख्या 253/18.3. हिलसा थाना कांड संख्या 679/18.4.पाटलिपुत्र थाना कांड संख्या 12/19 दिनांक 13/01/019 धारा 25 (1-बी)ए /26/35 आर्म्स एक्ट। दूसरा अभियुक्त मनीष कुमार पिता सतेंद्र प्रसाद ग्राम सहे थाना करोना जिला जहानाबाद का अपराधीक इतिहास काको थाना कांड संख्या 98 /18 धारा 468/471 /414 /413 भाडृदडृवी डृ हैं। इसके उपरांत डोभी थाना अध्यक्ष के द्वारा इस संबंध में कांड दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। साथ ही कांड में संलिप्त अपराध कर्मियों के विरुद्ध निशान देही के आधार पर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही घटना में संयुक्त शेष अज्ञात अपराध कर्मियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री व पुलिस अधीक्षक स्वप्ना जी मेश्राम की अध्यक्षता में समाहरणालय के योजना भवन के सभागार में 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बने मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा दिवस के परिपेक्ष में जिला में जुलूस का आयोजन किया जाना है जिसके मद्देनजर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। सदर अनुमंडल पदाधिकारी विजयंत द्वारा बताया गया कि 22 जनवरी को शहर में दो पूजा समिति के द्वारा जुलूस निकाला जाएगा जिसमें एक पंचदेव मंदिर से 3:00 बजे बायपास होते हुए एमजी रोड होकर रमेश चौक होते हुए जमा मस्जिद से अदरी नदी होकर सूर्य मंदिर को जाएगी। वहीं दूसरी सत्येंद्र नगर से 12:30 बजे ब्लॉक मोड से रमेश चौक होकर गणेश मंदिर तक जाएगी एवं इस रास्ते से वापस सत्येंद्र नगर आ जाएगी इस दौरान 12 जगह आरती का आयोजन भी किया जाएगा। एसडीएम औरंगाबाद के द्वारा बताया गया कि उस दिन शहर में कुल 24 जगह मंदिर मस्जिद आयोजन स्थल एवं मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील क्षेत्र में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा कई इलाकों में घरों की छत पर से भी निगरानी होगी' साथ ही तीन से चार इलाकों में बाइक पेट्रोलिंग भी की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद ने बताया कि उनके द्वारा थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक भी आयोजित की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी ने सूर्य मंदिर पर कार्यक्रम के दौरान नदी में बैरिकेडिंग एवं स्थल पर उत्तम लाइट की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। इसके अलावा सदर अंचल अधिकारी को सूर्य मंदिर के पास गोताखोर तैनात करने का निर्देश भी दिया और अंत में सभी को आपस में शांतिपूर्वक मिलजुलकर कार्यक्रम आयोजित करने का अपील किए।पुलिस अधीक्षक के द्वारा शांति समिति के सदस्यों को निर्देश दिया गया कि जुलूस में डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा, किसी भी तरह के उत्तेजित गाने नहीं बजाए जाएगा एवं जुलूस के दौरान बजाए जाने वाले गानोंका पूर्व से ही अनुमोदन लेना होगा। साथ ही साथ किसी तरह के भड़काऊ नारेबाजी नहीं करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने निदेश दिया कि जुलूस का समय इस तरह से रखा जाए ताकि वह मस्जिद में नमाज के समय वहां से नहीं गुजरे तथा सभी गतिविधियों पर ड्रोन कैमरा से भी नजर रखा जाए। पुलिस अधीक्षक ने पूजा समिति के सदस्यों से पर्याप्त मात्रा में वालंटियर रखने का तथा उन्हें आईडी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जुलूस में शामिल वाहनों पर लाइट का व्यवस्था तथा आतिशबाजी के स्थलों को चिन्हित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हमने पूर्व में भी पर्वों का आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से कराया है और इस बार भी आप सभी के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से हम लोग इस कार्यक्रम को करेंगे। जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद ने इस आस्था के कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से एवं मिलजुल कर मनाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि बच्चे एवं नौजवान जल्द उत्तेजित हो जाते हैं एवं उत्तेजना में कुछ गलत कर जाते हैं। अतः बच्चों एवं नौजवानों पर विशेष नजर रखने की आवश्यकता है। उन्होंने इस कार्यक्रम के दौरान साफ सफाई रखने का निर्देश दिया। साथ ही जिला शांति समिति एवं पूजा समिति के सदस्यों से गाना के रूप में संस्कृत मंत्रोच्चारण करवाने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि इससे हमारी आस्था दिखती है एवं यह हमें हमारी संस्कृति से जोडे रखता है। बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी विजयंत, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अपर सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री मालती कुमारी, वरीय उपसमाहर्ता अमित कुमार सिंह, वरीय उपसमाहर्ता आलोक कुमार, नगर निगम के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, नगर थाना अध्यक्ष, जिला शांति समिति एवं पूजा समिति के सदस्य समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोचरिम शिक्षा संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने किया

प्रात : किरण संवाददाता

गया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोचरिम, बोधगया में शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस आयोजन का शुभारंभ जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया है। जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के साथ-साथ सभी उपस्थित शिक्षकों को भी बिहार सरकार द्वारा सभी छात्र-छात्राओं एवं उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं से अवगत करवाया गया है। शिक्षा विभाग द्वारा हर कक्षाओं के लिए हर वर्ग के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित है।उसके बारे में लोगों को बताया गया है। उनके भविष्य में जिस भी योजनाओं को लाभ लेकर के कैसे आगे बढ़ा जाए, इसके लिए विस्तार से बताया गया है। जिस क्षेत्र में भी वह आगे बढ़ना चाहते हैं उन सभी योजनाओं से संबंधित सभी बातों को विस्तार से बताया गया है। शिक्षा से संबंधित कई विभिन्न वीडियो के माध्यम से भी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई है। अभिभावको एवं छात्रों से भी कई फीडबैक भी प्राप्त किए गए हैं। जो भी फीडबैक प्राप्त हुए हैं उसे लेकर छात्र-छात्राओं के लिए और व्यवस्थाएं दुरुस्त किया जाएगा। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि सभी व्यवस्थाएं एव सुविधाएं लोगों को मुकम्मल रूप से मिले उसको प्राप्त करके बच्चे और आगे बढ़े। अच्छे से पढ़ाई कर अपने प्रखंड का गांव का जिला का एवं राज्य का नाम रोशन करें। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी के साथ साथ बच्चे एव अभिभावक उपस्थित थे।

सर्वेक्षण समिति के सदस्य बने जीतेन्द्र कुमार

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया जिलास्तरीय बिहार महादलित विकास मिशन के द्वारा मैनुअल स्कैनवेजर रोजगार और पुनर्वास के द्वारा जिलाधिकारी डा एस त्यागराजन ने जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति का गठन किया गया है,इस समिति में नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा को,जिला भू अर्जन पदाधिकारी रवीन्द्र राम,जिला सांख्यिकी अधिकारी, रेलवे स्टेशन प्रबंधक, सदस्य अनुसूचित जाति और जिला उपाध्यक्ष जदयू जितेन्द्र कुमार,सहित रेखा देवी,रीना दास को सदस्य बनाया गया है।मैला ढोने वाले का सर्वे कर उन्हें रोजगार और पुनर्वास योजना द्वारा मुख्य धारा से जोडा जाएगा यह बाते जीतेन्द्र कुमार समाजिक कार्यकर्ता ने कहा है सदस्य जीतेन्द्र कुमार ने सदस्य बनाया जाने पर जिलाधिकारी गया और जिला कल्याण पदाधिकारी को बधाई दी।वही बहुत गरिब अनाथ लोगों ने सदस्य बने जीतेन्द्र कुमार से कहा की धीरज जो पत्रकार है उनका पुरा सहयोग करवाई गया शहर के अनुसूचित जाति जनजाति लोगों ने कहा है

राष्ट्रीय सेवा योजना गया कॉलेज गया के द्वारा चलाया गया सड़क सुरक्षा अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

गया।विशेष शिविर की पांचवें दिन दिनांक 20 जनवरी को गया कॉलेज गया के स्वयंसेवको द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया है। इस अभियान को गया कॉलेज ,गया के प्रधानाचार्य सतीश सिंह चंद्र के द्वारा शुभारंभ किया गया है ।उन्होंने सड़क दुर्घटना में होने वाली जन एवं धन क्षति से बचने के लिए लोगों को जागरूक करने पर बल दिया और स्वयंसेवकों को निर्देश दिया कि वे सड़क सुरक्षा से संबंधित छोटी-छोटी बातों को लोगों को बताएं और समझाएं ताकि सड़क दुर्घटना में कमी आ सके। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार मिश्र ने स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा से जुड़े हुए पोस्ट के माध्यम से लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रेरित किया गया है। इस अभियान का नेतृत्व यूनिट 2 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रवि कुमार के द्वारा किया गया सभी स्वयंसेवकों ने इसमें अपनी सहभागिता की है ।परिवहन विभाग के द्वारा भी बच्चों को सहयोग प्रदान किया गया है । स्वयंसेवकों ने हेलमेट लगाने , सीटबेल्ट लगाने, जेबरा क्रॉसिंग क्रॉस करने जैसे बिंदुओं पर लोगों को रोक कर समझाया और हेलमेट न लगाने वालों को हेलमेट लगाने की सलाह दी ।यह अभियान गया कॉलेज गया मोड़ से लेकर सिकरिया मोड़ तक चलाया गया और लोगों को जागरूक किया गया ।सड़क दुर्घटना में बड़ी संख्या में लोग प्रतिवर्ष हताहत होते हैं अगर लोगों ने जागरूकता आ जाए तो हम बहुत बड़ी दुर्घटनाओं से बच सकते हैं सावधानी बरतनी से सुरक्षा हो सकती है राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित विशाल राज ने कहा की हम सभी गया वाशियों को सड़क सुरक्षा नियम का पालन करना चाहिये हम सभी स्वंसेवक निरंतर शहर में जागरूकता अभियान चलाते हैं साथ ही साथ प्रशासन से यह अपील करना चाहता हूँ की वह ऐसा अभियान चलाये की चलान काटने के बाद हेलमेट दे इससे उनके पास हेलमेट भी उपलब्ध हो जायेगा।इस अभियान में शामिल स्वयंसेवकों में विशाल राज,विपिन कुमार,सौरभ कुमार सावन अभिषेक, इश्तियाक , उरूज,रोशनी ,दिव्या,ट्विंकल, तन्नू आदि ने सहभागिता की है।

डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री से बिहार के शिक्षा ठीक करने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

गया। भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात कर बिहार के शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा किया है। इस अवसर पर डा.मनीष पंकज मिश्रा ने बताया कि बिहार में उच्च शिक्षा की स्थिति में सुधार हेतु कई कदम उठाने की जरूरत है। बिहार में शिक्षा क्षेत्र के बढावा देने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा लगातार प्रयास किया जारहा है। परन्तु राज्य सरकार द्वारा इसका पालन नहीं किया जाता है। इस अवसर पर नीरज कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार सिंह, रिजवान खान, महेश यादव, धनेश्वर महतो, खागोकोल, धर्मेन्द्र पाण्डेय, राम बालक पाण्डेय, बिनोद सिंह, अमित कुमार, भीम दास, मंटू कुमार, मोहम्मद खुरशीद, बबलू गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे हैं।

कॉलेज में कार्यकरत दैनिक वेतन कर्मचारी को कंबल वितरण किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया कॉलेज गया स्थित बायोटेक्नोलॉजी विभाग के द्वारा कॉलेज में कार्यरत सफाई कर्मी एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के बीच कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया है।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही के कर कमलों द्वारा कम्बल वितरण का कार्य किया गया है।इस मौके पर उपस्थित कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति मगध विश्वविद्यालय बोधगया ने कहा कि महाविद्यालय के ऐसे आयोजन से हमें बड़ी प्रसन्नता हुई है। समाज एवं शैक्षणिक संस्थाओं के बीच एक परस्पर संबंध प्रतिस्थापित करने में ऐसे आयोजनों का बहुत ही महत्व है । इस नैक के दृष्टिकोण से भी ऐसे कार्यों का महत्व अत्यधिक बढ़ जाता है। मैं महाविद्यालय के इस प्रयास की सराहना करता हूं कि इस कड़ाके के ठंड में महाविद्यालय में कार्यरत जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल वितरण करने का निर्णय लिया गया है। इस पुनीत कार्य के लिए मैं महाविद्यालय के प्राचार्य, उप प्राचार्य एवं उनकी पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता हू और मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आने वाले दिनों में कॉलेज के छात्र शिक्षक एवं कर्मचारी अपने प्रयासों से महाविद्यालय को नैक से अच्छे ग्रेड दिलाने में सफल होंगे। डॉ शाही ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य सेवा भाव है और वास्तव में यह गया महाविद्यालय गया के प्रांगण में साकार होता दिख रहा है। प्राचार्य डा० सतीश सिंह चंद्र ने कहा की समाज कल्याण के इस कार्यक्रम से महाविद्यालय की गरिमा बढ़ी है। इस कार्यक्रम को बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं उप प्राचार्य डा० विनोद कुमार सिंह के द्वारा उनके पिता जी की स्मृति मे आयोजित किया गया है। डा० सिंह ने अपने स्वागत भाषण मे बताया कि प्रति वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के बाहर जरूरतमंदों के बीच होता था परंतु इस वर्ष से अब इसका आयोजन कॉलेज परिवार के बीच करने का निर्णय लिया गया है।

संक्षिप्त खबरें

पंचायत समिति की विशेष बैठक

नवगछिया (भागलपुर)। डीएम भागलपुर ने गोपालपुर प्रखंड प्रमुख के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव से संबंधित वादों का निपटारा करते हुए गोपालपुर कार्यपालक पदाधिकारी सह बीडीओ को निर्देशित करते हुए पंचायत समिति की बैठक कराने हेतु कहा है।साथ ही उन्होंने कहा कि अविश्वास मामले को लेकर अग्रतर कार्रवाई हेतू बैठक की तिथि निर्धारित होनेपर अनुमंडल पदाधिकारी नवगछिया को जानकारी देने का निर्देश दिया है। डीएम ने अनुमंडल पदाधिकारी को बैठक में उपस्थित रहने हेतु मनोनीत कर आदेशित किया है।

महागठबंधन सरकार के क्रियाकलाप से भाजपा परेशानः हिमांशु

मुंगेर।।राजद के राज्य परिषद सदस्य गजेन्द्र कु हिमांशु ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जिस दिन से बिहार में महागठबंधन की सरकार बनी है उसी दिन से लोकसभा में अपनी सम्भावित हार को देख एक सोची समझी रणनीति के तहत भाजपा एवं कुछखास मीडिया के लोग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के छवि को धूमिल करने के षड्यंत्र में लगी हुई है। आज गठबंधन टूट रहा है कल एनडीए में जा रहे हैं। दुसरी ओर युवा शक्ति के प्रतीक बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को भी ईडी के माध्यम से परेशान करने में लगी हुई है। महागठबंधन सरकार के 15 महीने के कार्यकाल में हुए ऐतिहासिक निर्णय लगभग 4 लाख से अधिक सरकारी नौकरी, गरीब परिवार के रोजगार सृजन के लिए 2 लाख रुपए का अनुदान, आरक्षण का दायरा बढाकर 75% कर देने, जातिय गणना जैसे लोक कल्याण कारी फैसलों से भाजपा परेशान व हताश है। इसलिए महागठबंधन एकजुट एवं अटूट है।

37वां बुनकर शहादत दिवस मना

नाथनगर (भागलपुर)। चंपा नगरी के मदनी नगर गोलबंद चौक स्थित मैदान प्रांगण में 37वां बुनकर शहादत दिवस मनाया गया। वही शहादत दिवस कार्यक्रम के उपलक्ष पर दर्जनों बुनकर मैदान प्रांगण में जमा हुए और कुछ वर्षो पहले जो बुनकर अत्याचार व पीड़ा से शहीद हो गए थे, वैसे बुनकर साथियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी, साथ ही उनके अत्याचार और पीड़ा की चर्चा लोगों के बीच साझा की। वहीं कार्यक्रम के दौरान बुनकरों ने कहा कि हम लोगों को 24 घंटे बिजली मिले, 90 प्रतिशत सब्सिडी मिले, और हम लोगों का टैरिफ प्लान विभाग द्वारा अलग किया जाय। इस के दौरान बुनकर महासभा के महासचिव अशफाक अंसारी सचिव अध्यक्ष के अलावा दर्जनों बुनकर कार्यकर्ता के अलावा आसपास के ग्रामीण बुनकर मौजूद थे।

अंचलाधिकारी के लिखित आवेदन पर, मामला दर्ज

नवगछिया (भागलपुर)। विगत दिनों इस्माइलपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर डीमाहा पंचायत स्थित जफरूदास टोला इलाके के समीप लक्ष्मीपुर दियारा मुख्य सड़क मार्ग पर अवैध रूप से बसे ग्रामीणों को हटाने पहुंचे पुलिस कर्मियों पर अतिक्रमणकारियों व ग्रामीणों ने पथराव कर दिया था। उक्त मामले को लेकर इस्माईलपुर थाना पुलिस ने अंचलाधिकारी के द्वारा दिये लिखित आवेदन पर कांड दर्ज किया है। वही मामले को लेकर इस्माइलपुर थाना के थानाध्यक्ष एजाज रिजवी ने कहा कि इस मामले में दयानंद मंडल पिता विष्णुदेव मंडल, रंजीत मंडल पिता दयानंद मंडल समेत कुल 41 नामजद व एक सौ से अधिक अज्ञात ग्रामीणों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। वही थानाध्यक्ष एजाज रिजवी ने कहा कि नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतू पुलिस टीम द्वारा इलाके में छापेमारी की जा रही है।

गरीब एवं असहाय के बीच बांटा गया कंबल

संग्रामपुर (मुंगेर)। बलिया पंचायत के मुखिया सारिका सिंह और समाजसेवी ललन कुमार सिंह के द्वारा पंचायत के गरीब और असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी अजेश कुमार भी मौजूद थे।इस मौके पर सरकारी योजना से पंचायत में वितरण के लिए भेजी गई आठ कंबल को गरीब एवं असहायों के बीच बांटा गया साथ ही साथ मुखिया सारिका सिंह एवं समाजसेवी ललन सिंह के द्वारा भी दर्जनों गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड में कंबल पाकर गरीब काफी खुश नजर आ रहे थे। इस मौके पर मुखिया सारिका सिंह ने कहा कि अचानक से बड़ी ठंड से आम लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। खासकर गरीब इस ठंड में काफी परेशान हो रहे हैं। उनको कंबल देकर उनकी परेशानी पूरी तरह से तो दूर नहीं की जा सकती लेकिन इस कड़ाके की ठंड में उन्हें कंबल देकर उनके दुखों को कम करने का एक छोटा सा प्रयास किया गया है।

जदयू कार्यकर्ताओं की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई सम्पन्न

- जननायक कर्पूरी ठाकुर की जन्म शताब्दी समारोह को सफल बनाने पर दिया जोड़

प्रातः किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। प्रदेश एवं जिला जदयू के वरीय अधिकारियों के निदेर्शानुसार प्रखंड स्तरीय जदयू इकाई की एक विशेष बैठक जदयू के प्रखंड अध्यक्ष विनय सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।बैठक के क्रम में विधायक प्रो. ललित नारायण मंडल, जिला अध्यक्ष विपिन बिहारी सिंह, विधानसभा प्रभारी संतोष साहनी, रंजीत यादव, जदयू एसटीडी के जिला अध्यक्ष महेश दास उपस्थित थे। इस दौरान विधायक ने कहा कि आगामी 24 जनवरी को जननायक कपूर्री ठाकुर की जन्म शताब्दी समारोह का पटना के वेटरनरी कॉलेज मैदान में आयोजित होना है। वही समारोह का आयोजन ऐतिहासिक होगा, इस मौके पर पार्टी की ओर से प्रदेश जिला एवं प्रखंड स्तर पर कपूर्री ठाकुर की जयंती भव्यता के साथ मना रही है। क्योंकि पार्टी की आधारशिला ही कपूर्री ठाकुर के विचारों पर आधारित है, वही जिला अध्यक्ष ने कहा है कि विधान सभा से लगभग हजारों की कार्यकर्ता पटना में आयोजित कपूर्री ठाकुर की जयंती में शामिल होने की तैयारी की गई है और इस कार्यक्रम में पूरे जिला से करीब दस हजार कार्यकर्ता विभिन्न संसाधनों के माध्यम से पटना पहुंचना सुनिश्चित किया गया है। उक्त कार्यक्रम को लेकर हम सभी को निमंत्रण क्षेत्र स्तर पर समर्थकों को पहुंचा रहे हैं, साथ ही आप सभी जदयू के सम्मानित कार्यकर्ता अपने समर्थकों के साथ आगामी 24 जनवरी को पटना पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का सहयोग करेंगे, और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सह राष्ट्रीय अध्यक्ष के हाथों को मजबूत करें। वही विधान सभा प्रभारी ने कहा कि कपूर्री ठाकुर की जयंती समारोह एक ऐतिहासिक समारोह होगा, यह आयोजन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर यह पहला कार्यक्रम होगा जो ऐतिहासिक रहेगा। इस मौके पर हम सबको बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विनय सिंह, मनोज मंडल, जोगेंद्र पासवान सहित सैकड़ो कार्यकर्ता सहित समर्थक मौजूद थे।

माता पिता व गुरुजनों की सेवा से ही ईश्वर की प्राप्ति होती है: कथा वधिका

- श्रीमद्भगवत कथा के दूसरे दिन भी उमडी श्राद्धालुओं की भीड

प्रातः किरण संवाददाता

नवगछिया भागलपुर। गोपालपुर प्रखंड मुख्यालय के सैदपुर गोढियारी काली स्थान मंदिर प्रांगण में सर्व धर्म समन्वय सनातन भागवत परिवार के नेतृत्व में श्रीमद्भागवत भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के दूसरे दिन शीतलहर भरी कड़ाके की ठंढ में भी पूरा क्षेत्र इलाका संगीतमय गुंजायमान हो उठा है। वही श्रीमद्भागवत कथा का आनंद उठाने के लिए आसपास क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड उमड़ पड़ी थी। वही इस मौके पर वृंदावन से पहुँची कथा वाचिका कृष्ण प्रिया ने अपनी ओजस्वी वाणी से श्रद्धालुओं के बीच भक्ति की गंगा रूपी धारा के क्रम में उन्होंने कहा कि जीवन में माता पिता से बढ़कर कुछ भी नहीं है, माता पिता व गुरुजनों की सेवा से ही ईश्वर की प्राप्ति होती है। यह परम सुख बडे भाग्य से मानव जीवन में मिला है, इसका सदुपयोग कर हम समस्त कष्टों से पार पा सकते हैं। वही उन्होंने कहा कि कलयुग के इस दौर में अपने आराध्य के नाम का भजन करने से ही मुक्ति मिल जाती है। वही कथा क्रम में मुख्य यजमान विकास भारती व निभा भारती ने बताया कि आगामी 25 जनवरी को श्रीमद्भागवत कथा का भव्यता के साथ समापन किया जायेगा। इस मौके पर भक्त मंडली के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

चाकू बाजी की घटना को अंजाम वाले आरोपी हुए गिरफ्तार

प्रातः किरण ब्यूरो

भागलपुर। बरारी थाना अंतर्गत बड़ी खंजरपुर मिश्रा टोला इलाके में विगत रात्रि को आपसी विवाद के मामले को लेकर स्थानीय कुणाल तांती के द्वारा एक ही परिवार के 5 लोगों को चाकू मारकर जख्मी कर दिया गया। सभी पीड़ित परिवार जख्मी व लहूलुहान हालत में थाना आए थे, जिन्हें पुलिस द्वारा त्वरित ईलाज हेतु मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वही मामले को लेकर बरारी थाना पदाधिकारी द्वारा पीड़ित परिवार के बयान पर दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत कांड दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए महज घटना के 4 घंटे के अंदर प्राथमिकी नामजद अभियुक्त कुणाल तांती को रणनीति तैयारी के साथ योजनाबद्ध तरीके से गिरफ्तार कर लिया गया है। वही पुलिस टीम ने आरोपी कुणाल तांती के घर के भीतर उसके कमरे से लोहे का हथौड़ी व एक ड्रेगर चाकू भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। वही पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध कानूनी प्रक्रिया पूरी कर मेडिकल जांच के साथ न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

स्व निधि योजना बैंकों की उदासीनता से अधर में लटका

प्रातः किरण संवाददाता

मुंगेर। मुंगेर जिले के शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना बैंकों की उदासीनता और तरह-तरह का बहाना बनाकर लाभुकों को योजना लाभ से वंचित किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहरी क्षेत्र में फुटपाथ दुकानदारों और ठेला पर सब्जी फल बेचने वालों की आर्थिक स्थिति सुधार करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना पूरे देश में चलाए जा रहे हैं। इस योजना के तहत 10 हजार से 50 हजार तक का ऋण उपलब्ध लाभुकों को करना है।

इस योजना में नगर निगम मुंगेर कार्यालय सूत्रों ने बताया कि शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों में शिविर लगाकर आवेदन लाभूकओं से 3845 ले कर आवेदन को स्वीकृत कर पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड किया जा चुका है इसमें से 1284 आवेदन जिले के विभिन्न बैंकों में भेजा गया है। जिले के विभिन्न बैंक प्रबंधकों ने अलग-अलग कारण बताकर आवेदन को अस्वीकृत कर दिया हैं। लाभूकओं ने बैंक प्रबंधक पर आरोप लगाया है कि 10% कमीशन दिए जाने पर ही ऋण दिया जा रहा है। जो लाभुक बैंक में मैनेजर को 10% की राशि पहले दे देते हैं उनको उनके खाता में ऋण स्वीकृत कर दिया जाता है। बताया जाता है कि 50 हजार की राशि तीन किस्तों में दिए जाने का प्रावधान है। पहली किस्त 10 हजार तथा अन्य किस्तों में 20-20 हजार रुपए दिए जाने का निर्देश हैं। इधर बैंक सूत्रों ने बताया कि ऐसा देखा गया है कि ऋण लेकर ऋण धारकों के द्वारा बैंकों में पैसा जमा नहीं कराते हैं। इसलिए लाभुको की पूरी तरह से जांच पड़ताल के बाद ही ऋण दिया जाता है । बहरहाल इस योजना में उदासीनता और व्यापक भ्रष्टाचार के कारण स्व निधि योजना आधार में लटका हुआ है ।

अवैध खनन व परिवहन भंडारण के विरूद्ध पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई: एसपी सिटी

प्रातः किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिला पुलिस को अहली सुबह गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि आठ-दस की संख्या में अवैध रूप से बालू लोड कर ट्रैक्टर को हबीबपुर के रास्ते हुसैनाबाद लेजाया जा रहा है। प्राप्त सूचना के आलोक में वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया गया। वही मामले को लेकर सत्यता जांच हेतू वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी में पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा खनन निरीक्षक के साथ संयुक्त रूप से अलीगंज हुसैनाबाद मुख्य सड़क पर दबिश देकर मौके से करीब 8 ट्रैक्टर चालक द्वारा अवैध रूप से बालू उठाव कर गुजर रहा था, जिसे पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई के तहत मौके से ट्रैक्टर ट्राली सहित पकड़ा गया साथ ही पुलिस टीम ने 6 ट्रैक्टर चालक को विधिवत रूप से गिरफ्तार किया गया है। उक्त मामले को लेकर पुलिस टीम द्वारा वाहन के संबंधित मालिक व उनके चालक के विरूद्ध विधिवत कार्रवाई की जा रही है। वही पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त में राजेश कुमार, अमरजीत, दीपक कुमार, सिंटु कुमार, सुधाकर, मुकेश यादव शामिल है। जिसके विरुद्ध खनन विभाग अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उक्त आशय की जानकारी एसपी सिटी कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में एसपी सिटी आशीष रंजन ने दी।

चाकूबाजी में एक ही परिवार के पांच लोग गम्भीर रूप से हुए घायल, दो की हालत गम्भीर

- पतंग उड़ाने के चक्कर में बच्चों का विवाद बना पूरे परिवार के जान का जंजाल

प्रातः किरण संवाददाता

भागलपुर। इन दिनों जिलेभर में आपसी विवाद को लेकर कई अर्चभित कर देने वाली घटना सामने आती रही हैं। इसी कड़ी में एक और मामला सामने आया है जहां पतंग उड़ाने को लेकर बच्चों के बीच हुई विवाद में उनके अभिभावकों के बीच भिड़ंत हो गई। जिसमें एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर धारदार चाकू से हमला कर आधे दर्जन भर लोगों को गम्भीर रूप से घायल कर दिया है। वही घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक बरारी थाना क्षेत्र के बड़ी खंजरपुर सुरखीकल स्थित तांती टोला इलाके में दो पक्षों के बीच हुई विवाद के दौरान चाकू मार कई परिवार को जख्मी किये जाने की वारदात को अंजाम दिया गया है। जिसमें एक ही परिवार के पांच लोग गम्भीर रूप से घायल होने की जानकारी प्राप्त हुई है जिसमें दो कि स्थिती गंभीर बताई जा रही है। वही सभी घायलों का इलाज मायागंज अस्पताल में किया जा रहा है। वहीं मामले को लेकर घायल प्रदीप तांती ने बताया कि 2 दिन पहले पतंग उड़ाने को लेकर बच्चा- बच्चा के बीच विवाद हुआ था और उक्त बात को लेकर देर शांम में जब हम लोग घर पहुंचे तो पहले से घात लगाए बैठे कुणाल तांती उसके परिवार के समर्थकों द्वारा अचानक चाकू से प्रहार कर दिया है। वही इस घटना में प्रदीप तांती, रोहित कुमार, चंदा कुमारी, छोटी कुमारी व अन्य लोग शामिल हैं। वही उन्होंने बताया कि मामले को लेकर अभी तक बरारी थाना पुलिस के द्वारा किसी तरह की दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। वही दूसरी तरफ बरारी थाना के पुलिस पदाधिकारी द्वारा पूरे मामले की जांच में लगी हुई हैं।

कुख्यात मो. चाँद फिल्मी अंदाज में चढ़ा पुलिस के हत्थे: एसपी सिटी

प्रातः किरण ब्यूरो

भागलपुर। विगत वर्ष 8 दिसंबर की देर शाम कुख्यात अपराधी मो. चाँद ने स्थानीय नाथनगर थाना परिक्षेत्र के गुदरी बाजार इलाके के ठेकेदार मो. शोहराब पर जानलेवा हमला कर गोली मार कर गम्भीर रूप से जख्मी व घायल कर दिया था। वही घटना को लेकर संबंधित नाथनगर थाना में पीड़ित के बयान पर नामजद मामला दर्ज किया गया था। वही घटना के नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक भागलपुर के निर्देश पर अपराधी की गिरफ्तारी सह मामले के उद्भेदन किये जाने हेतू पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी में पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। घटित टीम द्वारा तकनीकी अनुसंधान के सहयोग लेकर वांछित अपराधी मो. चाँद को नाथनगर रेलवे स्टेशन के समीप रणनीति तैयार कर फिल्मी अंदाज में पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। वही गिरफ्तार शातिर अपराधी मो. चाँद ने पुलिस पूछताछ में उक्त कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है, साथ ही पुलिस टीम द्वारा घटना के संबंधित अन्य बिन्दुओं पर अनुसंधान जांच की जा रही है। वही मामले की जानकारी एसपी सिटी आशीष रंजन ने अपने कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए कहा है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस टीम आपराधिक इतिहास खंगालने में लगी हुई है।

किसान मेला सह उद्यान एवं पशु प्रदर्शनी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

- कृषि मेला का जिलाधिकारी ने किया विधिवत उद्घाटन
- कृषि के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन को लेकर जिलाधिकारी ने किसानों को किया पुरस्कृत

प्रातः किरण ब्यूरो

भागलपुर। बिहार कृषि विभाग कार्यालय प्रांगण में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में स्वरोजगार सृजनार्थ किसान मेला सह उद्यान एवं पशु प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा भागलपुर के द्वारा किसान मेला एवं पशु प्रदर्शनी प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले किसानों को पुरस्कृत भी किया गया है। वहीं जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने कहा कि इस किसान मेला का मुख्य उद्देश्य है कि इस मेले से किसान देखकर सीखें और अपनी खेती के फसलों के उपज में बेहतर कर सकें, वहीं उन्होंने कहा कि भागलपुर में जीआई टैग मिले जदार्लु आम, कतरनी चुड़ा के साथ-साथ मछली पालन, मुर्गा पालन, बकरी पालन व जैविक खेती से लेकर कई उत्पन्न के क्षेत्र में किसान काफी बेहतर ढंग से उपजा रहे हैं, अब उन्हें सही बाजार और सही पैकेजिंग करने की जरूरत है, तभी वह उचित मूल्य पा सकेंगे। इस मामले को लेकर बिहार कृषि विभाग सजग है जिसके लिए ऐसे कार्यक्रम का होना भी अति आवश्यक है। वही कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कृषि विभाग में लगे मेला का भी अवलोकन किया। इस मौके पर कृषि विभाग के निर्देशक व उपनिदेशक के साथ-साथ दर्जनों कृषक मित्र व कार्यकर्ता के अलावा आसपास क्षेत्र के सैकड़ो किसान मौजूद थे।

राष्ट्रीय हिंदू एकता संगठन का बिहार में विस्तार, कई को मिला नई जिम्मेदारी

प्रातः किरण संवाददाता

मुंगेर। राष्ट्रीय हिंदू एकता संगठन के बिहार प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने बिहार प्रदेश के पदाधिकारियों की एक सूची जारी कर दी है. संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान के निर्देश पर बिहार प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन का विस्तार करते हुए 07 लोगों को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसमें प्रदेश महामंत्री और आठ को प्रदेश मंत्री बनाया गया है. इसके अतिरिक्त एक मीडिया प्रभारी बनाया गया। साथ में प्रदेश युवा अध्यक्ष की भी घोषणा की गई। प्रदेश महामंत्री निशुतोष निशु, सोम स्वरूपम सिन्हा , मोहन वर्मा , प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन कुमार सिन्हा अंशु प्रियंका मिश्रा, फणीभूषण सिंह, शेखर कुमार, कृष्ण कुमार सिंह उर्फ किसटु सिंह वरुण आनंद, सुमेधा आर्या, प्रदेश मंत्री टीना राज हंश, रवि राज मनोज कुमार पोद्दार, राजीव सिंह, जगदीश लक्ष्मीकांत प्रसाद रॉय, दीपु कुमार वर्मा, नीरज पाठक, आकाश कुमार, प्रदेश मीडिया प्रभारी कृष्ण मोहन कुमार, प्रियेश सिंह, प्रदेश युवा अध्यक्ष बिहार इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की अयोध्या में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर राम भक्त सनातन धर्म के संरक्षण की जिम्मेदारी उठायेंगे। भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे और जहां भी सनातन धर्मियों पर अत्याचार होता है तो उनकी रक्षा करेंगे। इन दायित्व वान राम भक्तों के साथ बिहार में हिंदुत्व और राष्ट्र धर्म की भावनाओ को आगे बढ़ायेंगे।

साप्ताहिक जनता दरबार में आपसी सहमति से निष्पादित किए गए कई मामले

प्रातः किरण संवाददाता

संग्रामपुर(मुंगेर)। भूमि संबंधी विवाद को स्थानीय स्तर पर निपटने के उद्देश्य से प्रत्येक शनिवार को थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। इसी उद्देश्य के तहत शनिवार को अंचल अधिकारी स्नेहा सत्यम की अध्यक्षता में थाना परिसर में भूमि संबंधित विवाद के निपटारे के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में दो मामले का निपटारा आपसी सहमति एवं प्रस्तुत किए गए दस्तावेज के आधार पर कर दी गई। जनता दरबार में थाना अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह भी मौजूद थे।

पूर्व की लंबित पांच मामलों एवं शनिवार को प्राप्त हुए 3 मामलों सहित कुल 7 मामलों पर सुनवाई की गई। जिसमें दो मामले का निपटारा दोनों पक्षों की सहमति से कर दिया गया। प्रखंड क्षेत्र के सन्हौली के रास्ते की विवाद को लेकर पदाधिकारी के द्वारा दोनों पक्षों को सुना गया। दोनों पक्ष रास्ते वाली जमीन पर अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर रहे थे। मामले की सुनवाई करने के बाद पदाधिकारी ने दोनों पक्षों को जमीन के स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया साथ ही साथ सक्षम प्राधिकार से जमीन की मापी करने का निर्देश दिया।

नौवागढ़ी के प्रांगण में शिक्षा संवाद कार्यक्रम हुआ आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

मुंगेर। सदर प्रखंड अंतर्गत नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत के उच्च विद्यालय नौवागढ़ी में विभागीय निदेर्शानुसार शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया । वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक कृष्ण मुरारी कुमार ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीपीओ साक्षरता मोहम्मद फारूख रहमान अपने संबोधन में सरकार द्वारा छात्रों के लिए चलाए जा रहे हैं। विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई तथा उन्होंने अभिभावक से यह कहा की आप लोग अपने बच्चों को हर संभव विद्यालय भेजें ताकि उचित शिक्षा ग्रहण कर सके और वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके। वहीं शिक्षा संवाद कार्यक्रम में विद्यालय पोषक क्षेत्र के छात्र-छात्र सहित क्षेत्र का अभिभावक ने भाग लिए।

जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा, प्रभारी जिलाधिकारी ने किया रवाना

प्रातः किरण संवाददाता

मुंगेर। भूकंप सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता को लेकर शनिवार को समाहरणालय परिसर से जन जागरूकता रथ एवं नुक्कड़ नाटक दल को प्रभारी जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उप निदेशक जन संपर्क सह जिला जन संपर्क पदाधिकारी, जिला आपदा पदाधिकारी सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि भूकंप से सुरक्षा हेतु जागरूकता के लिए इस रथ को रवाना किया गया है। इसका उद्देश्य जिले के विभिन्न पंचायतों में जाकर लोगों को भूकंप से सुरक्षा एवं बचाव की जानकारी देना है। नुक्कड़ नाटक दल द्वारा आज समाहरणालय के समीप भी जागरूकता हेतु बेहतरीन प्रदर्शन कर लोगों को एक अच्छा संदेश दिया गया। इसी तरह पंचायतों में भी इनके द्वारा लोगों को भूकंप से सुरक्षा एवं बचाव की जानकारी देनी है। जिला प्रशासन और जिला आपदा प्रबंधन द्वारा इसके लिए एसडीआरएफ की टीम के माध्यम से भी विभिन्न प्रखंडों एवं विद्यालयों में लगातार जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। नाटक दल द्वारा भूकंप से बचाव के लिए अपने घर को भूकंप प्रतिरोधी बनाने हेतु स्ट्रक्रल इंजीनियर से परामर्श करें, दीवारों और छतों की दरारों की मरम्मत कराएं, खुले टांड़ दीवार से मजबूती से बांधे और भारी सामान निचली टांड़ों पर रखें, आपातकालीन किट तैयार रखें।

19वीं पुण्यतिथि पर स्व. शहेंद्र शर्मा उर्फ पहलवान को किया याद

नवगछिया (भागलपुर। नारायणपुर प्रखंड के गायत्री मंदिर पहाड़पुर के प्रांगण में स्व. शहेंद्र शर्मा पहलवान की पुण्यतिथि नागर स्व. जाती संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर नागर के अध्यक्षता में मनाई गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक चौथम के सुनीता शर्मा उपस्थित थे। वही सभा के दौरान अपने समाज में एकता सद्भाव आपसी तालमेल से एक सभ्य समाज निर्माण पर जोर देने का संकल्प लिया है। इस मौके पर नागर समुदाय के मनीष कुमार नागर, अमिताभ शर्मा, दिलीप कुमार पंडित, वेद आनंद शर्मा, श्याम कुमार, वेदानंद शर्मा, डब्लू लाल शर्मा समेत दर्जनों गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

कर्पूरी ठाकुर जयंती समारोह एवं 26 जनवरी की तैयारी को लेकर राजद ने की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

मुंगेर। मुंगेर राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान कार्यालय में बिहार प्रदेश के निर्देश पर जननायक कपूर्री ठाकुर की 100वीं जन्मशताब्दी दिवस को पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित किया जा रहा है। उस कार्यक्रम में मुंगेर जिला राष्ट्रीय जनता दल परिवार की भागीदारी सुनिश्चित हो इसके संदर्भ में एक बैठक मुंगेर जिला राष्ट्रीय जनता दल के जिलाध्यक्ष त्रिलोकी नारायण शर्मा की अध्यक्षता में रखी गई। इसकी संचालन राजद के वरीय जिला उपाध्यक्ष संजय पासवान ने किया। इस कार्यक्रम में सभी राजद परिवार के गणमान्य सदस्यों ने अपनी अपनी बात को रखा। आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की तैयारी के संदर्भ में और बीएलओ 2 के संदर्भ में समीक्षा बैठक किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से मुख्य अतिथि मुंगेर जिला राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश सचिव देवकीनंदन सिंह ,मुंगेर राजद के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सह युवा राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश सदर प्रखंड अध्यक्ष अशोक चौधरी जी, बुद्धिजीवी जिला राजद के अधिकारी, नेता सह कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

गुरबाज बोले-

रोहित के रिटायर्ड आउट से भी सीखा

- कोई और लगातार 2 छक्के नहीं मार पाता, विरोध होता तो मैं दोबारा नहीं उतरता

शारजाह (एजेंसी)। अफगानिस्तान ने भले ही तीसरे टी-20 के दौरान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के रिटायर्ड आउट का खुलकर विरोध न किया हो, लेकिन टीम के खिलाड़ियों का दर्द दबी जुबानी बाहर आ रहा है।बेंगलुरु में 2 दिन पहले हुए इस मुकाबले में अफगानी टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने कहा है- हमने रोहित शर्मा के रिटायर्ड आउट से भी बहुत कुछ सीखा है। हम उनका सम्मान करते हैं और उनके रिटायर्ड आउट होने से हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन अगर मैं उनकी जगह होता, तो फील्डिंग टीम के विरोध करने पर मैं ऐसा नहीं करता।

टीम इंडिया के नए धुरंधर को अश्विन मानने लगे हैं अगला धोनी- बोले संयम वैसा ही है

चेन्नई (एजेंसी)। महेंद्र सिंह धोनी जब से रिटायर हुए हैं, उनकी जगह पर टीम इंडिया को अभी तक परफेक्ट रिप्लेसमैंट नहीं मिली है। उनकी जगह पर कई क्रिकेटरों को आजमाया गया लेकिन उनका विकल्प सामने नहीं आया। अभी हालिया घटनाक्रम में भारतीय टीम के गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज को देखते हुए रिंकू सिंह को इस पद के लिए उपयुक्त माना है।

अश्विन रिंकू सिंह से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने पिच पर खासकर कठिन परिस्थितियों में रिंकू के शांत स्वभाव की सराहना की। उन्होंने रिंकू को 'बाएं हाथ का धोनी' भी करार दिया क्योंकि वे दोनों दबाव में शांत रहते हैं। अश्विन ने स्पष्ट किया कि वह अभी यह नहीं कह रहे हैं कि रिंकू धोनी जितना अच्छा है क्योंकि सीएसके के कप्तान एक दिग्गज हैं। हालांकि, अश्विन ने दोनों के बीच समानताएं बताईं। आईपीएल 2023 में शानदार प्रदर्शन के बाद प्रसिद्धि पाने वाले रिंकू को पिछले साल भारतीय टी20 टीम के लिए चुना गया था।

अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में रिंकू ने 69 रन की पारी खेली थी। उन्होंने आखिरी ओवर में रोहित के साथ मिलकर 36 रन खींचे थे जिससे भारतीय टीम 212 रन तक पहुंचने में सफल रही थी। उनका कौशल देखने के बाद अश्विन ने कहा कि वह ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें मैं बाएं हाथ का धोनी कहूंगा। मैं अभी उनकी तुलना धोनी से नहीं कर सकता क्योंकि धोनी बहुत बड़े हैं। लेकिन, मैं उस संयम के बारे में बात कर रहा हूं जो वह लाता है। वह यूपी के लिए लगातार ढेरों रन बना रहे हैं और भारतीय टीम में अपनी जगह बना चुके हैं।

शोएब मलिक की तीसरी शादी

2010 में सानिया मिर्जा से हुई थी दूसरी शादी

करांची (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शोएब मलिक ने तीसरी शादी कर ली है। 41 साल के शोएब ने अब 30 साल की पाकिस्तानी एक्ट्रेस सना जावेद से शादी की। शोएब ने शनिवार को सना के साथ फोटो शेयर कर इसकी जानकारी दी। शोएब की पहली शादी आयशा सिद्दीकी से हुई थी। जिनसे तलाक के बाद उन्होंने 2010 में भारत की पूर्व टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा से दूसरी शादी की। सानिया और शोएब के तलाक के बारे में अब तक ऑफिशियल जानकारी नहीं मिली है।

सानिया मिर्जा ने लिखा था, 'तलाक मुश्किल है' – सानिया मिर्जा ने बुधवार को लिखा था कि तलाक मुश्किल है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी लगाकर इंग्लिश में लिखा था, 'शादी मुश्किल है, तलाक मुश्किल है' अपनी मुश्किलें खुद चुनें। जीवन आसान नहीं, ये हमेशा ही मुश्किल रहेगा लेकिन हम मुश्किल को चुन सकते हैं। ध्यान से चुनें।

सना जावेद ने इंस्टाग्राम पर अपना सरनेम बदला – सना जावेद ने अपने बायो में पति शोएब मलिक का नाम भी जोड़ लिया। पहले उनके अकाउंट पर 'सना जावेद' लिखा हुआ था लेकिन अब उन्होंने अपने अकाउंट पर 'सना शोएब मलिक' लिख लिया। इंस्टाग्राम पर उनकी भी आखिरी पोस्ट मलिक के साथ शादी की ही है। जिसका कैप्शन है, 'अलाहम्दुलिल्लाह, और उन्होंने हमें जोड़े में बनाया।'

सानिया से 5 महीने डेटिंग के बाद की थी शादी – सानिया-शोएब की पहली मुलाकात साल 2004-2005 में भारत में हुई थी। दोनों की ज्यादा बातचीत नहीं हुई। दोनों 2009-2010 में ऑस्ट्रेलिया के शहर होबार्ट में फिर मिले।

शादी के 8 साल बाद जन्मा बेटा

सानिया मिर्जा और शोएब मलिक की शादी के 8 साल बाद 2018 में उनके बेटे इजहान का जन्म हुआ। सानिया ने अपने बेटे को जन्म देने के दौरान टेनिस से डेढ़ साल का ब्रेक लिया था। सानिया ने अपनी आत्मकथा 'ऐस अगेंस्ट ऑड्स' में लिखा है कि शोएब उनकी लाइफ में उस समय आए थे, जब वो अपनी प्रोफेशनल लाइफ में परेशानियों से जूझ रही थीं।

पाकिस्तानी एक्ट्रेस सना जावेद के साथ फोटो शेयर की

सानिया ने पिछले साल जनवरी में लिया था रिटायरमेंट

शोएब की दूसरी पत्नी सानिया भारत की पूर्व टेनिस खिलाड़ी हैं, उन्होंने जनवरी 2023 में खेल से रिटायरमेंट ले लिया। भारत के रोहन बोपन्ना के साथ उन्होंने हैदराबाद के लाल बहादुर स्टेडियम में फेयरवेल मैच खेलकर टेनिस को अलविदा कहा।

सानिया ने टेनिस करियर में ज्यादा मैच डबल्स और मिक्स्ड डबल्स कैटेगरी में ही खेले। उन्होंने 6 ग्रैंड स्लैम जीते हैं। 2016 के रियो ओलिंपिक में वह सेमीफाइनल स्टेज तक भी पहुंची थीं। ग्रैंड स्लैम के अलावा वह करियर में अलग-अलग लेवल पर 43 खिताब जीत चुकी हैं।

एसोसिएट नेशन के प्लेयर्स को साउथ अफ्रीका 20 में कोटा मिलना चाहिए

एलन डोनाल्ड बोले– आईपीएल की तर्ज पर यंग प्लेयर्स को भी शामिल किया जाना चाहिए

वेलिंगटन (एजेंसी)। साउथ अफ्रीका के लिजेंडरी प्लेयर एलन डोनाल्ड का मानना है कि साउथ अफअरीका 20 में एसोसिएट नेशन के खिलाड़ियों के लिए कोटा लाना चाहिए। इससे क्रिकेट दुनियभर में फैलेगा। पूर्व तेज गेंदबाज डोनाल्ड ने मीडिया के सवाल पर कहा - एसोसिएट नेशन के खिलाड़ियों के साथ ही आईपीएल की तर्ज पर साउथ अफ्रीका के यंग प्लेयर्स को भी साउथ अफ्रीका 20 में ज्यादा मौके मिलने चाहिए। इससे देश के प्लेयर्स को बड़े प्लेटफॉर्म पर परफॉर्म करने के साथ ही नेशनल टीम में मौके भी मिलेंगे।

इंग्लैंड के पेसर्स को भारत में स्टंप पर बॉल रखनी होगी – इंडिया और इंग्लैंड में होने वाली टेस्ट सीरीज में पेसर्स के लिए आने वाली चुनौती पर डोनाल्ड बोले, नई बॉल से 25-30 ओवर स्विंग लेना सबसे जरूरी है। भारतीय पिचों पर फुलर लेंथ बॉल

फेंकनी होगी। भारत में फास्ट बॉलर को पिच से मदद नहीं मिलेगी, इसलिए आपको पिच के पास फिल्डिंग लगाना होगी, जिससे खिलाड़ी को हर शॉट खेलना ही पड़े।इसके साथ ही बॉलर को ध्यान रखना होगा की हर बॉल स्टंप्स की ओर लगे। बॉल पुरानी होने के बाद आपको स्टंप्स पर अटैक कर स्मार्ट फिल्डिंग की मदद से विकेट निकालने होंगे। एलन डोनाल्ड ने अपने करियर के दौरान भारत में चार टेस्ट खेले हैं। इस दौरान डोनाल्ड ने 121.2 ओवर में सिर्फ 16.11 की औसत से 17 विकेट लिए थे।

साउथ अफ्रीका में लीग होना जरूरी – साउथ अफ्रीका में टी-20 लीग होना जरूरी है। अगर हम सिर्फ तीन साल पीछे जाएं और साउथ अफ्रीका में क्रिकेट की हालत बहुत खराब थी। हमने पिछले साल ट्ट20 की शुरुआत की,और इससे यंग प्लेयर्स और फैंस का क्रिकेट की ओर रुझान बढ़ है। यह साउथ अफ्रीका में क्रिकेट के लिए सही दिशा में एक बड़ा कदम है और क्रिकेट को देश में सभी प्रारूपों में आगे बढ़ना चाहिए। सिर्फ टी-20 और वनडे ही नहीं है, बल्कि टेस्ट भी है।

टेस्ट टूर के लिए बोर्ड ने सही कदम लिया – एलन डोनाल्ड ने कहा, न्यूजीलैंड के खिलाफ हमारी बेस्ट टीम नहीं जा रही, टॉप प्लेयर्स को साउथ अफ्रीका 20 में रख कर बोर्ड ने सही कदम उठाया है। टी-20 वर्ल्ड कप आने वाला है और हमारे प्लेयर्स को इस समय टी-20 खेलने की जरूरत है। लीग और इंटरनेशनल कैलेंडर को हम रोक नहीं सकते, लेकिन हमारे यंग प्लेयर्स के वहां खेलने से हमे टीम के पॉटेंशियल प्लेयर्स के बारे में भी जानने मिलेगा।

ऐडन मार्करम तीनों फॉर्मेट के कप्तान बन सकते हैं – ऐडन मार्करम ने पिछले साल साउथ अफ्रीका 20 से कप्तानी की शुरुआत की। ट्ट20 के साथ ही उन्होंने भारत में भी आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी की। वे शानदार कप्तान है और मुझे लगता है कि आने वाले समय में वे टी-20 ही नहीं बल्कि वनडे और टेस्ट में भी कप्तानी करने के लिए तैयार है। उन्हें साउथ अफ्रीका नेशनल टीम के तीनों फॉर्मेट का कप्तानी करनी होगी।

रविंद्र जडेजा कोई मुरली या शेन वॉर्न नहीं, उसे खेलना आसान : केविन पीटरसन

लंदन (एजेंसी)। इंग्लैंड के पूर्व चैम्पियन बल्लेबाज केविन पीटरसन ने कहा है कि भारत दौरे पर बल्लेबाजों को अपना डिफेंस काफी मजबूत रखना होगा और उन्होंने 2012-13 के भारत दौरे पर नेट्स पर घंटो अपनी रक्षण तकनीक पर मेहनत करके ही कामयाबी पाई थी।

पीटरसन ने मुंबई में दूसरे टेस्ट में 233 गेंदों में 186 रन बनाए थे जो भारत में किसी विदेशी बल्लेबाज के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में से एक है। उस पारी ने पहला टेस्ट हार चुके इंग्लैंड के पक्ष में पासा पलट दिया था और 27 साल में इंग्लैंड ने भारत में पहली श्रृंखला जीती। भारत के खिलाफ 5 टेस्ट की श्रृंखला से पहले पीटरसन ने पुरानी यादें ताजा करते हुए कहा कि मैं जो रूट, जॉनी बेयरस्टो हर समय नेट्स पर अपने डिफेंस पर काम करते थे। हम फ्रंटफुट पर नहीं खेलने का अभ्यास करते थे। हमारी कोशिश कर गेंद को आफ साइड पर खेलने की होती थी। उन्होंने कहा कि रक्षात्मक खेलने में कुछ गलत नहीं है। डिफेंस मजबूत होने से ही आप आक्रामक होकर खेल सकते हैं। स्ट्रेट खेलना और फ्रंटफुट आगे नहीं लाना, गेंद का इंतजार करना यह सब बहुत जरूरी है। पीटरसन ने भारतीय आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की 'दूसरा' को बखूबी खेला था। उन्होंने कहा कि मैंने अश्विन की दूसरा पकड़ ली थी।

इंगलैंड लायंस के खिलाफ मल्टी-डे मैच के लिए रिंकू सिंह को मिला मौका

मुंबई (एजेंसी)। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे और तीसरे बहु दिवसीय मैच के लिए बीसीसीआई ने भारत 'ए' टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय टीम ने इंगलैंड से 25 जनवरी से 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी हैं। इससे पहले भारत ए टीम इंगलैंड लायंस के खिलाफ प्रैक्टिस मुकाबले खेल रही है। बड़ी बात यह है कि पुरुष चयन समिति ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे और तीसरे मल्टी-डे मैच के लिए भारत 'ए' टीम की घोषणा कर दी है जिसमें रिंकू सिंह को भी मौका दिया गया है। तिलक वर्मा और अर्शदीप सिंह को अहमदाबाद में मेहमान इंग्लैंड लायंस के खिलाफ आखिरी दो चार दिवसीय मैचों के लिए भारत ए टीम में चुना गया है।

रिंकू हाल ही में रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर दक्षिण अफ्रीका में भारतीय टेस्ट टीम के साथ थे। उन्होंने अब तक 43 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, जिसमें 58.47 की औसत से 3099 रन बनाए हैं। जबकि रिंकू को केवल आखिरी 4 दिवसीय मैच के लिए चुना गया था, उनके यूपी टीम के साथी यश दयाल और झारखंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को को भी मौका दिया गया है। इसके अलावा रेलवे के उपेन्द्र यादव भी अतिरिक्त कीपर रखे गए हैं। इस जोड़ी ने केएस भरत और ध्रुव जुरेल की जगह ली, जो दोनों इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद और विजाग में पहले 2 टेस्ट मैचों के लिए सीनियर टीम में शामिल होंगे।

टाटा ने फिर खरीदे आईपीएल के टाइटल राइट्स

2028 तक टूर्नामेंट को स्पॉन्सर करेगा, एक सीजन के लिए 500 करोड़ देगा

मुंबई (एजेंसी)। टाटा कंपनी ने एक बार फिर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टाइटल राइट्स खरीद लिए। 5 साल के राइट्स कंपनी ने 2500 करोड़ रुपए में खरीदे, यानी एक आईपीएल सीजन के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को टाइटल स्पॉन्सर से 500 करोड़ रुपए मिलेंगे। इससे पहले भी टाटा के पास ही आईपीएल के टाइटल राइट्स थे। कंपनी ने 2022 में 730 करोड़ रुपए देकर 2023 तक के लिए राइट्स खरीदे थे।

आदित्य बिड़ला ग्रुप ने भी 2500 करोड़ की बोली लगाई

बीसीसीआई से टेंडर डॉक्यूमेंट खरीदने के बाद कंपनियों ने बोली लगाई। इसमें आदित्य बिड़ला ग्रुप ने 2500 करोड़ रुपए की बोली लगाई। बीसीसीआई ने फिर पिछले स्पॉन्सर टाटा से पूछा कि क्या वे भी इतनी बोली लगाने को तैयार है। टाटा ग्रुप ने भी 2500 करोड़ की बोली लगाई और स्पॉन्सरशिप उन्हें मिल गई। आईपीएल 2023 में टाटा कंपनी की टियागो

ईवी कार सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन खिलाड़ी को मिली थी। आरसीबी के ग्लेन मैक्सवेल ने इसे जीता था।

आईपीएल 2023 में टाटा कंपनी की टियागो ईवी कार सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन खिलाड़ी को मिली थी। आरसीबी के ग्लेन मैक्सवेल ने इसे जीता था।

एक महीने पहले टेंडर जारी किया था

बीसीसीआई ने एक महीने पहले आईपीएल के टाइटल राइट्स बेचने के लिए टेंडर जारी किया था। राइट्स खरीदने में इंटरेस्टेड कंपनियों को बीसीसीआई से 5 लाख रुपए का टेंडर डॉक्यूमेंट खरीदना था। जिसकी आखिरी तारीख 8 जनवरी थी।

चाइनीज कंपनियां स्पॉन्सर नहीं कर सकतीं

बीसीसीआई ने अपने टेंडर डॉक्यूमेंट में ही साफ कर दिया था कि चीन की कंपनियां स्पॉन्सरशिप में बोली नहीं लगा सकतीं। भारत और चीन के बीच बॉर्डर और राजनीतिक विवाद के कारण बीसीसीआई ने चाइनीज कंपनियों से स्पॉन्सरशिप नहीं लेने का फैसला किया। इससे पहले 2021 में चीन की टेक कंपनी वीवो ही आईपीएल की टाइटल स्पॉन्सर रही थी।

बोपन्ना-इबडेन की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में पहुंची

मेलबर्न (एजेंसी)। भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू इबडेन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को शुक्रवार को यहां आस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष युगल के तीसरे दौर में पहुंचने के लिए जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी ने जॉन मिलमैन और एडवर्ड विंटर की स्थानीय वाइल्डकार्ड जोड़ी को एक घंटे से जरा ज्यादा समय तक चले दूसरे दौर के मैच में 6-2, 6-4 से पराजित किया।

अब तीसरे दौर में इस जोड़ी की भिड़ंत नीदरलैंड के वेस्ले कूलहोफ और क्रोएशिया के निकोला मेकटिच की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगी। भारत के 43 वर्षीय बोपन्ना और इबडेन ने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर हर तरफ से दबदबा बनाया। उन्होंने पहली सर्विस में 80 प्रतिशत अंक

जुटाये जबकि मिलमैन और विंटर की जोड़ी 68 प्रतिशत ही ऐसा कर पायी। बोपन्ना-इबडेन ने इस दौरान मैच की सबसे तेज सर्विस भी लगायी जो 203 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली रही।

भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने प्रतिद्वंद्वी के 11 विनर की तुलना में 17 विनर जमाये। पहले दौर के मैच में बोपन्ना-इबडेन ने आस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैंस की जोड़ी को 7-6 (7), 6-4, 7-6 (10) से मात दी थी। इससे पहले एक अन्य भारतीय श्रीराम बालाजी ने रोमानियाई जोड़ीदार विक्टर व्लाड कोर्निया के साथ मिलकर पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनायी।

उन्होंने इटली के मात्तेओ अर्नाल्डी और आंद्रिया पेलेग्रिनो को 6 . 3, 6 . 4 से हराया । अगले दौर में उनका सामना दसवीं वरीयता प्राप्त अल सल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मेट पाविच से होगा। सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम में भारत की एकल चुनौती गुरुवार को सुमित नागल की दूसरे दौर में चीन के जुनचेंग शांग से मिली हार से खत्म हो गई थी।

जब आप छक्के मारते हैं तो मुझे गर्व महसूस होता है- यूसुफ ने छोटे भाई की तारीफ की

मुंबई (एजेंसी)। इरफान पठान ने हाल ही में 'वन वर्ल्ड वन फैमिली कप' में शिरकत की थी। इस दौरान वह सचिन तेंदुलकर की कप्तानी वाली वन वर्ल्ड का नेतृत्व करते हुए नजर आए थे। वो इरफान ही थे जिन्होंने छक्का लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। इरफान ने यह छक्का अपने बड़े भाई युसूफ पठान जोकि वन फैमिली की ओर से खेल रहे थे, की गेंद पर लगाया था। इससे वन वर्ल्ड को 4 विकेट से जीत मिली थी।

वन फैमिली ने पहले खेलते हुए डेरेन मेडी के 51, रोमेश कालुवितरणा के 22, पार्थिव पटेल के 19, युसूफ पठान के 24 गेंदों पर 48 तो कप्तान युवराज सिंह के 10 गेंदों पर 23 रन की बदौलत 180 रन बनाए थे। 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सचिन की टीम ने आखिरी ओवर में जीत हासिल की। वन वर्ल्ड की ओर से अल्विरो पीटरसन ने 50 गेंदों में 74 रन बनाए। सचिन तेंदुलकर ने भी 16 गेंदों पर 27 रनों का योगदान दिया। अंत में इरफान पठान ने पांच गेंदों पर 12 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी।

इरफान ने मैच के बाद अपने भाई के साथ मैच की फोटो शेयर की और साथ ही छक्के लगाने का श्रेय अपने भाई को दिया। इरफान के ट्विट पर युसूफ ने बाद में प्रतिक्रिया भी दी।

इरफान पठान समय-समय पर टीम इंडिया के प्लेयर्स के लिए कमेंट करते रहते हैं। बीते दिनों उन्होंने भारतीय टीम के भविष्य पर बात की थी। उन्होंने माना कि 2024 में भारतीय टीम में बहुत सारे बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

इरफान ने कहा कि आगे समय चुनौतीपूर्ण होगा इसलिए अगर हम दो या तीन नेता पहले से तैयार करते हैं, तो हमें इसका फायदा होग। ध्यान इस बात पर भी होना चाहिए कि आप कौन सा नेता तैयार करेंगे।

इरफान ने कहा कि हमने देखा है कि भारतीय टीम 5 मैचों की सीरीज में कैसी रहती है। टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली के नेतृत्व में हम वर्षों नंबर एक रैंकिंग पर रहे। विराट की इस दौरान फिटनेस शानदार रही। उन्होंने हर मैच में अच्छा प्रदर्शन किया और हर मैच में टीम से शानदार प्रदर्शन करवाया। रोहित शर्मा ने भी टीम को अद्भुत प्रदर्शन करवाया। हमने इसे विश्व कप में देखा और उन्होंने एशिया कप जीता लेकिन रोहित शर्मा के बाद कौन? इसपर अभी से सोचने की जरूरत है।

संक्षिप्त समाचार

अदालत ने बेटे की हत्या करने वाली महिला सीईओ को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

पणजी, एजेंसी। तटीय राज्य के एक सर्विस अपार्टमेंट में अपने चार वर्षीय बेटे की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार, बेंगलुरु स्थित एआई कंपनी की 39 वर्षीय सीईओ को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। 39 वर्षीय सूचना सेठ को 9 जनवरी को कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने महिला को तब गिरफ्तार किया जब वह कैब से बेंगलुरु जा रही थी। शुरुआत में, उसे छह दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया था, और बाद में इसे पांच दिनों के लिए बढ़ा दिया गया था।

पुलिस उपाधीक्षक विश्वेश करपे ने आईएएनएस को बताया, महिला को शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया। डीएनए, मेडिकल परीक्षण और अन्य चीजों का ध्यान रखा गया है। इसलिए, हमें आगे पुलिस हिरासत की आवश्यकता नहीं है।पुलिस अधिकारी ने कहा कि वह जांच में सहयोग नहीं कर रही थी। पुलिस के मुताबिक, सूचना सेठ पश्चिम बंगाल की मूल निवासी है जो बेंगलुरु में बस गई थी। उसकी शादी एक केरलवासी से हुई थी।पुलिस ने बताया कि वह 7 जनवरी को अपने बेटे के साथ उत्तरी गोवा के कैंडोलिम में एक सर्विस अपार्टमेंट में गई थी। वह कमरे में कथित तौर पर अपराध को अंजाम देने के बाद अगले दिन सुबह बेंगलुरु के लिए रवाना हो गई थी।पुलिस ने कहा कि घटना तब सामने आई जब हाउस-कीपिंग स्टाफ अपार्टमेंट की सफाई करने गया और उसने कुछ खून के धब्बे देखे।

कश्मीरी बर्फ रहित सर्दी से डरे हुए हैं, गर्मियों में आपदा की आशंका!

श्रीनगर, एजेंसी। भले ही कठोर सर्दी की 40 दिनों की लंबी अवधि जिसे चिल्लई कलां कहा जाता है, शनिवार से 10 दिनों से भी कम समय में समाप्त हो रही है, लेकिन कश्मीरी बर्फ रहित सर्दी से डरे हुए हैं जो गर्मियों के महीनों में आपदा का कारण

बनेगी। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा, हम 26 जनवरी से अलग-अलग स्थानों पर हल्की बर्फबारी की उम्मीद कर रहे हैं। लेकिन अभी तक, जम्मू-कश्मीर के पास कोई बड़ा पश्चिमी विक्षोभ नहीं आया है। श्रीनगर में आज (शनिवार को) न्यूनतम तापमान माइनस 3.7, गुलमर्ग में माइनस 4.6 और पहलगाम में माइनस 5.5 रहा। जबकि लद्दाख क्षेत्र के लेह शहर में न्यूनतम तापमान माइनस 13, कारगिल में माइनस 10.8 और द्रास में माइनस 12.8 रहा। जम्मू शहर में रात का न्यूनतम तापमान 5.9, कटरा में 4.6, बटोत में 1.9, भद्रवाह में माइनस 0.4 और बनिहाल में माइनस 1.4 रहा।

हिंदू सेना ने दिल्ली में बाबर रोड का नाम बदला, लिख दिया अयोध्या मार्ग

दिल्ली, एजेंसी। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के मुख्य यजमान हैं। इस बीच अयोध्या से सैकड़ों किमी दूर नई दिल्ली में हिंदू सेना के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बाबर रोड का नाम बदलकर अयोध्या मार्ग कर दिया है। उन्होंने होटल ललित के बाहर लगे बोर्ड पर अयोध्या मार्ग का बैनर चिपका दिया। बैनर भगवा रंग से रंगा हुआ है।

आपको बता दें कई मौकों पर दिल्ली की इस सड़क का नाम बदलने की मांग उठती रही है। इससे पहले कई सड़कों के नाम भी बदले गए हैं। औरंगजेब रोड का नाम बदलकर डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम रोड कर दिया गया था।

बीजेपी नेता विजय गोयल ने दिल्ली में बाबर रोड का नाम बदलने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि बाबर ने भारत पर हमला किया और अयोध्या में राम मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। इसलिए भूमि पूजन से पहले सड़क का नाम बदलकर 5 अगस्त मार्ग रखा जाना चाहिए।

अयोध्या की सड़कों पर श्रद्धालुओं के लिए दौड़ेंगी 200 ई-बसें

अयोध्या, एजेंसी। रामनगरी अयोध्या की सड़कों पर श्रद्धालुओं के लिए अब 200 ई- बसें चलाई जाएंगी। प्रथम चरण में अभी तक 100 बसें संचालित हो रही थीं, लेकिन रामलला प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर भीड़ बढ़ने संभावना पर बसों का बेड़ा बढ़ा दिया गया है। शुक्रवार को 100 अतिरक्त ई- बसें रामनगरी पहुंच गई हैं। शनिवार से सड़कों पर बसों के दौड़ने की संभावना जताई जा रही है। संचालन के लिए निर्धारित पांच रूटों पर 40- 40 बसों को चलाया जाएगा। अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद से देशभर के श्रद्धालुओं का आगमन होगा। भीड़ बढ़ने पर श्रद्धालुओं को यातायात की असुविधा का सामना न करना पड़े इसके लिए सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से पूर्व में ही ई- बसों के संचालन का खाका तैयार कर लिया था। रविवार का श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रथम चरण में 100 ई- बसों को अयोध्या धाम बस स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

ये बसें अयोध्या के पांच रूटों पर चलाई जा रही हैं, लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने के मद्देनजर अब 100 अतिरिक्त ई- बसों के चलाने का निर्णय लिया गया है। बताया जा रहा है कि बसें आ गई हैं। शनिवार से पहले से चिन्हित पांच रूटों पर इन्हें भी चलाया जाएगा। बसों को आकर्षक लुक दिया गया है। बसों प्रभु श्रीराम मंदिर मॉडल की छवि, स्वच्छता के प्रति जागरूकता, भक्ति भावना का एहसास कराने के लिए जय श्रीराम, अयोध्या में स्वागत व अन्य स्लोगन लिखे हुए हैं। नगरीय बस सेवा के तहत संचालित बसों में वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें एवं ई-आटो श्रद्धालुओं, यात्रियों एवं दर्शनार्थियों के लिए सुलभ, सुरक्षित एवं लोकप्रिय पब्लिक ट्रान्सपोर्ट है। यह वायु एवं ध्वनि प्रदूषण से मुक्त है। दिव्यांग मित्र एवं महिलाओं के लिए सुरक्षित है।

लाइव प्रसारण का बस यात्री उठाएंगे आनंद- परिवहन निगम अयोध्या डिपो परिसर में नौ बाई छह इंच की एलईडी रूक्रीन लगा दी गई है। 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कायर्क्रम का यात्रियों व कर्मचारियों को लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। इसके अलावा प्रतिदिन परिवहन निगम की सूचनाएं तथा यात्रियों की सुविधा के लिए बसों की समय सारिणी प्रसारित की जाएगी। रामलला प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर अयोध्या डिपो परिसर की दीवारों पर रामायणकालीन प्रसंगों को उकेरकर पेटिंग की गई है और परिसर व बसों पर भगवा ध्वज लगाए गए हैं। बसों में रामधुन भी बज रही है और डिपो परिसर में कार्यालयों को इलेक्ट्रिक चालित रंग- बिरंगी झालरों से दुल्हन की तरी सजाया गया है। परिसर में चूना का छिड़काव व साफ- सफाई करके भव्य बनाया गया है। एआरएम आदित्य प्रकाश ने बताया कि यात्री सुविधाओं में विस्तार किया गया है।

क्या बोले अफसर

अयोध्या के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने कहा कि रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ेगी। इसलिए ई- बसों की संख्या बढ़ाई गई है। ई- बसें कानपुर, गोरखपुर व लखनऊ उपनगरीय बस सेवा की है। श्रद्धालुओं को असुविधा न हो इसके लिए अभी तमाम तैयारियां की जा रही हैं।

चिंटल सोसाइटी का जे टावर भी रहने लायक नहीं, ऑडिट रिपोर्ट ने बढ़ाई टेंशन

नई दिल्ली, एजेंसी। गुरुग्राम सेक्टर-109 की चिंटल पैराडाइसो सोसाइटी का जे टावर भी रहने लायक नहीं है। दिल्ली आईआई की ऑडिट रिपोर्ट में इसे असुरक्षित घोषित कर दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद जिला प्रशासन की कमेटी ने टावर को तत्काल प्रभाव से खाली कराने के आदेश जारी कर दिए । इस 13 मंजिला टावर के 52 फ्लैटों में परिवार रह रहे हैं। इनके लिए अब परेशानी खड़ी हो गई है।

आईआईटी दिल्ली की तरफ से जे टावर की स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपोर्ट जिला प्रशासन को पांच जनवरी को सौंप दी गई थी। इस टावर में इस्तेमाल कंक्रीट में क्लोरीन की मात्रा अधिक मिली है। इसके चलते टावर की मरम्मत और पुर्नवास करना संभव नहीं है। टावर में पिछले दिनों हुए हादसे भी यह बता रहे हैं कि इसकी हालत दिन-प्रतिदिन खराब हो रही है। इस रिपोर्ट को लेकर जिला प्रशासन की कमेटी ने फैसला किया है कि टावर को स्थायी तौर पर बंद कर दिया जाए। मौजूदा समय में रह रहे 52 परिवारों से फ्लैटों को तुरंत प्रभाव से खाली कराना चाहिए। बिल्डर मापदंडों के हिसाब से निर्माण करने में विफल रहा। आईआईटी दिल्ली की रिपोर्ट भी इसका जिक्र किया गया है। बिल्डर और निर्माण करने वाले ठेकेदार दोनों ही निर्माण की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने में पूरी तरह से विफल रहे।

कमेटी ने उपायुक्त को सौंपी ऑडिट रिपोर्ट शुक्रवार को प्रशासन द्वारा गठित कमेटी में अतिरिक्त उपायुक्त गुरुग्राम, पीडब्ल्यूडी एंड बीआर के अधीक्षण अभियंता, डीटीपी प्रवर्तन तथा संयुक्त पुलिस आयुक्त ने अपने हस्ताक्षर करके रिपोर्ट उपायुक्त और कमेटी के चेयरमैन निशांत कुमार यादव को सौंप दी है। एडीसी कार्यालय की तरफ से रिपोर्ट चिंटल सोसाइटी की आरडब्ल्यूए को भी सौंप दी है। अब छह टावर असुरक्षित हुए सोसाइटी के कुल नौ टावर में से पांच को पहले ही रहने के लिए असुरक्षित कर दिया गया था। इसमें डी, ई, एफ, जी, एच शामिल है। पहले चार टावरों ए, बी,सी, जे को सुरक्षित बताया गया था। दिल्ली आईआईटी की ऑडिट रिपोर्ट में अब जे टावर को भी असुरक्षित बताया गया है। इस तरह अब सोसाइटी के छह टावर रहने के लिए नहीं रहे। इसके चलते सरिया में जंग लगने और ढांचे के कमजोर होने की बात सामने आई है। चिंटल पैराडाइसो सोसाइटी के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राकेश हुड्डा ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जे टावर को भी असुरक्षित बता दिया गया है। हम चाहते हैं कि पुनर्मूल्यांकन किया जाए।

छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बनाने वाली कांग्रेस न करे श्री राम की भक्ति का ढोंग-डिप्टी सीएम

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर जाने को लेकर भाजपा और कांग्रेस में जुबानी जंग जारी है। कांग्रेस पार्टी के आरोपों के बाद छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव ने एक बार फिर भगवान राम और प्रदेश की कानून व्यवस्था के साथ-साथ राहुल गांधी की नया यात्रा को लेकर हमला किया है। साव ने कांग्रेस पर भगवान राम की भक्ति का ढोंग रचने का आरोप लगाया है।

छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव ने कांग्रेस पार्टी पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए कहा कि जब चुनाव आता है तो कांग्रेस पार्टी को भगवान राम याद आ जाते हैं। छत्तीसगढ़ के कांग्रेसियों को अपने दिल्ली के कांग्रेसियों से पूछना चाहिए कि आखिरकार उन्होंने अयोध्या भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण

को अस्वीकार क्यों किया है। साव ने कहा कि भगवान राम को काल्पनिक कहने वाली कांग्रेस पार्टी की आस्था अगर दिल से है तो उस पर राजनीतिकरण और दिखावा न करें।

डिप्टी सीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आज जो कानून व्यवस्था का हाल है वह कांग्रेस के कुकर्मों का नतीजा है। कांग्रेस पार्टी की सरकार ने छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बना दिया है। अब प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन गई है। हमारी सरकार कानून व्यवस्था को मजबूत करने तेजी से कम कर रही है। बहुत जल्द प्रदेश से अपराधियों का सफाया हो जाएगा। राहुल गांधी के द्वारा निकाली जाने वाली न्याय यात्रा को लेकर साव ने कहा कि आज 75 सालों में भारत देश के साथ अन्याय करने का काम किया है। देश के साथ अन्याय करने वाली कांग्रेस पार्टी आज न्याय यात्रा निकाल कर दिखावा कर रही है। साव ने कहा कि भारत देश की जनता ने तय कर लिया है कि साल 2024 के लोकसभा के चुनाव में एक बार फिर नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इसके साथ ही साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने भी तय कर लिया है।

जोधपुर में कुत्ते के डर से भागे भाई-बहन, ट्रेन से कटे, स्कूल से लौट रहे थे

जोधपुर, एजेंसी। राजस्थान के जोधपुर में कुत्तों से बचने के लिए भागे रिश्तेदार भाई-बहन मालगाड़ी की चपेट में आ गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा जोधपुर के माता का थान इलाके में शुक्रवार दोपहर हुआ। हादसे की जानकारी पर एसीपी मंडोर पीयूष कविया मौके पर पहुंचा।जोधपुर के बनाड़ कैंट रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पर शुक्रवार दोपहर हृदय विदारक घटना घटीत हुई। यहां स्कूल से घर लौटते बच्चों के पीछे आवारा कुत्ते पड़ गए। जिनके डर से भागते-भागते बच्चे रेलवे ट्रेक पर पहुंच गए। इसी दौरान ट्रेक पर आई ट्रेन ने दो बच्चों को चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। आंखों से सामने घटित इस घटना से अन्य बच्चे सहम गए। वहीं सूचना पर डीसीपी अमृता दुहन भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली।

दोनों बच्चे आर्मी पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत थे- पुलिस के अनुसार मृतक बच्चों की शिनाख्त युवराज व अनन्या कंवर के रूप में हुई है। दोनों बच्चे आर्मी पब्लिक स्कूल में

अध्ययनरत थे। युवराज सातवीं और अनन्या पांचवी कक्षा की छात्रा थी। पुलिस ने बताया कि स्कूल की छुट्टी होने पर दोनों अन्य बच्चों के साथ घर लौट रहे थे। रास्ते में आवारा कुत्ते भौंकते हुए पीछे पड़ गए। जिससे बच्चे डर कर इधर-उधर भागने लगे। इसी दौरान दो बच्चे ट्रेक पर पहुंच गए। तभी वहां से गुजर रही ट्रेन के चपेट में आने से बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई।

माइनस 20 डिग्री सेल्सियस में विरोध प्रदर्शन

रूसी लोगों ने पुलिस पर स्नोबॉल फेंके, 7 प्रदर्शनकारी गिरफ्तार; मानवाधिकार कार्यकर्ता को सजा दिए जाने से नाराज

मास्को, एजेंसी रूसी क्षेत्र बश्कोर्तोस्तान में तीन दिनों से विरोध प्रदर्शन हो रहा है। वहां की एक कोर्ट ने 17 जनवरी को ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट अल्सिनोव को जेल की सजा सुनाई। इनके बाद उनके समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। शुक्रवार को पुलिस ने 7 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया।

बीबीसी ने लोकल मीडिया के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा कि कोर्ट के बाहर हजारों लोगों ने माइनस 20 डिग्री सेलसियस तापमान में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर स्नोबॉल भी फेंके। पुलिस ने इन्हें रोकने के लिए टीयर गैस का इस्तेमाल किया।

एक्टिविस्ट ने पुतिन का विरोध भी किया था- रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक एक्टिविस्ट अल्सिनोव ने पिछले साल रूस-यूक्रेन जंग के लिए बश्कोर्तोस्तान के लोगों की सेना में भर्ती का विरोध

किया था। उन्होंने कहा था- यह हमारी जंग नहीं है। इसे पुतिन के विरोध के तौर पर देखा गया था।

यह पहली बार नहीं है जब रूस में विरोध करने पर किसी को सजा सुनाई गई हो। इसके पहले जनवरी 2023 में रूस ने एक 19 साल की लड़की को आतंकी घोषित कर उसका नाम आतंकवादियों की लिस्ट में शामिल कर दिया था। उसे घर में नजरबंद भी कर दिया था। ओलेसा क्रिवत्सोवा ने अक्टूबर 2022 में यूक्रेन जंग को लेकर रूस का विरोध किया था।

रूस में विरोध प्रदर्शन आम बात नहीं है। इसकी वजह वहां का सख्त कानून है। विरोध करने वाले लोगों को फौरन गिरफ्तार कर लिया जाता है। 2022 में छिड़ी रूस-यूक्रेन जंग के बाद से कानून और भी ज्यादा सख्त हो गया है। तीन दिन से जारी विरोध प्रदर्शन को बेहद संवेदनशील कहा जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि मार्च में रूस में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। राष्ट्रपति पुतिन छह साल के नए कार्यकाल के लिए खड़े हैं।

40 परिवारों को देश छोड़ना पड़ा था- 2022 में यूक्रेन पर हमले के विरोध में अपनी ही सरकार के खिलाफ खड़े होने वाले 40 रूसी परिवारों को देश छोड़ना पड़ा था। इनमें से एक थीं मॉस्को की मैथ टीचर इरिना जोलकिना। उन्होंने युद्ध विरोधी प्रदर्शन में भाग लिया था। नतीजा ये हुआ कि उसे गिरफ्तार कर लिया गया। कुछ घंटे बाद उसे छोड़ा गया, लेकिन इतना डरा दिया गया कि उसने अपने चार बच्चों और बेटी के बॉयफ्रेंड के साथ रूस ही छोड़ दिया।

निक्की हेली ने बाइडेन और ट्रम्प को लोकतंत्र के लिए दोहरा खतरा बताया

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में राष्ट्रपति की दौड़ में शामिल निक्की हेली ने कहा है कि अमेरिका नस्लवादी नहीं है। मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनके पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रम्प दोनों लोकतंत्र के लिए दोहरा खतरा हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, न्यू हैम्पशायर के हेनिकर में न्यू इंग्लैंड कॉलेज में उन्होंने कहा, मैं मजबूत बनना चाहती हूँ। हमें नहीं पता कि जब आंकड़े आएंगे तब ये कैसा दिखेगा। हेली का लक्ष्य आयोवा से बेहतर प्रदर्शन करना है - जहां वह सोमवार को राज्य के कॉकस में ट्रम्प से 32 अंक पीछे और फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस से 2 अंक पीछे तीसरे स्थान पर रहीं। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि वह न्यू हैम्पशायर में ट्रम्प के बहुत करीब हैं। उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में फॉक्स को दिए एक साक्षात्कार में कहा, अमेरिका कभी भी नस्लवादी देश नहीं रहा है। उनसे पूछा गया कि क्या वह मानती हैं कि रिपब्लिकन पार्टी नस्लवादी है। उन्होंने कहा कि वह दक्षिण कैरोलाइना के एक ग्रामीण काउंटी में पली-बढ़ी जहां नस्लवादी प्रवृत्तियों का अनुभव किया है। लेकिन उनके माता-पिता ने उनमें यह विश्वास पैदा किया कि अमेरिका एक नस्लवादी देश नहीं है। अगर मेरे माता-पिता ने ऐसा नहीं किया होता, तो हर काले या भूरे बच्चे को अमेरिका में मौका नहीं मिलता। हेली ने कहा कि वो यहाँ तक नहीं पहुँचती अगर अमेरिका की स्थापना समानता के सिद्धांत पर नहीं की गई होती, जिसका मतलब है कि सभी लोगों को समान बनाया गया है। हेली ने कहा, हमारे यहां काफी नस्लवाद था जिससे हमें निपटना पड़ा, लेकिन मेरे माता-पिता ने कभी नहीं कहा कि हम नस्लवादी देश में रहते हैं और मैं बहुत आभारी हूं कि उन्होंने ऐसा नहीं किया। हेली देश की पहली महिला अल्पसंख्यक गवर्नर बनी और बाद में संयुक्त राष्ट्र में ट्रम्प की अमेरिकी राजदूत बनी।

जापान ने चंद्रमा पर उतारा अपना स्पेसक्राफ्ट, इतिहास रचने वाला दुनिया का पांचवां देश बना

टोक्यो, एजेंसी। जापान के स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग मून मिशन स्नाइपर ने सफलतापूर्वक चांद की सतह पर लैंडिंग कर ली है। हालांकि अभी तक पता नहीं चल पाया है कि जापान ने सॉफ्ट लैंडिंग या हार्ड लैंडिंग की है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक इस कार्यक्रम की लाइवस्ट्रीम को भी बंद कर दिया गया है।

जापान की स्पेस एजेंसी जाक्सा की ओर से बताया गया है कि अब प्रेस कांफ्रेंस में अधिक जानकारी दी जाएगी। अगर जापान चांद की जमीन पर सॉफ्ट लैंडिंग करता है तो ऐसा करने वाला वह पांचवां देश बन जाएगा। इससे पहले भारत, रूस, अमेरिका और चीन यह सफलता हासिल कर चुके हैं।

जापानी अंतरिक्ष एजेंसी जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के एक अधिकारी का कहना है कि अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर उतरा है और पृथ्वी के साथ संचार किया है। लेकिन, अपने सौर पैनलों के माध्यम से बिजली पैदा नहीं कर रहा है। मीडिया को संबोधित करते हुए, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी

अध्यक्ष हितोशी कुनिनका ने कहा कि सटीक रूप से आदेश मिल रहे हैं और वह जवाब दे रहा है। हालांकि वह सौर सेल बिजली पैदा नहीं कर रहा है। इसलिए कम बैटरी मोड पर काम कर रहा है।

जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी ने नीचे उतरने के लिए इंजन चालू करने के बाद 20 मिनट में लैंडिंग का प्रयास पूरा कर लिया। हालांकि स्पेस एजेंसी अभी स्नाइपर से सिग्नल मिलने का भी इंतजार कर रही है। इसलिए अब तक साइंटिस्ट्स जश्न नहीं मना रहे हैं।

जापान की एजेंसी ने कहा कि वे अभी भी लैंडर की स्थिति की जांच कर रहे हैं और एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आगे की जानकारी देंगे। जापानी स्पेस एजेंसी जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी ने बताया कि लैंडिंग के लिए उसने 600गुणा4000 किमी का इलाका खोजा है। स्लिम ने इसी इलाके में लैंडिंग की है। ये जगह चांद के ध्रुवीय इलाके में है।

जापान का स्लिम मिशन 7 सितंबर को लांच हुआ था। मौसम की खराबी के कारण लांच से पहले तीन बार इसे टालना पड़ा था। आपको बता दें कि स्नापर का टार्गेट अपने टार्गेट स्पॉट के 100 मीटर के दायरे में लैंड करना था। स्नापर 25 दिसंबर को चांद की ऑर्बिट में पहुंचा था। तब से ये चांद की सतह की तरफ बढ़ रहा था।

अगर ये मिशन सफल होता है तो जापान के अंतरिक्ष कार्यक्रम को बहुत बढ़ावा देगा, जिसने हाल के वर्षों में मार्च 2023 में अपने एच 3 फ्लैगशिप रॉकेट की लॉन्च विफलता सहित कई असफलताओं का अनुभव किया है। आपको बता दें कि जापान का ये मून मिशन्स में लैंडिंग के लिहाज से सबसे एडवांस्ड टेक्नोलॉजी से लैस है। मून स्नाइपर अपने साथ एक नया एक्स-रे टेलीस्कोप और एक लाइट वेट हाई-प्रिशिसन स्पेक्ट्रोस्कोपी मून लैंडर ले गया है। यह आने वाले समय में चंद्रमा पर लैंडिंग तकनीक बेस के रूप में काम करेगा।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129